CMYK

news@group5.in group5news group5news

www.group5news.com

सदैव आपके साथ...

हिन्दी दैनिक

www.group5news.com/epaper

# ग्रुप-5 समाचार

लखनऊ || बुधवार || 9 अप्रैल , 2025

वर्षः 17 || अंक : 110 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें
» 08 हैरी ब्रूक बने इंग्लैंड के नए सफेद-बॉल कप्तान
» 07 बाजार में बड़ी गिरावट के हर बार चमका है सोना
» 11 कुकिंग करने चलीं आलिया ने जला...

# अंतरिक्ष में जंग, भारत-चीन से दो-दो हाथ करने को तैयार

● भारत जल्द ही लेकर आने वाला है मिलिट्री स्पेस डॉक्ट्रिन ● अंतरिक्ष युद्ध के लिए भारत की नई नीति पर काम है जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत, चीन से दो दो हाथ करने के लिए तैयार है। भारत जल्द ही एक मिलिट्री स्पेस डॉक्ट्रिन लेकर आने वाला है। मिलिट्री स्पेस डॉक्ट्रिन एक आधिकारिक रणनीतिक रूपरेखा है जो यह बताती है कि कोई देश रक्षा और सैन्य अभियानों के लिए अंतरिक्ष का उपयोग कैसे करने की योजना बनाता है। यह सशस्त्र बलों, अंतरिक्ष एजेंसियों और रक्षा उद्योग के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करता है। बहरहाल, मिलिट्री स्पेस डॉक्ट्रिन भविष्य के युद्धों में अहम भूमिका निभाने वाला है। यह बात चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि चीन बहुत तेजी से अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है



और सैटेलाइट्स को निष्क्रिय या नष्ट करने की क्षमता भी रखता है। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि डिफेंस स्पेस एजेंसी, जो कि मुख्यालय इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ का हिस्सा है, संभवतः अगले दो से तीन महीनों में यह डॉक्ट्रिन जारी करेगी। उन्होंने कहा कि भारत को पृथ्वी की कक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, सैन्य क्षमताएं बढ़ानी चाहिए और इन परिसंपत्तियों को खतरों से सुरक्षित करना चाहिए। जनरल चौहान ने कहा, हम एक राष्ट्रीय सैन्य अंतरिक्ष नीति पर भी काम कर रहे हैं। जनरल अनिल चौहान यह बात इंडियन डिफस्पेस सिम्पोजियम 2025 के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के दौरान कह रहे थे। भारत की अंतरिक्ष-आधारित संपत्तियों की रक्षा करना जरूरी है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र बना युद्ध का नया मैदान

जनरल चौहान ने कहा कि और आज हम एक ऐसे युग के मुहाने पर हैं, जहां अंतरिक्ष क्षेत्र युद्ध के एक नए मैदान के रूप में उभर रहा है, और यह युद्ध पर हावी होने जा रहा है। युद्ध के सभी तीन प्राथमिक तत्व (भूमि, समुद्र, वायु) अंतरिक्ष पर निर्भर होंगे। इसलिए, जब हम कहते हैं कि अंतरिक्ष का इन तीन तत्वों पर प्रभाव पड़ने वाला है, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम अंतरिक्ष को समझें। यह भविष्य में युद्ध की बुनियादी संरचना का निर्माण करने जा रहा है। जनरल अनिल चौहान ने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित करने की अपील की। उन्होंने कहा, इसरो और निजी उद्योग के साथ साझेदारी में इसरो के लिए सैटेलाइट्स लॉन्च करने जैसी पहलें चल रही हैं।

## 500 एकड़ जमीन में बनेगी नई तिहाड़ जेल!

### तिहाड़ जेल में कैदियों की संख्या क्षमता से 2.5 गुना ज्यादा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिहाड़ जेल। दिल्ली की एक ऐसी जगह, जहां उम्मीद और निराशा दोनों साथ-साथ चलते हैं। यहां अपराधियों को सुधारने की कोशिश भी होती है और उन्हें उनके कर्मों की सजा भी मिलती है। यह एक ऐसी दुनिया है जहां आजादी और कैद के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। इस जेल में 5 हजार कैदियों की जगह है, लेकिन यहां 13 हजार कैदी रहते हैं। यह एक तरह से भारत




की न्याय प्रणाली की जटिलताओं को दर्शाता है। तिहाड़ जेल में जीवन बहुत मुश्किल है। यहां रहने की जगह कम है, सुरक्षा की चिंता बनी रहती है और जीवन की स्थितियां अच्छी नहीं हैं। इसी वजह से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 25 मार्च को अपने बजट भाषण में इस जेल को शहर के बाहर किसी नई जगह पर ले जाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने इसके लिए सर्वे और सलाह के लिए 10 करोड़ रुपये भी दिए। 1958 से पहले, दिल्ली गेट इलाके में एक छोटी सी जेल थी। 1958 में इसे तिहाड़ गांव में ले जाया गया। तब इसमें सिर्फ एक जेल थी, जिसमें 1,273 कैदियों को रखा जा सकता था।

# आप संविधान से चलें पार्टियों की मर्जी से नहीं

● तमिलनाडु के 10 बिल रोकने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

राज्यपाल के फैसले को बताया अवैध, लगाई फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध बताया है। कोर्ट ने कहा कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और राह दिखाने वाले की तरह होना चाहिए। आप संविधान की शपथ लेते हैं। आपको किसी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। आपको उत्प्रेरक बनना चाहिए, अवरोधक नहीं। राज्यपाल को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई बाधा पैदा न हो। सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को



रोककर रखा है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो में काम कर चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि राज्यपाल द्वारा इन 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध और मनमाना है। यह कार्रवाई रद्द की जाती है। राज्यपाल की सभी कार्रवाई अमान्य है।

कांग्रेस का 84वां अधिवेशन

# अहमदाबाद में हुई मीटिंग

● राहुल और सोनिया गांधी पहुंचे, लेकिन प्रियंका मौजूद नहीं

● जयराम रमेश बोले- गांधीवादी संस्थाओं पर हो रहे हमले




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन हो रहा है। यह दो दिन (8 और 9 अप्रैल) चलेगा। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। मीटिंग के बाद कार्यसमिति के सभी सदस्यों को पटेल अ लाइफ नाम की पुस्तक दी गई। इसके बाद सरदार स्मारक के बाहर नेताओं का फोटो सत्र आयोजित किया गया। गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि आज अधिवेशन में 158 सदस्य मौजूद थे। आज सरदार पटेल पर विशेष चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ। गुजरात में अधिवेशन होना ही विशेष है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बैठक हो रही है। पटेल और जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इन दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं होने का दावा करने वाले झूठ बोल रहे हैं। मीटिंग में सरदार वल्लभभाई पटेल को लेकर एक विशेष प्रस्ताव पास किया गया है। कल दो दो मुद्दों पर चर्चा होगी। हमारे प्रस्ताव से मालूम होगा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के बीच कैसे रिश्ते थे। इन्होंने गांधीजी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी और बाद में भारत की नींव रखी। आज किसानों की बातें नहीं सुनी जा रही हैं। ये सरदार पटेल की अवमानना है। उन्होंने यह भी कहा कि आज गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि आज हमने इस ऐतिहासिक जगह पर सीडब्ल्यूसी की मीटिंग की है।

## अब संभल की शाही जामा मस्जिद का बदलेगा नाम!

### एएसआई ने 'जुमा मस्जिद' के नाम से भेजा है साइन बोर्ड

**संभल (एजेंसी)।** संभल की शाही जामा मस्जिद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा भेजा गया एक नया साइन बोर्ड है जिसमें मस्जिद का नाम 'जुमा मस्जिद' लिखा गया है। उम्मीद है कि सत्यव्रत पुलिस चौकी में रखा नीले रंग का एएसआई का यह बोर्ड जल्द ही पुराने बोर्ड की जगह लगाया जाएगा।

पुराने बोर्ड पर 'शाही जामा मस्जिद' लिखा हुआ है। एएसआई के वकील विष्णु शर्मा ने बताया कि मस्जिद के बाहर पहले एएसआई का एक बोर्ड लगा था, लेकिन कुछ व्यक्तियों ने कथित तौर पर इसे हटाकर शाही जामा मस्जिद लिखा बोर्ड लगा दिया। नया बोर्ड एएसआई के दस्तावेजों में



दर्ज नाम जुमा मस्जिद के अनुसार बनाया गया है। शर्मा ने कहा कि मस्जिद परिसर के अंदर पहले से ही इसी नाम का एक नीला बोर्ड लगा हुआ है। एएसआई ने अभी तक इस बारे में कोई समयसीमा नहीं बताई कि बोर्ड कब तक लगाया जाएगा। विष्णु शर्मा के अनुसार, एएसआई अपने दस्तावेजों के अनुसार ही काम कर रहा है। उनका कहना है कि मस्जिद का नाम 'जुमा मस्जिद' ही एएसआई के रिकॉर्ड में दर्ज है। इसलिए नया बोर्ड उसी नाम से जारी किया गया है। मस्जिद का नाम बदलने से कुछ लोगों में नाराजगी हो सकती है, लेकिन यह बदलाव सिर्फ दस्तावेजों पर हुआ है।

## 25 हजार जैन एक साथ करेंगे नवकार मंत्र का जाप

### 9 अप्रैल को दिल्ली-अहमदाबाद में होगा यह आयोजन

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन अहमदाबाद और जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन अहमदाबाद के ग्राउंड में किया जा रहा है। यह आयोजन जैन समुदाय की ओर से विश्व शांति और अहिंसा के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से हो रहा है। नवकार महामंत्र का मूल संदेश सभी जीवों के प्रति स्नेह और आदर है, जो अनेक धर्मों के मूल सिद्धांतों से मेल खाता है। यह मंत्र अहिंसा का



एक प्रबल संदेश देता है, जिसे न केवल जैन धर्म बल्कि हिंदू, बौद्ध और कई अन्य धर्म भी मानते हैं। इस मंत्र के जाप से आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक विकास के माध्यम से विश्व का कल्याण संभव है। ऐतिहासिक रिकॉर्ड की तैयारी इस आयोजन में 9 अप्रैल को सुबह 8.01 बजे से ग्राउंड, अहमदाबाद (हेल्मेट सर्कल के पास) पर एक साथ 25 हजार से अधिक लोग नवकार मंत्र का सामूहिक जाप करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एपेक्स के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और पूरे भारत को वर्चुअली संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, टोरेंट ग्रुप के सुधीर मेहता इस आयोजन में शामिल होंगे।

● ममता सरकार को पहले झटका फिर 'सुप्रीम' राहत

# शिक्षक भर्ती : सीबीआई जांच पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट से ममता बनर्जी सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी जिसमें हाईकोर्ट ने साल 2022 में कर्मचारी चयन आयोग के तहत हुई भर्ती में अतिरिक्त पदों के सृजन को लेकर सीबीआई जांच चल रही थी। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि ये अतिरिक्त पद बंगाल सरकार की कैबिनेट ने मंजूर किया था और



फिर राज्यपाल की मंजूरी भी ली थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कोर्ट का ये काम नहीं है कि वो कैबिनेट के फैसलों की जांच करे। हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त पदों के सृजन को अवैध करार देते हुए सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट किया है कि ये आदेश शिक्षक भर्ती के लिए पुराना फैसला बरकरार रहने वाला है। साल 2016 में 25000 शिक्षकों और की नियुक्ति मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया था। जिसको लेकर ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सर्वोच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में अब राहुल गांधी की एंट्री

● मामले में हस्तक्षेप के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में टीचर भर्ती घोटाला मामले में राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखी है। राहुल गांधी ने इस मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की है। राहुल गांधी का कहना है कि निष्पक्ष तरीके से चुने गए उम्मीदवारों को जारी रखने की अनुमति मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। राहुल ने अपने पोस्ट में लिखा, मैंने भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में हजारों योग्य स्कूल शिक्षकों के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के बाद अपनी नौकरी खो दी है। उन्होंने आगे कहा, मैंने उनसे अनुरोध किया है कि वे सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करें कि निष्पक्ष तरीके से चुने गए उम्मीदवारों को जारी रखने की अनुमति दी जाए।

जेके दौरे का तीसरा दिन

# शाह ने राजभवन में की सीएम-एलजी के साथ बैठक

● बड़े अधिकारी भी रहे शामिल, सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा

● घाटी में अलगाववादी हुर्रियत से तीन संगठन हुए अलग

**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनों के जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। मंगलवार को दौरे के तीसरे और आखिरी दिन शाह ने श्रीनगर स्थित राजभवन में उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें अधिकारियों ने उन्हें प्रदेश में चल रही विकास कार्यों की बारे में जानकारी दी। साथ ही कानून-व्यवस्था और सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। बैठक में सीएम उमर अब्दुल्ला, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। इधर, शाह के दौरे के बीच जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े तीन संगठनों ने सोमवार को खुद को अलग कर लिया है। इन संगठनों में जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू एंड कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग, और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट शामिल हैं। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- यह कश्मीर घाटी में भारत के संविधान पर जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। अब तक 11 संगठन हुर्रियत से नाता तोड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के दृष्टिकोण



को आज और अधिक बल मिला है। सोमवार को दौरे के दूसरे दिन शाह कठुआ में बीएसएफ की चौकी गए। जहां उन्होंने मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था और हालात का जायजा लिया। फिर शहीदों के परिवारों से



राजभवन में मिले और अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी बांटे। इससे पहले 6 अप्रैल (रविवार) को पहले दिन शाह ने बीजेपी विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। इस दौरान गृह मंत्री ने कहा- जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा हमारी नीति का हिस्सा है और इसे उचित समय पर बहाल किया जाएगा। बता दें कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद अमित शाह का यह पहला दौरा है। शाह बोले- कुछ ही सालों में जवान टेक्नोलॉजी से लैस हो जाएंगे अमित शाह ने सोमवार को सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ बातचीत में कहा-कुछ ही सालों में पूरी भारत-पाक सीमा पर जवान तकनीक से लैस होंगे। इससे पहले रविवार को अपने दौरे के पहले दिन शाह ने बीजेपी विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकवाद और घुसपैठ को लेकर सख्त रणनीति बन रही है।

CMYK

# सरकार ने पीआरडी स्वयंसेवकों का बढ़ाया ड्यूटी भत्ता



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) कर्मियों के दैनिक ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी जिसके बाद यह 395 रुपए से बढ़कर 500 रुपए हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। इस वृद्धि का लाभ प्रदेश के 35 हजार पीआरडी स्वयंसेवकों को मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संवाददाताओं को बताया कि पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। एक बयान के मुताबिक, मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें से 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी बैठक में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) का ड्यूटी भत्ता बढ़ाने के निर्णय को भी मंजूरी मिली। उन्होंने बताया कि मंत्री परिषद ने पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ते को 395 रुपए से बढ़ा कर 500 रुपए किए जाने पर अपनी सहमति दी है। ड्यूटी भत्ते में यह वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जाएगी। खन्ना ने बताया कि इस वृद्धि से प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपए का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34,092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। प्रस्ताव के क्रियान्वयन के बाद पीआरडी स्वयंसेवकों की 30 दिन की उपस्थिति के आधार पर ड्यूटी भत्ते में 3150 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी हो जाएगी। खन्ना ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत 15 प्रस्तावों में से 13 को मंजूरी मिल गई, जबकि दो को स्थगित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्त विभाग का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सहकारी समितियां और पंचायत लेखा परीक्षा सेवा नियमावली 2025 पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक जो प्रमोशन के पद थे वह ज्यादा थे और नीचे के पद कम थे। अब इस पिरामिड को ठीक किया गया है। इसके अंतर्गत अब नीचे वाले पद ज्यादा किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत नीचे के पद ज्यादा होंगे और ऊपर धीरे-धीरे कम होते चले जाएंगे।

## युवक ने बांके से दो लोगों पर किया जानलेवा हमला, एक की हालत नाजुक, दूसरा घायल

**लखनऊ, (मलिहाबाद), (ग्रुप 5 सं)।** मलीहाबाद में देर रात अज्ञात कारण के चलते युवक ने दो लोगो पर बांके से हमला कर दिया जिससे एक युवक गंभीर घायल हो गया जिसे डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया है जबकि दूसरे का उपचार सीएचसी पर चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत कस्बे में मोहनदनटोला निवासी निवासी सलमान ने देर रात किसी बात को लेकर बांके से प्रियांशु 17 के गले पर वार कर दिया जिससे उसकी गर्दन कट गई और मरणासन्न हो गया। चीख पुकार सुनकर बचाने आए आनंद के सिर पर सलमान ने बाँके से हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए। मौके पहुंची पुलिस ने दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहाँ प्रियांशु की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा भेज दिया गया है। वही प्रियांशु के मामा राजू के अनुसार भांजा रात्रि 11 बजे घर के बाहर टहल रहा था तभी सलमान हाथ में बांका लेकर गली गलोच करने लगा विरोध करने पर सलमान से गर्दन पर वार कर दिया। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर मलिहाबाद बैजनाथ सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई पुलिस जाँच पड़ताल कर आगे की कारवाई कर रही है।

प्रदेश में अब दोपहिया और चार पहिया वाहन खरीदना होगा महंगा

# सरकार ने बढ़ाया एक फीसद टैक्स, 412 करोड़ का होगा फायदा

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट ने मंगलवार को कई अहम प्रस्ताव पास किए। उनमें एक बड़ा अहम प्रस्ताव परिवहन विभाग से संबंधित है। कैबिनेट की मुहर के बाद उत्तर प्रदेश में गाड़ी खरीदना महंगा हो जाएगा। दो पहिया और चार पहिया वाहनों पर एक फीसद टैक्स बढ़ा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक 10 लाख से कम कीमत की नॉन एसी गाड़ी पर अभी तक 7 प्रतिशत टैक्स लगता था जो बढ़कर अब प्रतिशत हो जाएगा। 10 लाख से कम कीमत वाली वातानुकूलित गाड़ी पर अब तक आठ प्रतिशत टैक्स लगता था जो बढ़कर 9 प्रतिशत हो जाएगा। 10 लाख से ज्यादा कीमत वाली कार पर अब 10 के बजाय 11 फीसद टैक्स लगेगा। इससे अब चार पहिया वाहन के शौकीनों को अपनी जेब और ढीली करनी पड़ेगी। परिवहन विभाग इससे मालामाल होगा।

### दो पहिया खरीदने वालों पर भी टैक्स की मार

सिर्फ चार पहिया ही नहीं दो पहिया वाहनों पर भी सरकार ने टैक्स बढ़ा दिया है। हालांकि 40000 से कम कीमत वाले दो पहिया वाहन पर टैक्स में परिवर्तन नहीं किया गया है। यह पहले की तरह ही सात प्रतिशत वसूल किया जाएगा। 40000 से ज्यादा कीमत वाले वाहन को अब आठ फीसद के बजाय नौ प्रतिशत टैक्स जमा करना होगा। इलेक्ट्रिक वाहनों के टैक्स फ्री होने से सरकार को तकरीबन 1000 करोड रुपए तक का नुकसान हो रहा था, लेकिन अब एक फीसद टैक्स बढ़ा देने से विभाग को 412 करोड रुपए टैक्स के रूप में वसूल हो जाएंगे।

### टैक्सी वाहनों पर कम हुआ टैक्स

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने टैक्सी (चार पहिया वाहनों) पर टैक्स में कमी कर दी है। बड़े मालवाहक वाहनों का टैक्स बढ़ा दिया गया है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को सहूलियत देते हुए हर तीन माह में टैक्स जमा करने की जगह वन टाइम टैक्स की व्यवस्था लागू की गई है। राजस्व उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 के पुराने नोटिफिकेशन को खत्म कर दिया है। नए नोटिफिकेशन जारी करने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है।

## प्लॉट दिलाने के नाम पर आवास विकास कर्मी बनकर 2.55 लाख ऐंठे

» अन्य कई मामले में जेल जा चुका है आरोपी

» डीसीपी पूर्वी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** राजधानी में एक नाई के साथ प्लॉट दिलाने के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। आशियाना पावर हाउस के रहने वाले अरुण कुमार के साथ राजेंद्र प्रसाद और उसकी पत्नी रुक्मणि राय ने मिलकर ढाई लाख से ज्यादा ठगा है। राजेंद्र प्रसाद ने खुद को आवास विकास का कर्मचारी बताया। पीड़ित को वृंदावन सेक्टर-6 में प्लॉट दिलाने का झांसा दिया।जुलाई 2023 में राजेंद्र ने अरुण को प्लॉट नंबर 6ए दिखाया। 800 वर्ग फीट का यह प्लॉट 13 लाख रुपए में तय हुआ। बीते 4 जुलाई को पीड़ित ने 55 हजार रुपए नकद दिए। इसकी एक रसीद भी दी। 7 जुलाई को अरुण ने राजेंद्र के खाते में 2 लाख रुपए और जमा किए। इसके बाद जब रजिस्ट्री की बात हुई तो आरोपी टालमटोल करने लगा। एक महीने बाद पता चला कि राजेंद्र धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में जेल जा चुका है। जांच में प्लॉट की रसीद फर्जी निकली। पैसे मांगने पर राजेंद्र और उसकी पत्नी ने अरुण को जान से मारने की धमकी दी। रुक्मणि ने फर्जी मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर डीसीपी पूर्वी के आदेश से आरोपी दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और फर्जी दस्तावेज का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर में चार जख्मी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** न्यू जेल रोड पर मऊ पुल के पास दो बाइको में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे दोनो बाइक सवार चार लोग जख्मी हो गए। बाइक सवार दंपति की हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। रायभान खेड़ा में रहने वाले जागेश्वर अपनी पत्नी राम प्यारी के साथ बाइक से सब्जी खरीदने जा रहे थे। जब मऊ पुल के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे कल्ली निवासी बाइक सवार संजय व पृथ्वीपाल से टकरा गए। जिससे दोनों बाइक सवार चारों लोग जख्मी हो गए। जिन्हे एम्बुलेंस से सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर जागेश्वर व उनकी पत्नी को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस महानिदेशक को स्कॉच अवार्ड का सर्टिफिकेट भेंट किया



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** अपर पुलिस महानिदेशक नवीन अरोड़ा ने पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को स्कॉच अवार्ड का सर्टिफिकेट भेंट किया। पुलिस महानिदेशक, प्रशांत कुमार को मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें नवीन अरोड़ा ने प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड का सर्टिफिकेट भेंट किया गया। विदित हो कि 'इन्वेस्टिगेशन प्रॉसिक्यूशन एण्ड कन्विक्शन पोर्टल' को 'पुलिस एण्ड सेफ्टी' श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस की तकनीकी सेवाएँ इकाई द्वारा इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसिक्यूशन एंड कन्विक्शन पोर्टल माफिया, पोक्सो, बलात्कार एवं अन्य गंभीर और संवेदनशील अपराधों की पहचान कर मामलों की समयबद्ध विवेचना और चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया की लगातार निगरानी करता है। साथ ही, यह मुकदमों के कोर्ट में ट्रायल की प्रभावी मॉनिटरिंग के ज़रिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करता है। ऐसी जानकारी दी गई। बताया गया है कि पोर्टल के माध्यम से अब तक लगभग 85,000 दोषसिद्धियाँ प्राप्त की जा चुकी हैं और पांच वर्ष से अधिक पुराने 40,000 से अधिक लंबित मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। इस पहल ने जनता के बीच कानून व्यवस्था में विश्वास और भरोसे को मजबूत किया है। इस पोर्टल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सदस्यो तरु माथुर एवं अंकित प्रताप यादव को भी विशेष रूप से सराहा गया। राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान उत्तर प्रदेश पुलिस की नवाचार-युक्त पुलिसिंग, व्यावसायिक दक्षता और निष्पक्ष न्याय के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

## अभियान में 16 ई-रिक्शा बंद, 78 का हुआ चालान

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश भर में ई रिक्शा व ई ऑटो के खिलाफ 1अप्रैल से चलाए जा रहे अभियान के आठवें दिन मंगलवार को लखनऊ में प्रवर्तन टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 78 ई रिक्शा व ई ऑटो के चालान व 16 को बंद किया हैं। अभियान की जानकारी देते हुए आरटीओ प्रवर्तन संदीप पंकज ने बताया कि टीम ने राजधानी के आशियाना, बंगलाबाजार, मड़ियांव, कमाता, दुबग्गा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से आठ अप्रैल तक 115 वाहनों को बंद और 558 वाहनों का चालान किया गया हैं। जबकि 3.50 लाख रुपए राजस्व के रूप में वसूले गए हैं। आरटीओ ने बताया कि अभियान में पीटीओ, अनीता वर्मा, पीटीओ, एसपी देव, पीटीओ, मनोज भारद्वाज, पीटीओ, आभा त्रिपाठी मौजूद रही। ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

# आम के स्वादिष्ट फलों के लिए मशहूर मलिहाबाद में अब दावत के लिए लीची भी हो रही तैयार

» कम समय, कम लागत में लीची से हो रही आमदनी

» मलिहाबादी लीची मुजफ्फरपुर और मसूरी से भी ज्यादा स्वादिष्ट

मो0 मारूफ



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** आम के साथ ही अब मलिहाबाद के बागवान (किसान) लीची की खेती में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। आम के साथ लीची के पेड़ों में भी बौर आ गए हैं लीची के बौर में फल लगने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। लीची के पेड़ों में आम के साथ ही बौर आता है लेकिन, लीची की फसल आम की फसल से पहले तैयार हो जाती है। लीची की बागवानी कर रहे बागवान कम लागत में अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं, बाजार में लीची मांग भी खूब होती है, जिससे व्यापारी बागों से तुरंत माल खरीद लेते हैं।

### लोगों को खूब भा रहा है मलिहाबादी लीची



मलिहाबाद की लीची स्वाद और रंग के मामले में मुजफ्फरपुर की लीची को भी पीछे छोड़ रही है। हालांकि मलिहाबाद और काकोरी में लीची के बहुत ज्यादा बागान नही हैं लेकिन जो हैं, उनमें बौर आ चुके हैं यहां की लीची अपनी विशेषताओं के कारण अपनी अलग पहचान बना रही है।

### कम लागत में हो जाती है तैयार



सुरेश



महेश

बागवान सुरेश और महेश कुमार बताते है कि वह आम के साथ-साथ लीची की भी बागवानी करते चले आ रहे हैं। लीची की बागवानी आम के बागों से कम लागत में तैयार हो जाती है। आम की फसल तैयार होने से करीब एक महीने पहले ही लीची का फल तैयार हो जाता है। बात करें आम की, तो उसको बेचने के लिए आपको मंडियो में ले जाना पड़ता है मगर लीची के तैयार होने पर व्यापारी लीची को बागों से ही आकर खरीद लेते है। बागवान सुरेश ने बताया कि उन्होंने अपने बाग में तीन से चार वैरायटी की लीची के पेड़ लगा रखे हैं। इसमें अर्ली बेदाना, मुजफ्फरपुर साही, कलकतिया और रोसेंटेड है। इन्होंने 15 पौधे लगा रखे हैं। इनसे कम लागत में अच्छी पैदावार हो रही है। यहां कि जलवायु लीची के अनुकूल है। इससे अच्छी पैदावार होने की संभावनाएं हैं।



### फायदेमंद है लीची की खेती

बागवानों की मानें तो इस क्षेत्र में लीची की अच्छी बागवानी की जा सकती है। आम के साथ ही लीची की बागवानी कर अच्छी कमाई की जा सकती है, जिन बागवानों ने लीची के कुछ पेड़ तैयार कर लिए हैं वह इससे अच्छी आमदनी भी कर रहे हैं। क्षेत्र में तैयार लीची को देख क्षेत्रीय बागवान भी लीची की तरफ आकर्षित हो रहे हैं।

### पोषक तत्वों से भरपूर

लीची अपनी गुणवत्ता के लिए जानी जाती है। लीची के फल पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं इसके फल में शर्करा (11 प्रतिशत), प्रोटीन (0.7 प्रतिशत), वसा (0.3 प्रतिशत), और अनेक विटामिन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। लीची का फल मरीजों और वृद्ध लोगों के लिए भी उपयोगी माना गया है।

### मलिहाबाद की लीची ज्यादा स्वादिष्ट, बचाव भी जरूरी



मुख्य उद्यान विशेषज्ञ और कीट वैज्ञानिक डॉ. सचिन आर्या ने बताया कि मलीहाबाद फलपट्टी क्षेत्र के बगवान आम के साथ-साथ लीची की बागवानी भी कर रहे हैं। लीची का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आम की फसल से पहले बाजारों में आ जाती है और लीची को किसान के बागों से ही खरीद लिया जाता है। मलिहाबादक्षेत्र में लीची की सघन बागवानी की जा सकती है इससे किसानों को अच्छी आमदनी होगी उन्होंने बताया कि वैसे तो लीची की पैदावार तराई इलाको में होती है लेकिन, तराई क्षेत्र की और मलिहाबादी लीची में काफी फर्क पाया गया। तराई क्षेत्र की लीची की अपेक्षा मलिहाबाद की लीची काफी स्वादिष्ट होती है।

### इस तरह करें छिड़काव

मौजूदा समय मे फल तैयार होने के बाद कई बार गिरने लगते है। उनको ज़मीन पर गिरने से बचाने के लिए कीट वैज्ञानिक डॉ. सचिन आर्या ने प्लैनोफिक्स नाम की दवा इस्तेमाल करने का सुझाव दिया है। अगर किसान 1 मिली. लीटर दवा 4 लीटर पानी मे मिलाकर महीने में दो छिड़काव करते हैं, तो फल जमीन पर गिरने की समस्या नहीं दिखेगी उत्तर भारत की लीची पकने के बाद फट जाती है। उद्यान विशेषज्ञ उसका भी उपाय बताते हैं। उन्होंने कहा कि जब फल पकने की अवस्था मे आता है, तो फल में चटकन की समस्या आने लगती है, तो उस समय बागवान बोरान या पानी से कम से कम तीन बार छिड़काव कर दें। इससे समस्या दूर हो जाती है।

### छिड़काव करने से फल फटने का नहीं रहता डर

अक्सर देखा गया है कि उत्तर भारत की लीची पकने के बाद फट जाती है। मुख्य उद्यान प्रभारी ने उसका भी उपाय बताया है। उन्होंने कहा कि जब फल दाने के आकार का हो तो उस समय बोरान या पानी से छिड़काव कर दें तो फटने की समस्या दूर हो जाती है।

## फर्जीवाड़ा करने वाले सुपरीटेंडेट, जेलर, डिप्टी जेलर निलंबित

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** धोखाधड़ी और साइबर क्राइम में बंद बंदी को फर्जी तरीके से राहत पहुंचाने पर तीन जेल अधिकारियों को निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि जेल मुख्यालय से सख्त आदेश दिए गए थे। डीआईजी जेल ने जांच-पड़ताल शुरू की तो तीनों दोषी पाए गए। इसके बाद तीनों को निलंबित कर दिया गया है। जिला कारागार में बंदी की फर्जी रिहाई के मामले में कार्रवाई की गई है। तत्कालीन जेल अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर सस्पेंड, उमेश सिंह (सुपरिटेंडेंट) राजेश कुमार (जेलर) मीना कनौजिया (डिप्टी जेलर) पर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने की कार्रवाई। वाराणसी के जेल कारागार में तीनों तैनात थे। आरोप है कि बंदी सुनील कुमार उर्फ सुनील चौधरी धोखाधड़ी और साइबर अपराधों में था बंद, फर्जी अभिलेख तैयार कर गलत तरीके से हो गया था रिहा, जिसमें तीनों शामिल थे। डीआईजी कारागार की प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर हुई कार्रवाई। विभागीय जांच के भी दिए गए आदेश।

प्रापर्टी डीलर आत्महत्या के मामले में बड़ा खुलासा

## पैसे के लेन देन व महिला द्वारा शादी के दबाव के कारण प्रॉपर्टी डीलर ने की थी आत्महत्या





**मलिहाबाद, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** बीते शनिवार को लापता प्रापर्टी डीलर का शव आम के बाग मे फंदे से लटकता मिला परिजनों ने हत्याकर शव को लटकाने का आरोप अज्ञात लोगों पर लगाया था। मृतक कमीशन पर जमीन बिक्री करवाने का काम करता था। मृतक के भाई प्रेमचंद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। घटना का खुलासा करते हुए इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया। आरोपी दिलीप व मृतक नन्दकिशोर के बीच जमीन के क्रय विक्रय के लेकर विवाद था जिसमें मृतक नन्दकिशोर के रूपये आरोपी दिलीप के पास बकाया थे और वह नन्दकिशोर का पैसा वापस नही कर रहा था। आरोपी महिला राधा उर्फ छुटक्की निवासी कस्बा सीएचसी तिराहा मृतक नन्दकिशोर पर शादी करने का दबाव दे रही थी जिस कारण मृतक परेशान होकर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी दिलीप की हालत बिगड़ गई जिसे तत्काल उपचार हेतु सीएचसी ले जाया गया।उपचार के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया जबकि दिलीप रिश्ते में मृतक का भांजा लगता है।

## समाजवादी महिला सभा की महिलाओं ने काली पट्टी बांध कर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ़ प्रदर्शन किया







ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के नेतृत्व में समाजवादी महिला सभा की महिलाओं ने मंगलवार को हजरतगंज लखनऊ स्थित गाँधी प्रतिमा पर काली पट्टी बांध कर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ख़िलाफ़ प्रदर्शन किया। रेखा गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया था। महिलायें रेखा गुप्ता से मर्यादाहीन शब्दों का प्रयोग करने के लिए माफ़ी माँगने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि रेखा गुप्ता शर्म करो। रेखा गुप्ता इस्तीफा दो। रेखा गुप्ता माफ़ी मांगों की तख्तियां हाथ में लेकर श्री अखिलेश यादव जी के अपमान के विरोध में आज महिलाओं का सैलाब सड़कों पर उमड़ आया। जूही सिंह ने कहा कि भाजपा का दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक विरोधी अलोकतांत्रिक चेहरा आज सभी के सामने स्पष्ट है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज देश के सर्वाधिक लोकप्रिय, जनप्रिय नेता हैं। विकास के अनेक कीर्तिमान उन्होंने अपने कार्यकाल में स्थापित किए हैं। उनका अपमान जनता नहीं सहेगी। जूही सिंह ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि पुलिस का यह अलोकतांत्रिक रवैया है। यह घोर निंदनीय है। प्रदर्शन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. नेहा यादव, किन्नर पायल सिंह, सुमैया राणा, काज़मीन जहाँ, जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, नगर अध्यक्ष मुन्नी पाल, वंदना चतुर्वेदी, राजबाला रावत, रिंकी सिंह, उषा सेन, सुभांगी द्विवेदी, शर्मिला महाराज, फारूख जहां, महनाज ख़ान, ममता सिंह, वीणा रावत, विजय लक्ष्मी, निकहत सिद्दीकी, जाह्नवी सिंह यादव, पूजा यादव बुंदेलखंडी, रमा यादव, शीला यादव, ममता शर्मा, अंजू यादव, अर्चना रावत, कालिंदी भारद्वाज, मनीशा साहा, लता जैसवार, सलमा, मीना यादव, अफसर जहां, सब्बू, शीबा खान आदि सैकड़ों महिलाओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस मौके पर मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल', फकरुल हसन चांद, अमरजीत यादव, राहुल वीर सिंह, प्रांजल यादव, आमिर तस्लीम, विदुर श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शादी के डेढ़ महीने बाद दुल्हन का फंदे से लटका मिला शव

- पति समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज
- गले और शरीर पर चोट के निशान मिले
- पिता बोले- घरवालों ने मारकर लटका दिया
- हत्या की आशंका, जांच-पड़ताल शुरू

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** सैरपुर थाना क्षेत्र में शादी के डेढ़ माह बाद दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला ने सुसाइड कर लिया। उसके गले व शरीर पर चोट के निशान मिले है। मृतका के पिता का आरोप है कि घर वालो ने मारकर बेटी को लटका दिया है। मृतका उपासना के गले पर फंदे का निशान था। शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। उसके पिता ने सैरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पति अभय सिंह, जेठ आशीष सिंह उर्फ अंशू सिंह, ससुर रामकरन सिंह, जेठानी सोनम सिंह और ममिया ससुर को नामजद किया है। पुलिस इस मामले में जांच-पड़ताल करने में लगी हुई है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम (मॉर्चरी) भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। वह सभी अपने घर पर नहीं मिले है। साथ ही पुलिस ने यह भी कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों की स्थिति साफ हो जाएगी।

### थानाध्यक्ष ने कहा तहकीकात की जा रही है

थानाध्यक्ष मनोज कुमार कोरी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### डेढ़ माह पहले ही हुई थी शादी

उपासना की शादी 18 फरवरी को दुग्गौर गांव निवासी अभय सिंह से हुई थी। बीते 4 अप्रैल को वह अपने जेठ के साथ मायके आई थी। उसने परिवार को दहेज प्रताड़ना की जानकारी दी थी। सोमवार साढ़े तीन बजे उपासना ने अपनी बहन सोनी को फोन कर परेशान किए जाने की बात बताई थी। साढ़े पांच बजे उसकी तबीयत खराब होने की सूचना मायके वालों को मिली। वह लोग उसके मायके पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के पिता कृष्ण कुमार सिंह को सोमवार शाम साढ़े पांच बजे उसके ससुरालवालों ने फोन किया। कहा- उनकी बेटी की तबीयत खराब है वह देर शाम बेटी के गांव पहुंचे, तो पता चला कि उनकी बेटी का शव बीकेटी क्षेत्र स्थित रामसागर मिश्र शत शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के शव गृह में रखा है।

## आर्मी के जवान के खिलाफ मारपीट व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

बिजनौर इलाके की घटना

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** बिजनौर इलाके में आर्मी में तैनात जवान बिना किसी वजह के ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। ऐसे आरोप लगाए गए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। बिजनौर के न्यू गुदौरा निवासी अजय कुमार राय पुत्र स्वर्गीय बद्री नारायण ने पुलिस को बताया कि बीते 6 अप्रैल को शाम करीब 6बजे अपने पालतू कुत्ते के साथ घर पर बैठा था ।तभी घर से कुछ दूर रहने वाले आर्मी में तैनात जवान अजय प्रताप सिंह जो को आर्मी में तैनात है। अचानक उनके पास आए और कहा कि आप क्या चाहते है और गाली-गलौज करने लगे। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक जान लेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने कहा कि जमीन पर पटकने की कोशिश की लेकिन पास में लगी एक पाइप को पकड़ लिया। इसके बाद उसने कई मुक्के मारे, पास में मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। पीड़ित अजय कुमार राय ने पुलिस को तहरीर देकर आर्मी जवान के खिलाफ मारने पीटने और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में एफआईआर दर्ज

- लाइसेंस धारक को लिया गया हिरासत में
- पुलिस की जांच में पाए गए दोषी
- गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र की घटना

ग्रुप 5 संवाददाता




**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के जौखंडी गांव में बीते सोमवार को पटाखे बनाने वाले कारखाने में हुए विस्फोट के मामले में पुलिस ने लाइसेंस धारी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे हिरासत में लिया है। देर रात तक उससे पूछताछ की जा रही थी। जौखंडी गांव में पटाखा बनाने वाले कारखाने में सोमवार विस्फोट हो गया था। जिसमें काम कर रहा सलमान घायल हो गया था। उपनिरीक्षक मनिन्दर सिंह द्वारा की गई जांच में पाया गया कि जिस निसार के नाम से विस्फोटक बनाने व बेचने का लाइसेंस था वह जौखंडी गांव में गांव के बाहर खेतों में एक कमरा बनाकर वहां विस्फोटक बनाता और रखता था। लेकिन जिन शर्तों पर उनको लाइसेंस प्रदान किया गया था, उनका शर्तों का उसके द्वारा उल्लंघन किया जा रहा था। इसके साथ ही वहां पर लाइसेंस में दिये गए मानकों के अनुसार न तो पानी बालू आदि की समुचित व्यवस्था थी और न ही फायर सेफ्टी उपकरण सुचारू रूप से काम कर रहे थे। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लाइसेंस धारक निसार पुत्र अब्दुल हक निवासी जौखंडी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे हिरासत में ले लिया गया। इसके साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

### लाइसेंस मानकों का हुआ था उल्लंघन

गोसाईगंज क्षेत्र के गांव जौखंडी में एक पटाखा बनाने वाले गोदाम में विस्फोट हो गया था जिसमें सलमान पुत्र सिद्धिक नामक व्यक्ति घायल हो गया था जिसके पैर में चोट लगी थी जांच से ज्ञात हुआ कि निसार पुत्र अब्दुल हक जिसके पास विस्फोटक बनाने का लाइसेंस और बेचने का लाइसेंस था। वह ग्राम चौखंडी गांव के बाहर खेतों में एक कमरा बनाकर वहां विस्फोटक बनाते और रखते थे। जाँच से यह पाया गया कि उनके द्वारा जिन शर्तों पर उनको लाइसेंस प्रदान किया गया था उनका उल्लंघन किया है।

## चार मकानों में घुस कर चोरों ने लाखों के जेवर बटोरे

इंदिरानगर, मड़ियांव, गुडम्बा व तालकटोरा की घटनाएं

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** चोरों ने चार घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के गहने और सामान बटोर ले गए। वारदात इन्दिरानगर, मड़ियांव, गुड़ंबा और तालकटोरा थानाक्षेत्र में हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।इन्दिरानगर कार्तिकेय विहार निवासी मेराज अहमद परिवार संग कुशीनगर गए थे। तीन मार्च को पड़ोसी जितेंद्र ने ताले टूटे देख मेराज को फोन कर सूचना दी। कुशीनगर से वापस आने के बाद पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया। मेराज के मुताबिक 45 हजार और गहने चोरी हुए है। एक सीसी फुटेज में तीन लोग घर में घुसते हुए नजर आए हैं। वहीं, मड़ियांव इंद्रपुरी निवासी प्रियंका निगम के मकान में घुस कर चोर 85 हजार रुपये और पांच लाख के गहने बटोर ले गए। प्रियंका ने मड़ियांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए सीसी फुटेज पुलिस को सौंपी है। जिसमें दो चोर वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई पड़े हैं। गुड़ंबा स्कार्पियो क्लब वुडलैण्ड गार्डन निवासी अजीत प्रताप सिंह मां का देहांत होने पर महाराजगंज गए थे। इस बीच अजीत के बहनोई शशि प्रकाश सिंह घर पहुंचे। ताले टूटे देख अजीत को फोन किया। उधर, राजाजीपुरम निवासी पुष्पलता देवी के मकान से नौकरानी पर जेवर चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## दबंगों ने दुकानदारों को दुकान लगाने पर दी धमकी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** बिजनौर इलाके में फल विक्रेताओं से कुछ दबंगों ने कहा कि अगर दुकान लगाए तो सब को जान से मारने देंगे ।इससे परेशान होकर उक्त लोगो के खिलाफ जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई है। बिजनौर के न्यू गुदौरा निवासी मुकेश पुत्र सुघर लाल ने पुलिस को बताया कि बीते 6 अप्रैल को रात्रि समय करीब पौने ग्यारह बजे अपनी दुकान पर फल बेंच रहा था। तभी कल्लू पुत्र अजय पाल और उनके दोस्त दुकान पर आए और बिना किसी कारण के ही गाली देने लगे। जिसका विरोध किया तो डंडे और हॉकी से मारपीट शुरू कर दी। स्थानीय लोगों को आता देख आरोपी भाग खड़े हुए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस पूछताछ करने में लगी हुई है।

## पत्नी से वीडियो कॉल पर विवाद के बाद सिपाही ने रिवॉल्वर से कनपटी में खुद को मारी गोली

- झाड़ियों में मिला खून से लथपथ शव
- मौके से सर्विस रिवाल्वर और बाइक भी मिली
- गोमतीनगर विस्तार इलाके की घटना


फाइल फोटो

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** पत्नी से वीडियो काल पर विवाद के बाद मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। सिपाही ने सर्विस रिवाल्वर से कनपटी में गोली मारी जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नंबर-6 के सामने झाड़ियों में उसका शव मिला, उसके सिर में गोली लगी थी। मौके से सर्विस रिवाल्वर और बाइक भी मिली है। वीडियो कॉल पर पत्नी से विवाद होने के बाद उसने यह कदम उठाया। ऐसा पुलिस ने बताया। सिपाही की पहचान 36 वर्षीय दिनेश गिरी के रूप में हुई है। मंगलवार को उसकी आईजी कार्यालय बटलर पैलेस में ड्यूटी थी। सुबह करीब 11 बजे उसकी वीडियो कॉल पर पत्नी अनीता से बात हो रही थी। इस बीच दोनों में झगड़ा हो गया। गुस्से में उसने मोबाइल वहीं पटक दिया। बाइक से सवार होकर जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नंबर 6 के सामने पहुंचा मंगलवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम को जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नंबर-6 के सामने झाड़ियों में सिर में गोली लगे सिपाही के शव के पड़े होने की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। उसकी पहचान सिपाही दिनेश गिरी के रूप में हुई। उसके सिर में गोली लगी थी। पास में ही सर्विस रिवाल्वर और बाइक मिली। पुलिस का कहना है- दिनेश गिरी ने सर्विस रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या की है। इंस्पेक्टर गोमती नगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि दिनेश गिरी के सिर में इंजरी मिली है। मौके से एक खोखा भी बरामद हुआ है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाले गिरफ्तार



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाले दो लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सुशांत गोल्फ थाना क्षेत्र के बक्कास गांव के मजरा आनंदपुर के रहने वाले अमर सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी कि उनकी माँ मालती देवी ने गोसाईगंज के जहगीरपुर गांव के रहने वाले शंकर व कुवांरे से गाटा संख्या 83 में से रकबा .1315 हेक्टेयर जमीन 12 लाख रुपए में ख़रीदकर बैनामा रजिस्ट्री कराई थी। जिसमे उनके लड़के दिलीप व सूरज गवाह थे। पीड़ित ने उक्त जमीन का 12 लाख रुपये का भुगतान नगद और आरोपियों के खाते में आरटीजीएस के माध्यम से किया था। पीड़ित का आरोप है कि जब वो जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो उसे पता चला कि उक्त जमीन आरोपियों द्वारा वर्ष 2017 में किसी और को बैनामा की जा चुकी है। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को सूरज और शंकर लाल को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार चल रहे दिलीप व कुवांरे की तलाश की जा रही है।

# ग्रीन कॉरिडोर: हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक सीधे फर्राटा भरेंगे वाहन

- लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किये जा रहे ग्रीन कॉरिडोर व राष्ट्र प्रेरणा स्थल का जिलाधिकारी विशाख जी0 ने किया निरीक्षण
- हनुमान सेतु 2-लेन ब्रिज, निशातगंज ब्रिज पर 4-लेन सड़क, कुकरैल नदी पर 4-लेन ब्रिज व निशातगंज से कुकरैल बंधा चौड़ीकरण का कार्य जून, 2025 तक हो जाएगा पूरा
- चौक में नींबू पार्क रोड से चरक चौराहे की ओर यातायात होगा सुगम, जिलाधिकारी ने मार्ग का चौड़ीकरण करने के दिये निर्देश

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। इसके पूरे होने से हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक वाहन सीधे फर्राटा भर सकेंगे। जिलाधिकारी विशाख जी0 ने लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किये जा रहे ग्रीन कॉरिडोर व राष्ट्र प्रेरणा स्थल का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्त कार्यों को मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व प्रभारी मुख्य अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम ग्रीन कॉरिडोर का निरीक्षण किया गया। इसमें पक्कापुल से डालीगंज तक 1.8 किलोमीटर की लंबाई में बनाये जा रहे आर0ओ0बी0 कम फ्लाई ओवर का कार्य देखा गया। अवगत कराया गया कि 67 पियर में से 37 पियर तथा 343 पाइल में से 316 पाइल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, 210 मीटर लंबे हनुमान सेतु 2-लेन ब्रिज का कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इसी तरह निशातगंज ब्रिज पर 240 मीटर लंबे चार लेन का निर्माण कार्य भी जून, 2025 तक पूरा हो जाएगा। परियोजना के अंतर्गत हनुमान सेतु से निशातगंज तक बंधा चौड़ीकरण को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्थल पर अस्थाई निर्माण को हटाते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कुकरैल नदी पर 240 मीटर लंबाई में निर्मित किये जा रहे चार लेन ब्रिज का काम देखा। अवगत कराया गया कि 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है, शेष कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। साथ ही कुकरैल ब्रिज के मर्जिंग प्वाइंट पर रोटरी का भी निर्माण कराया जाएगा। इससे ट्रैफिक का आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा।

### नींबू पार्क से चरक चौराहे तक चौड़ी होगी सड़क

जिलाधिकारी विशाख जी0 ने हेरिटेज जोन में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नींबू पार्क रोड से चरक चौराहे तक जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया। मार्ग के बायें तरफ हुसैनाबाद ट्रस्ट की रिक्त भूमि है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उक्त रिक्त भूमि को लेते हुए सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाए। इसके लिए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द अनापत्ति प्राप्त की जाए।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निरीक्षण

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किये जा रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवगत कराया कि कैफेटेरिया, 5 ट्वायलेट ब्लॉक, 06 गेट, 3 हैलीपैड आदि विकास कार्य पूर्ण हो गये हैं। म्यूजियम ब्लॉक में क्लैडिंग का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है तथा म्यूजियम क्यूरेशन के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त समस्त कार्य दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

# सुशांत गोल्फ सिटी में अवैध पॉम रेजीडेंसी पर चला एलडीए का बुलडोजर




लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग कर विकसित की जा रही पॉम रेजीडेंसी को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पंकज जायसवाल व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के ग्राम-बक्कास में लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए पॉम रेजीडेंसी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी, विपिन बिहारी राय व विभोर श्रीवास्तव द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

### एलडीए ने दुबग्गा व ठाकुरगंज में की कार्रवाई, 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने दुबग्गा व ठाकुरगंज क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि महावीर, रघुनाथ व अन्य द्वारा दुबग्गा के ग्राम-कटौली में काकोरी रोड पर लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह जकी अहमद, शमशाद, आदिल व अन्य द्वारा दुबग्गा के अमेठिया, सलेमपुर में झाकर बाग चौराहे के पास लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं, राजकुमार तिवारी व अन्य द्वारा ठाकुरगंज के मौरा में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-Toi-48-24-1 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.04.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.04.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Pnu-LKO-BSB-Toi-47-24-3 (Pay and Use-Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.04.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.04.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1046/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-PYGS-TW-76-24-1 (Parking Two Wheeler) (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.04.2025 समय10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.04.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-AMG-MX-154-25-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.04.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.04.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1049/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संभल हिंसाः सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क से एसआईटी ने पूछताछ की



**संभल।** समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क से मंगलवार को संभल में पिछले साल एक मस्जिद के अदालती आदेश पर किए गए सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा के संबंध में पूछताछ की गई। संभल के सांसद सुबह करीब 11:30 बजे 10 से अधिक वकीलों के साथ नखासा थाने पहुंचे और मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। सपा सांसद करीब तीन घंटे तक थाने में रहे, जिस दौरान उनसे पिछले साल 24 नवंबर को कोट गर्वी इलाके में हुई हिंसा के बारे में सवाल पूछे गए। मुगलकालीन जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। थाने से बाहर आने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बर्क ने कहा, उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक मैं जांच में सहयोग करने आया हूं। मुझसे जो भी पूछा गया, मैंने उन्हें बता दिया। जब उनसे पूछा गया कि एसआईटी ने उनसे क्या सवाल किए, तो सांसद ने कहा, यह जांच का हिस्सा है और मैं उन्हें साझा नहीं कर सकता। थाने जाने से पहले उन्होंने दीपा सराय स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित किया। बर्क ने कहा, मैं पुलिस के साथ पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हूं। एक जिम्मेदार नागरिक और सांसद होने के नाते मुझे कानून, संविधान और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। स्वास्थ्य ठीक न होने और डॉक्टरों की आराम करने की सलाह के बावजूद मैं आज यह सुनिश्चित करने आया हूं कि कोई भी पुलिस अधिकारी या मीडियाकर्मी यह महसूस न करे कि मैं जांच से बच रहा हूं। **(भाषा)**

## जिया उर रहमान बर्क एसआईटी के समक्ष बयान दर्ज कराने नखासा थाने पहुंचे

**संभल।** संभल से लोकसभा सदस्य जिया उर रहमान बर्क मंगलवार को एक जांच के सिलसिले में विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के लिए शहर के नखासा थाने पहुंचे। थाने जाने से पहले उन्होंने दीपा सराय स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित किया। बर्क ने कहा, मैं पुलिस के साथ पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हूं। एक जिम्मेदार नागरिक और सांसद होने के नाते मुझे कानून, संविधान और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। स्वास्थ्य ठीक न होने और डॉक्टरों की आराम करने की सलाह के बावजूद मैं आज यह सुनिश्चित करने आया हूं कि कोई भी पुलिस अधिकारी या मीडियाकर्मी यह महसूस न करे कि मैं जांच से बच रहा हूं। उन्होंने कहा कि अस्वस्थ होने के बावजूद वह मीडिया ट्रायल से बचने के लिए अपना बयान दर्ज कराने जाएंगे। उन्होंने कहा, मीडिया अक्सर परिस्थितियों का पहले से अंदाजा लगा लेता है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं जांच से बचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। मेरे खिलाफ दर्ज मामला निराधार है और मैं अपना नाम साफ करने आया हूं। बाद में सांसद बर्क संभल हिंसा मामले की जांच कर रही एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के लिए 10 से अधिक वकीलों के साथ नखासा थाने पहुंचे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करना पुलिस का कर्तव्य है। पिछले साल 24 नवंबर को यहां की मुगलकालीन जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान संभल के कोट गर्वी इलाके में हिंसा भड़क उठी थी। **(भाषा)**

## संभल की शाही जामा मस्जिद पर लगे साइन बोर्ड को बदल सकता है एएसआई

**संभल।** जिले की शाही जामा मस्जिद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा का विषय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा भेजा गया एक नया साइन बोर्ड है जिसमें मस्जिद का नाम जुमा मस्जिद लिखा गया है। उम्मीद है कि सत्यव्रत पुलिस चौकी में रखा नीले रंग का एएसआई का यह बोर्ड जल्द ही पुराने बोर्ड की जगह लगाया जाएगा। पुराने बोर्ड पर शाही जामा मस्जिद लिखा हुआ है। एएसआई के वकील विष्णु शर्मा ने कहा, मस्जिद के बाहर पहले एएसआई का एक बोर्ड लगा था, लेकिन कुछ व्यक्तियों ने कथित तौर पर इसे हटाकर शाही जामा मस्जिद लिखा बोर्ड लगा दिया। नया बोर्ड एएसआई के दस्तावेजों में दर्ज नाम जुमा मस्जिद के अनुसार बनाया गया है। शर्मा ने कहा कि मस्जिद परिसर के अंदर पहले से ही इसी नाम का एक नीला बोर्ड लगा हुआ है। एएसआई ने अभी तक इस बारे में कोई समयसीमा नहीं बताई कि बोर्ड कब तक लगाया जाएगा। पिछले साल 24 नवंबर को शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान संभल में हिंसा भड़क गई थी। इस घटना में गोलीबारी के कारण चार लोगों की जान चली गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे। **(भाषा)**

# शोभायात्रा में शामिल बुलडोजर को पुलिस ने रोका, भाजपा नेता और प्रशासन के बीच हुई तीखी बहस



**बरेली।** फरीदपुर में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब पुलिस ने रामनवमी शोभायात्रा में बुलडोजर को शामिल करने पर आपत्ति जताई और इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता तथा प्रशासन के बीच तीखी बहस भी हो गई। आदर्श रामलीला समिति द्वारा सोमवार को आयोजित शोभायात्रा में बुलडोजर भी शामिल किया जिसे पुलिस ने रोक दिया और कहा कि यह अनधिकृत और नई परंपरा है। शोभायात्रा में हिस्सा ले रहे लोगों ने इसको लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने सडक् को जाम कर दिया और पुलिस तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वे धरने पर बैठ गए। फरीदपुर थाने के प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि आखिरकार शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा संपन्न हुई। उन्होंने कहा, कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में रातभर कड़ी निगरानी रखी। मंगलवार सुबह स्थिति सामान्य रही। स्थिति तब बिगड़ी जब भाजपा की आंवला इकाई के अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से भिड़ गए। सिंह ने तर्क दिया कि पिछले पांच वर्षों से रामनवमी शोभायात्रा में बुलडोजर को शामिल किया जाता रहा है और पुलिस पर परंपराओं में व्यवधान डालने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, हम शांति भंग करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में पूर्व में आयोजित शोभायात्रा की तस्वीरें और वीडियो पेश किए जिसमें बुलडोजर शामिल था। जिला मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विमर्श के बाद प्रशासन ने शोभायात्रा में बुलडोजर को शामिल करने की अनुमति दी। **(भाषा)**

## वाहन ने साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर,गम्भीर



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** एक हिट एंड रन की घटना सामने आई है।मंगलवार दोपहर करीब एक बजे थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के दादनपुर निवासी 70 वर्षीय राम सिंह अपनी दुकान जा रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राम सिंह सड़क पर गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट लगी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। परिजन घायल राम सिंह को तुरंत फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अवनीश चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। हेड इंजरी की वजह से उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# अलीगढ़ में शोभा यात्रा का मार्ग बदलने पर भाजपा की पूर्व महापौर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज




**अलीगढ़।** भाजपा की पूर्व महापौर और दुर्गा महारानी मंदिर सेवा समिति की मुख्य संरक्षक शकुंतला भारती और समिति के वरिष्ठ सदस्यों पर रामनवमी के दौरान काली मेला शोभा यात्रा के पारंपरिक मार्ग में बदलाव कर और शहर के संवेदनशील इलाकों से जुलूस निकालकर पुलिस के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली गेट थाने में थाना प्रभारी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, जुलूस के एक संवेदनशील इलाके में प्रवेश करने के बाद दो समूहों के बीच हाथापाई हो गई थी। प्राथमिकी में कहा गया है, कुछ लोगों ने जुलूस के इस इलाके में प्रवेश करने पर आपत्ति जताई, जिससे तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर दिल्ली गेट थाने में मामला दर्ज किया गया है। पत्रकारों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव सुमन ने बताया, इस शोभा यात्रा का मार्ग सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है और परंपरागत रूप से वर्षो से इसका पालन किया जाता रहा है। निर्धारित मार्ग से विचलित होने का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। शकुंतला भारती ने मार्ग में बदलाव का बचाव करते हुए दावा किया कि आयोजन समिति ने संबंधित अधिकारियों को पहले ही सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा, हमने इस साल जुलूस के मार्ग में बदलाव के बारे में अधिकारियों को लिखा था। यह घटना रविवार रात को हुई जब जुलूस अप्रत्याशित रूप से घनी आबादी वाले मुस्लिम बहुल इलाके कनवरीगंज मार्ग की ओर मुड़ गया। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने यात्रा नेताओं को कथित तौर पर आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। पुलिस ने खासकर इलाके में तेज आवाज में संगीत बजाने और आतिशबाजी करने से रोकने का प्रयास किया। **(भाषा)**

# तहसीलदार आवास के सामने दो दिन मे सड़क कार्य पूरा न हुआ तो होगी कार्रवाई



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** तहसीलदार आवास के पास इंटरलॉकिंग का काम अधूरा पड़ा है। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने दो महीने पहले 4.82 लाख रुपये की लागत से मार्ग निर्माण का टेंडर निकाला था। ठेकेदार ने एक महीने पहले काम शुरू किया।उसने केवल बॉक्सिंग और मिट्टी की पटाई की। इसके बाद काम रोक दिया। स्थानीय लोगो को खराब सड़क से परेशानी हो रही है। कई बार कहने के बाद भी ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया। एसडीएम ने नगर पंचायत के ईओ संध्या मिश्रा को निर्देश दिए है। उन्होने कहाकि दो दिन में काम शुरू नहीं होने पर ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही उसे ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा।

## सबसे बड़ा धर्म है मानव सेवा और लोक कल्याण : डा. अमित

**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** मानव सेवा और लोक कल्याण सबसे बड़ा धर्म है, इससे शारीरिक व मानसिक लाभ तो है ही मन-मस्तिष्क को शांति भी मिलती है। यह बात महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के मनोरोग विशेषज्ञ डा. अमित कुमार गुप्ता ने कही। वह टांडा स्थित कश्मीरिया चौराहा पर सामाजिक संस्था संज्ञान की ओर से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का उद्घाटन करने के बाद बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। संस्था के महामंत्री राम शंकर गुप्ता ने बताया कि उक्त शिविर में 48 मनोरोगियों की जांच के उपरांत उचित परामर्श दिया गया। संस्था के अध्यक्ष डा. एएल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर के आयोजन में डा. हिमांशु गुप्ता, अंकित गांधी, हर्षित गांधी ने सहयोग किया।

# शादी समारोह से लाये गये मीठा चावल खा लेने से बच्चे हुए बीमार



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** मंगलवार को एक शादी समारोह से लाया गया घर में रखा मीठा चावल खाने से तीन मासूम बच्चे बीमार पड़ गए।जिन्हे परिजनो ने तुरंत इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर मे लाकर भर्ती कराया।जानकारी के अनुसार मझगवां शरीफ के स्वर्गीय मोहम्मद मिनहाज की बड़ी बेटी हिना की शादी समारोह से मीठा चावल परिजन घर लेकर आए थे जो घर में रखा था और मां खेतो मे काम करने गई थी।तब उसकी अनुपस्थिति में रखा बासी मीठा चावल 11 वर्षीय अलीशा,7 वर्षीय अरबीना और 5 वर्षीय कैफ ने खा लिया।कुछ ही देर बाद तीनो बच्चो को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी।बच्चो की हालत बिगड़ती देख परिजन उन्हे तुरंत फतेहपुर सरकारी अस्पताल में लेकर आए।जहां आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अवनीश चौधरी ने प्राथमिक जांच करके तत्काल तीनो बच्चो को भर्ती ले लिया और उनका उपचार शुरू कर दिया गया।डॉक्टर ने बताया कि अभी बच्चों की स्थिति के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।सुरक्षा के लिहाज से डॉक्टरो ने परिवार को बचे हुए मीठे चावल को नष्ट करने की सलाह दी है ताकि कोई और व्यक्ति इसे खाकर बीमार न हो।

# तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न

**» ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश रोहित शाही ने सभी को दिलाई शपथ**




**रामनगर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** तहसील सभागार में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम राम मोहन शुक्ला की अध्यक्षता एंव राम कुमार सोनी के संचालन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश रोहित शाही ने सभी को शपथ दिलाई। न्यायाधीश ने कहा कि बार एवं बेंच के मध्य समन्यवय से न्यायिक प्रक्रिया को बेहतर गति मिलती है। आप लोग न्याय हित में अच्छा कार्य करें। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को शुभकामनायें देते हुए कहाकि अधिवक्ताओं में निस्वार्थ सेवा भाव निहित होने के चलते आमजनमानस को न्याय मिल पाता है। नगर पंचायत के अध्यक्ष रामशरण पाठक ने कहाकि केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा राष्ट्रहित में बेहतर कार्य किया जा रहा हैं। जिसका डंका विश्व में बज रहा है। नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने अधिवक्ताओं के हित को लेकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने संघ की मजबूती और अधिवक्ता कल्याण के लिये हर सम्भव कार्य किये जायेंगे। महामंत्री सुरेश चंद्र मिश्रा ने आये हुए सभी अधिवक्ता व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद निगम, उपाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश कुमार शुक्ला, संयुक्त मंत्री अमित कुमार त्रिवेदी, गौरव प्रशांत शुक्ला, संदीप कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष उत्तम सिंह, सदस्य उमेश चन्द्र वर्मा, सुशील कुमार, दीपक श्रीवास्तव, विनय सिंह, विनोद यादव, ओम कुमार, विपिन कुमार,आदित्य तिवारी सहित विभिन्न पदों पर निर्वाचित पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

## चेयरमैन ने प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों पर उठाई उंगली

**रामनगर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** तहसील बार के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत के चेयरमैन रामशरण पाठक ने प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों पर उंगली उठाते हुए कहाकि संत बिहारी दास के फर्जी बैनामे मे रजिस्ट्री दफ्तर रात्रि मे किसके आदेश से खुला था। शासन की मंशा को तार-तार जिम्मेदार लोग कर रहे हैं यह ठीक नहीं है।

# राष्ट्रीय पुरूष हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु जारी हुआ शुभंकर और आदर्श वाक्य



**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** आगामी 20 से 24 अप्रैल, 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा खेल की भावना, मूल्यों और संस्कृति को दर्शाने वाला शुभंकर और आदर्श वाक्य जारी किया गया, साथ ही जनपद के हैंडबॉल संघ का लोगो भी जारी किया गया। यह जनपद के लिए बड़े हर्ष के साथ बड़ी उपलब्धि है कि यहां आगामी 20 से 24 अप्रैल तक राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों की 31 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, मणिपुर, चंडीगढ़, पांडिचेरी, दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उड़ीसा, जम्मू एवं कश्मीर, गुजरात, बिहार, केरल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पंजाब, झारखंड, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, मुंबई हैंडबॉल अकैडमी, स्पोर्ट्स कैस्टल, असम, आर्यावर्त, यशस्वी एकेडमी. एसएन पांडे हैंडबॉल एकेडमी, दमन एवं दीव, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, पांडिचेरी और नागालैंड की टीमें सम्मिलित हैं। किसी भी अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल का शुभंकर और आदर्श वाक्य जारी करना महत्वपूर्ण कड़ी होता है और यह ऑर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट द्वारा जारी किया जाता है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के शुभंकर एवं आदर्श वाक्य को लॉन्च किया गया। शुभंकर जिसका नाम टॉयगॉन है जिसका मतलब टाइगर और लायन का सयुक्त रूप है, यह शुभंकर खेल भावना, मूल्यों और संस्कृति को दर्शाता है। इसी प्रकार आदर्श वाक्य संकल्प ही जीत है, जिसका मतलब है कि किसी चीज को ठान लिया जाय तो लक्ष्य प्राप्ति निश्चित है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी की जा रही है यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा और सम्पूर्ण भारतवर्ष से आने वाले खिलाड़ी यहां से अच्छा संदेश और अनुभव लेकर जाएंगे। इस बड़ी उपलब्धि में एक और कड़ी जुड़ गई है आगामी मई माह में ओमान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु टीम का चयन भी यहीं किया जाएगा। इसके लिए बाहर से चयनकर्ता आ रहे हैं जिनके द्वारा आयोजन अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरे देश से आ रहे खिलाड़ियों में से अंतराष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा। आगामी 20 से 24 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ 20 अप्रैल 2025 को राजकीय हवाई पट्टी ग्राउंड अकबरपुर पर होगा। जिसमें खिलाड़ियों का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत होगा जिसमें खिलाड़ियों को पट्टिका पहनाई जाएगी, तिलक और पुष्पवर्षा की जाएगी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी दर्शनीय प्रस्तुतियां होंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि हवाई पट्टी के खाली ग्राउंड में हैंडबॉल के तीन मैदान तैयार किए जा रहे हैं जिसमें 2 ग्राउड पर दिन में मैच होंगे जबकि तीसरे ग्राउंड में रात्रि कालीन मैच होंगे। इस प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इसमें प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ी स्पोर्ट्स कोटे में नौकरी के पात्र होंगे, साथ ही स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा निकाली गई भर्तियों में इनको लाभ मिलेगा और आगामी समय में होने वाली भर्तियों में इन्हें स्पोर्ट कोटा मिलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आयोजित हो रहे हैं इस राष्ट्रीय आयोजन से पूरे प्रदेश एवं देश में जनपद अंबेडकर नगर खेल के क्षेत्र में भी अपनी छटा बिखेरेगा।

# अमेठी में पड़ोसियों के हमले से घायल युवक की मौत, उसके पिता की हालत गंभीर

**अमेठी।** जिले के जायस थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसियों के साथ हुई मारपीट में घायल एक युवक की मंगलवार को मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल उसके पिता का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जायस थाना क्षेत्र के तामामऊ गांव में सोमवार की देर शाम हुई मारपीट में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उपचार के दौरान मंगलवार को बेटे की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृत युवक की पहचान सुनील कुमार (32) के तौर पर की गई है और वह तामामऊ का रहने वाला है। कुमार की पत्नी प्रीति की ओर से थाना जायस में दी गई तहरीर के मुताबिक सात अप्रैल की रात करीब साढ़े दस बजे उसके पड़ोसी हरिश्चंद्र एवं अन्य लोगों ने उसके घर पर लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी आदि से हमला कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि इस हमले में उसका पति सुनील कुमार एवं ससुर रमाशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें कहा गया है कि वह अपने पति और ससुर को स्थानीय अस्पताल में ले गई जहां से उन्हें रायबरेली भेज दिया गया। एम्स रायबरेली में इलाज के दौरान मंगलवार को उसके पति सुनील कुमार की मौत हो गई जबकि ससुर रमाशंकर का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि घटना का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है। **(भाषा)**

## कौशांबी में कार की टक्कर से वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु

**कौशांबी।** जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्य हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के कसिया गांव निवासी द्वारिका प्रसाद (70) आज दोपहर कोइलहा स्थित नारायण स्वरूप अस्पताल में भर्ती अपने एक रिश्तेदार से मिलने आए थे। उन्होंने बताया कि वह टेंपो से उतरकर अस्पताल की तरफ जा रहे थे कि इसी दौरान प्रयागराज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। **(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडाः हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नोएडा ।** नोएडा के बिसरख थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी बदमाश को मुठभेड़ के बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान अलीगढ़ के निवासी सोनू के रूप में हुई है और उसने पूछताछ में खुलासा किया कि पीड़ित के एक नजदीकी रिश्तेदार ने उसे हत्या के लिए सुपारी दी थी। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि चार अप्रैल को बिसरख क्षेत्र के निवासी रेशम पाल को एक व्यक्ति ने गोली मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान सूचना मिली कि इस वारदात में संलिप्त बदमाश आज ग्राम रोजा याकूबपुर के पास आ रहा है जिसके बाद उसे पकडने के लिए पुलिस ने रास्ते में अवरोधक लगाकर जांच शुरू कर दी। अवस्थी ने बताया तभी एक मोटरसाइकिल सवार आता दिखा लेकिन पुलिस को देखकर वह भागने लगा। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने गोली चला दी जिसके जवाब में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली बदमाश के पैर में जा लगी और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा, पूछताछ में बदमाश ने बताया कि रेशम पाल ने चार वर्ष पहले अलीगढ़ निवासी शशि से प्रेम विवाह किया था जो रिश्ते में उसकी भांजी लगती है। शशि के पिता ने ही रेशम पाल की हत्या के लिए सोनू को एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से पुलिस ने देसी तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। **(भाषा)**

### दरगाह पर धार्मिक झंडा लहराने के मामले में तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**प्रयागराज।** जिले के गंगा नगर में बहरिया थाना अंतर्गत सिकंदरा में स्थित एक मजार के द्वार के ऊपर रविवार को धार्मिक झंडा लहराने के मामले में एक दरोगा और दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) पुष्कर्म वर्मा की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उपायुक्त (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बहरिया चौकी प्रभारी रवि कटियार, कांस्टेबल अंशु कुमार और कांस्टेबल सुनील कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। डीसीपी (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को इस घटना के संबंध में तीन नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मनेंद्र सिंह नाम का युवक, दो अन्य युवकों का नेतृत्व कर रहा था। मनेंद्र को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए बहरिया चौकी प्रभारी रवि कटियार, कांस्टेबल अंशु कुमार और कांस्टेबल सुनील कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को रामनवमी पर कुछ युवक बहरिया थाना अंतर्गत सिकंदरा में गाजी मियां की दरगाह के द्वार पर धार्मिक झंडा लहराते हुए नारेबाजी कर रहे थे जिन्हें पुलिस ने ऐसा करने से रोका और उन्हें वहां से हटा दिया था। गुनावत के मुताबिक, इस दरगाह में पांच मजारें हैं और इस मजार पर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग चादर चढ़ाने आते हैं। **(भाषा)**

### विवाद के बाद किसान नेता, उनके बेटे और भाई की गोली मारकर हत्या

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले में रास्ता बाधित करने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता, उनके बेटे और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रयागराज रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रेम कुमार गौतम ने बताया कि मृतकों की पहचान भाकियू की जिला इकाई के उपाध्यक्ष पप्पू सिंह (50), उनके बेटे अभय सिंह (22) और छोटे भाई पिंकू सिंह (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटना हथगांव थाना क्षेत्र के अखरी गांव की है जहां पप्पू सिंह और गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार के बीच सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा करने और मोटरसाइकिल को रास्ता नहीं देने को लेकर बहस हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तभी सुरेश का बेटा और उनके सहयोगी वहां पहुंचे और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरेश कुमार और पप्पू सिंह के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी थी। आईजी ने बताया कि वह स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर जाएंगे। **(भाषा)**

### दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार रात करीब आठ बजे घरवासपुर गांव के पास लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंडरपास की सर्विस लेन पर हुआ। उसने बताया कि शोभनाथ विश्वकर्मा (50) मोटरसाइकिल पर सवार होकर पटखौली गांव से अपने घर वापस जा रहे थे तभी सामने से अन्य मोटरसाइकिल पर आ रहे जितेंद्र (25) तथा उमेश प्रताप सिंह (55) से उनकी टक्कर हो गई जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी अखंडदेव मिश्र ने बताया कि स्थानीय लोगों ने घायलों को लंभुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया और जितेंद्र तथा उमेश प्रताप सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। **(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### शिमला बाईपास पर हादसा...बस और लोडर ऑटो के बीच जोरदार टक्कर, बच्चे समेत दो की मौत

**देहरादून, एजेंसी।** दोपहर करीब दो बजे देहरादून के सहसपुर थाना इलाके के विकासनगर क्षेत्र में सिंघनीवाला शिमला बाईपास पर हादसा हुआ। देहरादून में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शिमला बाईपास पर सिंघनीवाला में बस और लोडर ऑटो के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दौरान लोडर सड़क से नीचे पलट गया, जबकि बस सड़क पर पलट गई। हादसे में 14 लोग घायल हो गए। वहीं बच्चे समेत दो की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब दो बजे बस विकासनगर से देहरादून की ओर जा रही थी। सहसपुर थाना इलाके के विकासनगर क्षेत्र में सिंघनीवाला शिमला बाईपास पर हादसा हुआ। बस और लोडर के बीच भिड़ंत हुई है। लोडर सड़क से नीचे पलटा है, जबकि बस सड़क पर पलटी है। हादसे में दो की मौत हो गई है। जिसमें एक व्यक्ति और एक बच्चा शामिल है। 14 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि गंभीर घायलों को ग्राफिक एरा अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि बस दो बार पलटी थी और कुछ यात्री बस के नीचे दब गए थे। ग्रामीणों ने बस को उठाया और घायलों को अस्पताल भिजवा दिया। घायलों को अस्पताल भेजने के बाद पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे।

### रायपुर में जमीन बेचने के नाम पर 70-80 लोगों से धोखाधड़ी

**देहरादून, एजेंसी।** जमीन बेचने के नाम पर एक कंपनी के साथ मिलकर कुछ लोगों ने 70 से 80 लोगों के साथ धोखाधड़ी कर ली। आरोप है कि इन लोगों ने अपने नाम की जमीन लोगों को बेची और फिर इस पर कब्जा नहीं दिया। मामला जब एसआईटी के पास पहुंचा तो सामने आया कि जो जमीन बेची गई है, वह बेचने वालों से संबंधित नहीं है। दो अलग-अलग शिकायतों के आधार पर एसआईटी की संस्तुति पर रायपुर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। एसओ रायपुर प्रदीप नेगी ने बताया कि एसआईटी स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन ने इस मामले में जांच की है। एसआईटी को पहले मयूर विहार दिल्ली के रहने वाले रश्मि जुनेजा, गुलशन जुनेजा आदि ने शिकायत की थी। बताया था कि उन्होंने पिछले साल अक्तूबर में रायपुर क्षेत्र के औली रोड पर आशु शर्मा और अंजली शर्मा से करीब पांच बीघा जमीन खरीदी थी, लेकिन उन्हें इस जमीन पर कब्जा नहीं दिया गया। इस संबंध में एसआईटी ने पहले भी मुकदमे के लिए थाने को लिखा था। अब इसी जमीन को खरीदने के संबंध में डालनवाला निवासी शोभाराम रतूड़ी, गाजियाबाद के वसुंधरा निवासी सविता रतूड़ी और रिंग रोड लाडपुर की रहने वाली विजय लक्ष्मी नौटियाल ने एसआईटी को शिकायत की है। इनके साथ भी धोखाधड़ी का पुराना तरीका ही अपनाया गया है। इन्हें जमीन बेची गई और बैनामा भी किया गया, लेकिन जब कब्जा लेने पहुंचे तो पता चला कि यह जमीन वह नहीं जो कि उन्हें बेची गई है। एसआईटी ने जांच में पाया कि जमीन खरीदने वालों से आईएफआई रियलटी प्राइवेट लिमिटेड ने जमीन बेचने की डील की थी। इनसे जो धन मिला वह भी इस कंपनी के खाते में ही जमा किया गया।

### कैनाल रोड का निर्माण शुरू कराए जाने की मांग

**देहरादून, एजेंसी।** नगर पालिका के हरिपुर वार्ड के सभासद ने लोक निर्माण विभाग से कैनाल रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ कराए जाने की मांग की है। उन्होंने लोनिवि के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर यह चेतावनी भी दी है कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो वह जिलाधिकारी के दरबार में समस्या को उठाएंगे। पत्र में सभासद मोहन सिंह राठौर ने कहा है कि कैनाल रोड के खस्ताहाल होने के कारण हरिपुर व आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हरिपुर व ढकरानी के किसानों के खेत कैनाल रोड पर होने के कारण उन्हें रात व दिन के समय आवाजाही करनी पड़ती है। सड़क के अत्यधिक खराब होने के कारण दुर्घटना घटने का खतरा बना रहता है।

# चारधाम यात्रा में प्लास्टिक का उपयोग श्रद्धालुओं पर पड़ेगा भारी



**देहरादून, एजेंसी।** राज्य सरकार चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के प्रयास में जुटी है. उधर यात्रा को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपने अलग लक्ष्य पर काम कर रहा है. दरअसल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चारधाम यात्रा को प्लास्टिक फ्री यात्रा के रूप में दर्ज करना चाहता है और इसके लिए बोर्ड ने तीन रणनीतियों पर काम किया है, ताकि उत्तराखंड में आने वाले लाखों श्रद्धालु प्लास्टिक फ्री यात्रा में अपना योगदान दे सके.

**श्रद्धालु प्लास्टिक कचरे को बढ़ाने की बनते हैं वजह :** चारधाम यात्रा के दौरान देश और दुनिया भर लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं. इस दौरान यह श्रद्धालु राज्य के कई जिलों से होकर धामों तक पहुंचते हैं. श्रद्धालुओं के चार धाम पहुंचने के बीच चिंता प्लास्टिक कचरे को लेकर भी रहती है. क्योंकि विभिन्न जगहों से आने वाले श्रद्धालु अपने साथ प्लास्टिक कचरा लेकर भी आते हैं और यह कचरा उत्तराखंड में ही रह जाता है. इन्हीं स्थितियों को देखते हुए पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड यात्रा में प्लास्टिक कचरे पर नियंत्रण के प्रयास कर रहा है. जिसके लिए बोर्ड ने तीन रणनीतियों पर काम किया है.

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने प्लास्टिक कचरे को राज्य से खत्म करने और चारधाम को प्लास्टिक फ्री यात्रा बनाने के लिए अपनी रणनीति का पहला हिस्सा जागरूकता के रूप में रखा है. इसके तहत न केवल उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालुओं को प्रदेश में दाखिल होने के दौरान विभिन्न जगहों पर प्लास्टिक के कचरे से देवभूमि को मुक्त रखने के लिए जागरूक किया जाएगा. बल्कि स्थानीय लोगों को भी इस संदर्भ में जागरूक कर प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और इसका उपयोग करने पर कानूनी कार्रवाई होने की जानकारी दी जाएगी. इसके अलावा तमाम टैक्सी चालकों और श्रद्धालुओं को अपनी गाड़ियों में ही कचरे के लिए बैग रखने की भी सलाह दी जा रही है.

**श्रद्धालुओं को प्लास्टिक का विकल्प देने के प्रयास :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की दूसरी रणनीति श्रद्धालुओं और यात्रा में आने वाले दूसरे स्थानीय लोगों को प्लास्टिक का विकल्प देने की है. इस दौरान बोर्ड की तरफ से जहां एक तरफ प्लास्टिक की बोतलों के लिए digital deposit refund system लगाया जा रहा है. दूसरी तरफ क्लॉथ बैग मशीन भी चारधाम यात्रा रूट पर उपलब्ध कराई जा रही है. डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम के जरिए आम लोग प्लास्टिक की बोतलों को यात्रा रूट पर मौजूद मशीनों में वापस जमा कर कुछ पैसे वापस ले सकते हैं तो क्लॉथ बैग मशीन के जरिए श्रद्धालुओं को कपड़े के बैग उपलब्ध होंगे जिसमें वह अपना कचरा रख पाएंगे.

**रणनीति में कार्रवाई करने का लिया फैसला :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इन सब प्रयासों के बावजूद भी जो श्रद्धालु नहीं मानते हैं, उनके लिए कार्रवाई अमल में लाने का फैसला लिया है. इसमें श्रद्धालुओं पर 500 से लेकर हजारों रुपए तक की जुर्माने के रूप में कार्रवाई हो सकती है. इसके लिए बोर्ड में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी सिंगल प्लास्टिक उसे करने वालों पर कार्रवाई के लिए कहा है. उत्तराखंड में हर साल चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है. इस बार भी संख्या 50 लाख से ज्यादा होने की उम्मीद है. इस बार हर साल की तरह यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने हेतु प्रयास हो ही रहे हैं. साथ ही यात्रा को पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल बनाने के लिए भी कोशिश हो रही है।

### सुपर किंग व लायंस के बीच आज होगा खिताबी मुकाबला

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तरांचल प्रेस क्लब अंतर क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला आज (सोमवार) दून सुपर किंग और दून लायंस के बीच खेला जाएगा। इससे पहले रविवार को महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज के मैदान में टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला मैच दून किंग राइडर और दून सुपर किंग के बीच खेला गया। इसमें किंग राइडर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 107 रनों का स्कोर बनाया। टीम के लिए विजय मिश्रा ने 38, मनीष डंगवाल ने 19 रन बनाए। जवाब में सुपर किंग की टीम ने 17.4 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। चैंपियन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 151 रनों का स्कोर बनाया। टीम के लिए प्रकाश भंडारी ने 51, सोबन सिंह गुसाईं ने 35 और शिवेश शर्मा ने 22 रन बनाए।

# ऋषिकेश आने वाले पर्यटकों के लिए पुलिस ने जारी की चेतावनी कई जगहों पर जाने से रोकेगी पुलिस

**देहरादून, एजेंसी।** यदि आप भी गर्मियों की छुट्टी में तीर्थ नगरी ऋषिकेश या उसके आसपास के इलाकों में घूमने आ रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है. क्योंकि उत्तराखंड पुलिस ने पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों के लिए कुछ एडवाइजरी जारी हैं, जिसमें पुलिस आपको कई जगहों पर जाने से रोक भी सकती है.

दरअसल, ऋषिकेश के आसपास पौड़ी गढ़वाल और टिहरी गढ़वाल जिले में गंगा किनारे कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पर लापरवाही के कारण कई बार पर्यटक गंगा में डूबते हैं. गर्मियों के सीजन में बड़ी संख्या में पर्यटक ऋषिकेश और आसपास के इलाकों में घूमने आते हैं. इसलिए इस तरह की घटनाएं बढ़ने की ज्यादा आशंका रहती है. ऐसे में पौड़ी गढ़वाल पुलिस की तरफ से ऋषिकेश आने वाले पर्यटकों के लिए कुछ जगहों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है. यह वह गंगा तट है, जहां पर सबसे अधिक हादसे हो रहे हैं.



पौड़ी पुलिस ने एक टीम भी बनाई है, जो पर्यटकों को वहां जाने से न केवल रोकेगी, बल्कि लोगों को जागरूक भी करेगी. पौड़ी पुलिस का कहना है कि ऋषिकेश के पास लक्ष्मण झूला थाना क्षेत्र में पुलिस ने उन घाटों पर पर्यटकों के जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, जहां लोगों के डूबने की सबसे ज्यादा आशंका रहती है.

पुलिस का कहना है कि लक्ष्मण झूला थाना क्षेत्र में कई इलाके ऐसे हैं, जहां किनारे पर तो गंगा में पानी का लेवल कम है, लेकिन थोड़ा से आगे बढ़ते ही पानी काफी गहरा हो जाता है. ऐसे में पर्यटक भी बिना सोचे-समझे गंगा में उतर जाते हैं और अक्सर डूब जाते हैं. इसलिए पुलिस ने इन इलाकों में चेतावनी भी लिखवाई है.

इसके साथ ही पुलिस लाउडस्पीकर से भी अनाउंसमेंट कर बता रही है कि पर्यटकों के लिए कौन से घाट सुरक्षित है. आने वाले दिनों में मानसून के दौरान गंगा का लेवल और बढ़ जाता है. ऐसे में पुलिस ने अभी से यह एक्सरसाइज भी शुरू कर दी है कि पर्यटकों को यह बताया जाए कि आपके लिए कौन सी जगह गंगा स्नान के लिए सुरक्षित रहेगी.

बता दें कि लक्ष्मण झूला और राम झूला के नीचे बने मिट्टी के टापू में जाकर न केवल समय बिताते हैं, बल्कि वहां पर नहाते भी हैं. ऐसे में शांत पानी और गहराई का अंदाजा न होने की वजह से आए दिन ऋषिकेश में लोगों के साथ भी हादसे होते हैं. लिहाजा अगर आप ऋषिकेश आ रहे हैं तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पुलिस द्वारा जिन घाटों को खतरनाक बताया गया है, उन घाटों पर स्नान न करें.

### दुकान के कर्मचारी ने मालिक के खाते से निकाले 4.94 लाख

**देहरादून, एजेंसी।** सहस्त्रधारा क्रॉसिंग स्थित एक दुकान के कर्मचारी ने मालिक के खाते से ही 4.94 लाख रुपये निकाल लिए। यह रकम उनके डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर निकाली गई। उन्हें इसका पता उस वक्त लगा जब कर्मचारी बिना बताए काम छोड़कर चला गया।

उन्होंने खाते का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि खाता खाली हो गया है। मामले में पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ रायपुर प्रदीप नेगी ने बताया कि चूना भट्टा निवासी मोहम्मद अब्दुला की एएस ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। उन्होंने मेरठ के किठौर इलाके के गांव ललियाना निवासी आमिर खान को गत एक नवंबर 2024 को काम पर रखा था। वह सामान खरीदने बेचने और बिल बनाने का काम करता था। इसके लिए उसे 12 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते थे।

इसका उन्होंने पुलिस से सत्यापन भी कराया था। गत 23 मार्च को वह अचानक बिना बताए कहीं चला गया। कई दिनों तक नहीं आया तो उन्हें शक हुआ। मोहम्मद अब्दुला ने अपनी फर्म के करंट अकाउंट का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसमें महज 97 रुपये ही बचे हैं। बैंक कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि उनके खाते से कुल 4.94 लाख रुपये विभिन्न तिथियों में डेबिट कार्ड से निकाले गए हैं। एसओ ने बताया कि मोहम्मद अब्दुला के इस खाते से लिंक मोबाइल नंबर भी दुकान में ही रखा रहता था। इसे भी आमिर खान ही देखता था। उसी के पास डेबिट कार्ड रहता था।

# पहचानने को डाउनलोड किया अपनों का फोटो भी कर सकता है खाता खाली

**देहरादून, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर अपनों का फोटो जानकर डाउनलोड करना भी कंगाल बना सकता है। साइबर ठगों ने ठगी का यह नया तरीका अपनाया है। ठग पहले एक फोटो सोशल मीडिया पर भेजकर उसे पहचानने के लिए कह रहे हैं। इसके बाद जैसे ही फोटो डाउनलोड किया जाता है तो फोन की कई परमिशन उनके पास चली जाती हैं। इसके बाद ठग बैंक खातों में सेंध लगाकर अपने खातों में धन ट्रांसफर कर लेते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इन ट्रांजेक्शन के एसएमएस आने में भी देरी हो जाती है। फोन का कंट्रोल वापस आने के बाद ही ठगी का पता लगता है। इस बीच ठग इस रकम को विभिन्न माध्यम से निकाल भी लेते हैं।

अब लिंक बीते जमाने की बात हो रही है। साइबर ठग नए-नए तरीके लोगों को ठगने के इजाद कर रहे हैं। इन्हीं में से एक है फोटो क्लेम। यह तरीका हाल ही में देश के कई हिस्सों में देखने को मिला है। इसमें किसी अमूक व्यक्ति के व्हाट्सएप पर एक फोटो भेजा जाता है। फोटो धुंधला यानी डाउनलोड नहीं होता है। इसके बाद एक फोन आता है। फोन करने वाला व्यक्ति से इस फोटो पहचानने के लिए कहता है। इसमें कुछ भी बहाना बनाया जाता है। मसलन व्यक्ति घर से गायब है आपने कहीं देखा है क्या यह आपका भाई है क्या अमुक स्थान पर पकड़ा गया है ये इस तरह के सवाल होते हैं जिनसे इस फोटो को डाउनलोड करना व्यक्ति लाजिमी समझता है। जैसे ही डाउनलोड करने के लिए क्लिक किया जाता है तो एक फाइल डाउनलोड हो जाती है। इससे फोन के कई तरह के कंट्रोल साइबर ठगों के पास चले जाते हैं। मसलन, यूपीआई, बैंक एप्लीकेशन आदि।

इनसे आने वाले एसएमएस भी साइबर ठगों के पास ही जाते हैं। इस तरह यूपीआई व अन्य माध्यम से ठग व्यक्ति के खाते से पैसा ट्रांसफर कर लेते हैं। इसके बाद जब व्यक्ति को पता चलता है तब तक एटीएम मशीन से धन निकाल लिया जाता है या फिर इससे कुछ न कुछ ई-कॉमर्स वेबसाइट पर खरीद लिया जाता है। सीओ साइबर अंकुश मिश्रा ने बताया कि इस फोटो में एक लिंक होता है, जिससे व्यक्ति के मोबाइल में एक एपीके (एंड्रॉयड पैकेज किट) डाउनलोड हो जाती है। यह एक तरह की रिमोट एप्लीकेशन होती है। इससे फोन में मौजूद विभिन्न परमिशन रिमोट एक्सेस डिवाइस पर चले जाते हैं। ट्रांजेक्शन के एसएमएस तक एक्सेस डिवाइस (ठगों के मोबाइल) पर जाते हैं। ऐसे में लोगों को पता नहीं चलता। बाद में जब खाता खाली हो जाता है तब उन्हें ठगी का एहसास होता है।

पिछले साल शादियों के सीजन में साइबर ठगों ने शादी का कार्ड भेजकर इस तरह की ठगी को अंजाम दिया था। शादी के कार्ड के नीचे एक छोटा सा लिंक दिया होता था। यह एपीके फाइल का लिंक होता था। इसे क्लिक करते ही फोन के सारे कंट्रोल साइबर ठगों के हाथ में चले जाते हैं। इसी तरह से यह फोटो क्लेम स्कैम भी चलाया जा रहा है। सीओ अंकुश मिश्रा ने बताया कि फिलहाल यहां पर कोई मामला सामने नहीं आया है। लेकिन, इस तरह से यदि कोई फोटो भेजकर आपको फोन करता है तो इससे सचेत रहने की आवश्यकता है।

# सीवर की सफाई करेगा रोबोट, मैनुअल मैनहोल कार्य से मिलेगा छुटकारा

**देहरादून, एजेंसी।** देश दुनिया में रोबोट इस्तेमाल करने का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है. इसी क्रम में केरल की एक कंपनी ने रोबोहोल टेक्नोलॉजी तैयार किया है, जिसके जरिए सीवरेज की सफाई आसानी से की जा सकती है. हालांकि, अभी भी उत्तराखंड समेत तमाम राज्यों में सीवरेज की सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों को सीवरेज होल में उतारा जाता है. लेकिन अच्छी बात ये है कि इस मशीन के आने से सीवर मैन को अब सीवर में नहीं उतरना पड़ेगा. इसके साथ ही उनकी जान को भी कोई खतरा नहीं रहेगा.

रोबोहोल की खासियत यह है कि इसमें दूषित गैस को चिन्हित करने की क्षमता भी मौजूद है. साथ ही आसानी से सीवरेज होल की सफाई हो सके इसके लिए इसमें जरूरी उपकरण भी लगाए गए हैं. रोबोहोल में एलईडी भी लगाया गया है, जिसके जरिए सीवरेज होल के अंदर कहां सफाई की जानी है, उसको बाहर से साफ-साफ देखा जा सकता है. साथ ही मशीन को बाहर से ही ऑपरेट करते हुए आसानी से सफाई की जा सकती है. रोबोहोल की खासियत है कि वो सीवरेज होल में 30 फीट गहराई तक सफाई कर सकता है. साथ ही करीब 125 किलोग्राम वजन भी उठा सकता है.



वहीं, जेनरोबोटिक्स के रीजनल बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर गौरी शंकर ने बताया कि ये दुनिया का पहला मैनहोल क्लीनिंग रोबोट है, जिसका साल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया था. वर्तमान समय में उनकी कंपनी नमस्ते स्कीम के अंडर में काम कर रही है. अभी तक देश के 19 राज्यों और 3 केंद्र शासित राज्यों में रोबोहोल की सप्लाई कर चुके हैं. साथ ही बताया कि जेम पोर्टल पर ये प्रोडक्ट मौजूद है, जिसकी कीमत करीब 38 लाख रुपए है. जिस तरह सफाई कर्मचारी होल के अंदर जाकर सफाई करता है, उसी तरह ये रोबोट सफाई कर्मचारियों की तरह ही काम करने के लिए डिजाइन किया गया है.

दरअसल, राजधानी देहरादून में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित इस चिंतन शिविर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से स्टॉल लगाया गया. जहां पर सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को देखते हुए जेनरोबोटिक्स कंपनी की ओर से रोबो होल की प्रदर्शनी लगाई गई, जहां पर इसकी जानकारी दी गई.

# राजधानी के राष्ट्रपति आशियाना में गाइड बनने का मौका

**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून स्थित आशियाना को आमजन के लिए खोलने के निर्देश दिए थे। इसके बाद राष्ट्रपति सचिवालय ने राजधानी में अफसरों के साथ कई दौर की बैठक कर ली है।

राजधानी स्थित राष्ट्रपति आशियाना में युवाओं को स्कॉलर गाइड बनने का मौका है। राष्ट्रपति भवन ने इसकी विज्ञप्ति जारी कर दी है। युवा अपनी पढ़ाई के साथ चुने गए दिनों में यहां स्कॉलर गाइड की सेवाएं दे सकते हैं।

दरअसल, आशियाना को जून माह में आमजन के लिए खोलने के साथ ही यहां एक विशाल पार्क का शिलान्यास भी राष्ट्रपति करेंगी। आने वाले समय में यह बड़ा पर्यटन स्थल बन सकता है।

भविष्य की संभावनाओं के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन 10 स्कॉलर गाइड रखने जा रहा है। यह भारतीय होने चाहिएं। प्रथम श्रेणी के साथ ग्रेजुएशन पास हों। सार्वजनिक रूप से बोलने में कोई हिचकिचाहट न हो। कम्यूनिकेशन स्किल ऐसी हो कि वह कहानी सुनाने की कला में माहिर हो। समय के हिसाब से खड़े रहने और टहलने की क्षमता हो। हिंदी और अंग्रेजी में बोलने की महारत हो। इसके अलावा गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी बोलियों की जानकारी भी रखता हो।

स्कॉलर गाइड बनने के लिए



पर्यटन स्थल, म्यूजियम, धरोहरों या कार्यक्रमों का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता मिलेगी। इसी प्रकार, जिन युवाओं के पास टूरिज्म में डिप्लोमा सर्टिफिकेट होगा, उन्हें भी प्राथमिकता मिलेगी। श्रवणबाधित पर्यटकों के लिए थोड़ा साइन लैंग्वेज की भी जानकारी होनी चाहिए। चुने गए युवाओं को चुनिंदा दिनों के लिए सेवा करने का मौका मिलेगा, जिसमें प्रतिदिन 1200 रुपये का भुगतान भी मिलेगा।

राष्ट्रपति आशियाना की स्थापना मूलतः 1838 में गवर्नर जनरल के अंगरक्षक के घोड़ों और सवारों के ग्रीष्मकालीन शिविर के रूप में की गई थी। घोड़े मई से जुलाई के महीने में दिल्ली की गर्मी से बचने के लिए यहां रहते थे। देश की आजादी के बाद यह प्रथा राष्ट्रपति के अंगरक्षक ने जारी रखी। आशियाना भवन को 1920 में अंगरक्षक के कमांडेंट के बंगले के रूप में बनाया गया था। 1975-76 में राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के लिए शिमला के वैकल्पिक ग्रीष्मकालीन निवास के रूप में इस एस्टेट और भवन को राष्ट्रपति निवास में बदल दिया गया था। 1976 में बंगले का नाम बदलकर राष्ट्रपति आशियाना रखा गया। यह नाम प्रथम महिला बेगम आबिदा अहमद ने सुझाया था। आशियाना ने राष्ट्रपति अहमद, नीलम संजीव रेड्डी , जैल सिंह और केआर नारायणन की मेजबानी की, जो 1998 में वहां रुके थे। इसके बाद आशियाना का उपयोग बंद हो गया। फिर जीर्णोद्धार किया गया और 2016 में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इसका उद्घाटन किया था। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे आमजन के लिए खोलने की पहल की है। 237 एकड़ में फैले इस परिसर में आशियाना बिल्डिंग, एनेक्सी कॉम्प्लेक्स, एक स्विमिंग पूल और ऊपरी और निचले अस्तबल शामिल हैं।

### गर्मी से मिलेगी राहत, जल्द बदलेगा मौसम

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में गर्मी से जल्द राहत मिलने वाली है. दरअसल पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तराखंड का मौसम करवट बदल सकता है. मौसम का मिजाज बदलने से गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिल सकती है. देहरदून मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 8 अप्रैल से वेस्टर्न डिस्टरबेंसके सक्रिय होने के चलते उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में गरज और चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने का अनुमान है. देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, उत्तराखंड के टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, चंपावत, पौड़ी, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, बागेश्वर के अलावा मैदानी जिले देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर के अलग-अलग क्षेत्र में गरज चमक के साथ वर्षा होने का अनुमान है. मौसम बदलने से कई क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार मौसम विभाग ने जताएं हैं. हेल लाइटिंग और तेज हवाओं के बीच वर्षा होने की संभावनाएं भी जताई है. इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं.

## सम्पादकीय

# व्यापार युद्ध की आशंका



सैयद अहमर हसनैन

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ हमले और चीन की जवाबी कार्रवाई से विश्व के तमाम शेयर बाजार लहूलुहान हुए हैं। कई अन्य देशों की भी जवाबी कार्रवाई के फैसले से दीर्घकालीन व्यापार युद्ध की आशंका बलवती हो गई है। जिससे पूरी दुनिया में मंदी आने की चेतावनी दी जा रही है। निश्चित तौर पर इससे आर्थिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस संशय और अनिश्चितता के चलते शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली से दुनिया के तमाम शेयर बाजार धराशायी हुए हैं। निवेशकों को लाखों करोड़ का नुकसान हो रहा है। आने वाले समय में टैरिफ वॉर के और बढ़ने की आशंका है क्योंकि चीन ने नौ अप्रैल को होने वाली विश्व व्यापार संगठन की बैठक में 'नई व्यापार चिंता' के रूप में अमेरिका की टैरिफ नीति का मुखर विरोध करने का फैसला किया है। चीन का मानना है कि अमेरिका के एकतरफा संरक्षणवाद का दुनिया के देशों को विरोध करना चाहिए, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली की सुरक्षा के लिये एक व्यापक गठबंधन बनाने की जरूरत बतायी है।**

इन हालात में प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय दबाव के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ थोपने के फैसले को वापस लेंगे? या फिर पहले की तरह टैरिफ लगाने की धौंस देते रहेंगे। वैसे इस बात की संभावना कम ही है कि जिद्दी ट्रंप अपने बढ़े कदमों को पीछे खींचेंगे। यहां सवाल यह भी है कि ट्रंप के टैरिफ का जवाब देने वाले देश पलटवार करने में कितने सक्षम हैं। वहीं भारत ने दीर्घकालीन व व्यापक हितों को देखते हुए टकराव टालने का प्रयास किया है और बातचीत का रास्ता चुना है। लेकिन इस अनिश्चितता के दौर में निवेशकों में बढ़ती असुरक्षा ने भारत सरकार पर नीतिगत फैसले लेने के लिये दबाव बनाया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी संभावना है कि चीन व प्रतिकार करने वाले अन्य देशों के दबाव के कारण ट्रंप अपनी आक्रामक रणनीति को लंबे समय तक जारी नहीं रख पाएंगे। विडंबना यह है कि अमेरिका राष्ट्रपति के इन कदमों से खुद अमेरिका के लिये भी बड़ी आर्थिक चुनौती पैदा हो सकती है। येल विश्वविद्यालय में बजट लैब के एक विश्लेषण के अनुसार ट्रंप सरकार के प्रतिशोधात्मक टैरिफ से औसत अमेरिकी परिवार को सालाना चार हजार दो सौ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं अमेरिका में मंदी और तेज मुद्रास्फीति का खतरा भी मंडरा रहा है। वहीं भारत जैसे अन्य विकासशील व विकसित देशों को आशा है कि वैश्विक व घरेलू दबाव ट्रंप को उनकी भूल का अहसास कराएगा। जिससे वे अधिक आर्थिक अराजकता पैदा करने वाले फैसलों से पीछे हटेंगे। वैसे एक हकीकत यह भी है कि अमेरिका अपने कई उत्पादों के लिये अन्य देशों पर निर्भर है। उसके उद्यमियों ने भी दूसरे देशों में औद्योगिक यूनिट लगा रखे हैं। ऐसे में उन देशों पर टैरिफ लगाने से अमेरिकी जनता द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं के दाम भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेंगे। यही वजह है कि अमेरिका के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। जिसका असर पूरी दुनिया पर भी दिख रहा है और स्थितियां कोरोना काल के संकट जैसी बन गई हैं। वैसे आज भी दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल से पूर्व की आर्थिक स्थिति पर लौटने के लिये संघर्षरत हैं। कमोबेश ये स्थितियां बड़े आर्थिक संकट की आहट दे रही हैं। जिसकी वजह है कि अमेरिका समेत अन्य देशों में निवेश बाधित होने, उत्पादन में गिरावट, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान से वैश्विक स्तर पर महंगाई उत्पन्न होने की चिंताएं बढ़ रही हैं। जिसका तमाम क्षेत्रों पर असर पड़ने से आम लोगों का जीवनयापन कठिन होता जाएगा। खपत कम होने से अर्थव्यवस्था का चक्र धीमा हो जाएगा। यही वजह है कि ट्रंप के मनमाने टैरिफ युद्ध से दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं खुद को बचाने की जद्दोजहद में जुटी हैं। हालांकि, खुद अमेरिका भी इसके दुष्परिणामों से अछूता नहीं रहेगा। निवेशकों की घबराहट से उसकी अर्थव्यवस्था भी चरमराएगी। आने वाले वक्त में उसके दांव ही उलटे पड़ने वाले हैं। घोर संरक्षणवाद के चलते वह कालांतर में शेष दुनिया से कट जाएगा।

## विश्व णमोकार मंत्र दिवस

# दुनिया को शांति के लिये एकसूत्र में पिरोने का महा-अनुष्ठान



ललित गर्ग

णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र, अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जोकि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है। इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मन्त्र या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है। इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। णमोकार महामंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं। णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्जा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का...

**महावीर जयन्ती से ठीक एक दिन पूर्व 9 अप्रैल 2025 को विश्व णमोकार मंत्र दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है और एक विश्व, एक दिन और एक पवित्र महामंत्र और उसका पवित्र उच्चारण प्रातः 8:01 से लेकर 9:36 बजे तक, एक साथ पूरे भूमंडल पर व्याप्त होकर एक उजाला बिखेरेगा। यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है। दिल्ली में नौ अप्रैल को विज्ञान भवन में इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। यह आयोजन 180 देश के लाखों भक्तों की भागीदारी, विश्व भर में 100 मेगा इवेंट्स, 6000 से अधिक मंदिरों एवं अन्य स्थलों में एक जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेंगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शांति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु समयग-आचरण का अभाव अखरता है।**

सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदेशिक मंत्र है, जिसका उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। णमोकार मंत्र शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धता को प्रोत्साहित करने का अमोघ मंत्र है। यह दिवस जैन धर्म के सबसे पवित्र और सार्वभौमिक मंत्र- 'णमोकार महामंत्र' के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है।दुनिया में दो मंत्र अधिक प्रभावी हैं जिनमें एक गायत्री मंत्र और दूसरा नमस्कार महामंत्र। णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र, अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जोकि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है। इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मन्त्र या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है। इस मन्त्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। णमोकार महामंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं। णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्जा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहते हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मूल्यों का सम्बन्ध तो 'जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है, जो णमोकार महामंत्र की सार्थक निष्पत्ति है। इस मंत्र के प्रथम पाँच पदों में 35 अक्षर और शेष दो पदों में 33 अक्षर हैं। इस तरह कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग यानी मोक्ष- संसारबंधनों मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। यह मन्त्र एक भावना है, एक इच्छा है, एक कामना है




जो बार बार दोहराई जाती है ताकि वैसा हो जाए, इस दृष्टि में उन्नत विश्व संरचना, हिंसा एवं युद्ध मुक्ति के लिये यह कारगर है। सह-अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है और अहिंसा को फलित करने के लिये णमोकार महामंत्र अचूक उपक्रम है, अनुष्ठान है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बचाए रखने की कोशिशें व्यर्थ और अन्ततः घातक होती हैं। आचार्य श्री उमास्वाति की प्रसिद्ध सूक्ति है- 'परस्परोपग्रहो जीवानाम्' अर्थात् सभी एक-दूसरे के सहयोगी होते हैं। पारस्परिक उपकार-अनुग्रह से ही जीवन गतिमान रहता है। समाज और सामाजिकता का विकास भी इसी अवधारणा पर हुआ। इस प्रकार णमोकार महामंत्र के जाप से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त होते हैं। णमोकार महामंत्र की शक्ति केन्द्र से परिधि तक परिव्याप्त व्यक्ति से लेकर विश्व तक को आनन्द और अमृत प्रदान करती है। णमोकार महामंत्र व्यक्ति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए णमोकार महामंत्र से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता। इस दृष्टि से विश्व णमोकार मंत्र दिवस सम्पूर्ण विश्व को आत्म-कल्याण से विश्व-कल्याण की ताकत और प्रासंगिकता से अवगत कराने का सशक्त माध्यम है। आत्मविशुद्धि और मुक्ति के साथ-साथ जीवन को सुखद, समृद्ध, निरोगी और प्रसन्न बनाने के लिए नियमित रूप से णमोकार महामंत्र का जाप करना चाहिए।

# मोदी सरकार में नारी सशक्तिकरण की ठोस पहल

## महिला सशक्तिकरण



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, पीएम मोदी देश की महिलाओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर जुटे हुए हैं। यही वजह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में शहर से लेकर गांव तक और बिजनेस से लेकर शेयर बाजार तक महिलाओं का सशक्तिकरण खूब नजर आने लगा है। पीएम मोदी नारीशक्ति को देश के प्रमुख चार स्तंभों में से एक मानते हैं और उनके लिए ऐसी कई योजनाएं लगातार ला रहे हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और उनका सशक्तिकरण भी हो सके। प्रधानमंत्री के इसी भरोसा देने के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में नारीशक्ति का योगदान दिनों-दिन बढ़ रहा है। कभी महिलाओं के बिल्कुल अछूते रहे शेयर बाजार में भी अब महिलाओं की संख्या और दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। आज हालात यह हैं कि देश के कुल बैंक खातों में से 39.2 प्रतिशत महिलाओं के ही हैं। यही नहीं, बैंक खातों में जमा कुल रकम में भी करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। गांवों में 42 प्रतिशत महिलाएं खाताधारक हैं। इतना ही नहीं शेयर बाजार तक में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पिछले तीन साल में ही महिलाओं के डीमेट अकाउंट भी चार गुना बढ़े हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की ताजातरीन रिपोर्ट 'भारत में महिलाएं और पुरुष 2024' के...

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज एक समावेशी राष्ट्र का निर्माण हो रहा है, जिसमें लैंगिक समानता को महत्व दिया जा रहा है। महिलाओं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रभावी नीतियां अपनाकर भारत की विकास गाथा में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। पूर्व में लैंगिक समानता के मोर्चे पर निराशा की स्थिति थी, लेकिन आज उसकी जगह लोकतांत्रिक नीतियों और उनके सफल कार्यान्वयन ने ले ली है। आज शासन-प्रशासन के ढांचे में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। राष्ट्रीय परिवर्तन की अगुआई में महिलाओं की भूमिका मोदी सरकार की एक खासियत रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला विकास से हटकर महिला नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को महिलाओं का स्पष्ट समर्थन मिला है। नारी शक्ति अब आर्थिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी धरती पर भी महिलाओं के बीच गर्मजोशी और उत्साह पैदा किया है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं,अगर हमारी 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाएं घर में बंद रहेंगी तो हम सफलता हासिल नहीं कर सकते।**

मोदी सरकार का एक प्रमुख जोर वित्तीय सहायता, कौशल और प्रशिक्षण के माध्यम से महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने पर रहा है। महिला सरपंचों से लेकर विधायकों तक, सार्वजनिक सेवा में महिलाओं की भूमिका को पहले से कहीं ज़्यादा प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकार किया है कि सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के परिणाम महिलाओं की भागीदारी के साथ कई गुना बढ़ जाते हैं, क्योंकि वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज की देखभाल और भरण-पोषण करने की असाधारण क्षमता रखती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, पीएम मोदी देश की महिलाओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर जुटे हुए हैं। यही वजह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में शहर से लेकर गांव तक और बिजनेस से लेकर शेयर बाजार तक महिलाओं का सशक्तिकरण खूब नजर आने लगा है। पीएम मोदी नारीशक्ति को देश के प्रमुख चार स्तंभों में से एक मानते हैं और उनके लिए ऐसी कई योजनाएं लगातार ला रहे हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और उनका सशक्तिकरण भी हो सके। प्रधानमंत्री के इसी भरोसा देने के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में नारीशक्ति का योगदान दिनों-दिन बढ़ रहा है। कभी महिलाओं के बिल्कुल अछूते रहे शेयर बाजार में भी अब महिलाओं की संख्या और दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। आज हालात यह हैं कि देश के कुल बैंक खातों में से 39.2 प्रतिशत महिलाओं के ही हैं। यही नहीं, बैंक खातों में जमा कुल रकम में भी करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। गांवों में 42 प्रतिशत महिलाएं खाताधारक हैं। इतना ही नहीं शेयर बाजार तक में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पिछले तीन साल में ही महिलाओं के डीमेट अकाउंट भी चार गुना बढ़े हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की ताजातरीन रिपोर्ट 'भारत में महिलाएं और पुरुष 2024' के उत्साहवर्धक आंकड़े महिलाओं की सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। भले ही ट्रंप ट्रैरिफ के चलते फिलहाल शेयर बाजार कुछ नीचे हो, लेकिन पिछले कुछ सालों में शेयर बाजार में भी महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। 31 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2024 के बीच



डीमेट खातों की संख्या 3.32 करोड़ से बढ़कर 14.3 करोड़ हो गई। यह 4 गुना से अधिक की वृद्धि है। 2021 के दौरान डीमेट अकाउंट में महिलाओं की संख्या 66.7 लाख थी, जो 2024 में बढ़कर 2.77 करोड़ हो गई। यह संकेत करता है कि महिलाएं अब निवेश और वित्तीय निर्णयों में भी सक्रिय हो रही हैं। पुरुष खाताधारकों की संख्या अब भी अधिक है, लेकिन महिला भागीदारी में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, 15 साल और उससे ज्यादा उम्र की महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 2017-18 में 49.8 प्रतिशत था, जो 2023-24 में 60.1 प्रतिशत हो गया है। यह दर्शाता है कि कामकाजी महिलाएं तेजी से बढ़ी हैं। वित्त वर्ष 2020 में वरिष्ठ पदों पर महिलाओं की हिस्सेदारी 14.7 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 16.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं, इसी दौरान पुरुषों की हिस्सेदारी 85.3 प्रतिशत से घटकर 83.3 प्रतिशत पर आ गई। रिपोर्ट बताती है कि अब हर एक महिला की भर्ती पर करीब दो पुरुषों की नियुक्ति की जा रही है। पहले पुरुषों की नियुक्ति की संख्या ज्यादा थी। महिलाओं को जनप्रतिनिधि के रूप में लाने का पीएम मोदी के लगातार प्रयासों के अब अद्भुत नतीजे आ रहे हैं। ग्रामीण अंचल की ही बात करें तो पंचायती राज संस्थानों में सबसे ज्यादा 56 प्रतिशत महिलाएं उत्तराखंड में हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश (55.5 प्रतिशत), छत्तीसगढ़ (55 प्रतिशत), असम (54.7 प्रतिशत), केरल (54.5 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (54.3 प्रतिशत) का नंबर है। वहीं, पंचायतों में सबसे कम महिलाएं लद्दाख (31.8 प्रतिशत), दादरा नगर हवेली (32 प्रतिशत), जम्मू-कश्मीर (33.2 प्रतिशत) और यूपी (33.3 प्रतिशत) में हैं। चुनावों में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही है। 1952 में भारत में कुल 17.32 करोड़ मतदाता थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गए हैं। इस दौरान महिला मतदाताओं की संख्या में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। इससे लिंग आधारित मतदान का अंतर कम हुआ है। पीएम मोदी के दूरदर्शी विजन से निकली पीएम जन-धन योजना में 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुल चुके हैं। इस योजना का सबसे खास प्रभाव नारीशक्ति पर ही देखने को मिला है। जहां पहले महिलाओं के नाम बैंक खाते कम होते थे, वहीं अब भारत के कुल बैंक खातों में से 39.2 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के नाम हैं। इसके साथ ही दिलचस्प बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा और भी अधिक है। मसलन यहां महिलाओं के नाम 42.2 प्रतिशत बैंक खाते हैं। महिलाओं से जुड़ी यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रविवार को जारी भारत में महिला और पुरुष 2024 = चयनित संकेतक और तथ्य शीर्षक से प्रकाशित 26वीं रिपोर्ट से मिली है। महिलाओं के जीवन में भाजपा सरकार में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं।

## बिम्सटेक सम्मेलन

# बैंकॉक में मोदी-यूनुस मुलाकात के मायने

**बैंकॉक में बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के बीच हुई मुलाकात की पृष्ठभूमि में दो घटनाओं का संदर्भ जरूरी है। पहली है, जब 5 अगस्त, 2024 को उग्र भीड़ ने बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान का घर जलाने की कोशिश की, जिसकी तस्वीरें बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का प्रतीक बनीं, इसके कुछ ही मिनट पहले शेख हसीना को ढाका छोड़कर दिल्ली भागना पड़ा था, और तथाकथित छात्र क्रांति के बाद शीर्ष पद पर अमेरिका में प्रशिक्षित अर्थशास्त्री को बैठाया गया था - इसके दो महीने बाद, 5 फरवरी को यूनुस की नाक के नीचे, वे इस घर को जलाने में कामयाब हो गये। दूसरी घटना है, पिछले सप्ताह बीजिंग में यूनुस और चीनी व्यवसायियों के बीच हुई मुलाकात, जहां उन्होंने भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य, जिन्हें प्यार से 'सेवन सिस्टर्स' कहा जाता है, उनको लेकर कुख्यात और नागवार टिप्पणी की थी। यूनुस ने चीनियों से कहा, 'भारत की 'सेवन सिस्टर्स' तट विहीन भूभाग है। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है।**

हम इस समूचे इलाके में समुद्र के एकमात्र संरक्षक हैं बांग्लादेश से, आप जहां चाहे जा सकते हैं। समुद्र मानो हमारा पिछला आंगन है। इसलिए, यहां पर वह अवसर है, जिसे आप लपकना चाहेंगे'। शायद, यह बांग्लादेशी सचमुच एक भोला व्यक्ति है। हो सकता है, उन्होंने जो कुछ कहा, उसका भावार्थ अनुवाद करते वक्त कुछ बदल गया हो। कदाचित एस. जयशंकर से लेकर हिमंत बिस्वा सरमा और प्रद्योत माणिक्य बर्मन तक, भारतीय राजनेताओं की प्रतिक्रिया अनावश्यक तौर पर कठोर रही हो। लेकिन तथ्य यह है कि प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक की पूर्व संध्या पर बांग्लादेशी नेता की टिप्पणी में भारत के एक संवेदनशील मर्मस्थल का संदर्भ था वह इलाका जो विद्रोह ग्रस्त रहा है, जहां पर सीमा पार से हथियारों की आमद होती रही है, इसमें 2001-06 के बीच खालिदा जिया की बीएनपी सरकार के वक्त चली गतिविधियां, सांप्रदायिक तनाव भी शामिल हैं। शायद कूटनीतिक लिहाज से ऐसे बोल बहुत सही नहीं थे। इसमें भारत की नाजुक रग दबाने की कोशिश दिखी। बेशक यह सच भी है। लेकिन यहां दूसरा तथ्य भी है। यदि भारत को लगा कि उस पर नाहक दबाव बनाया जा रहा है, तो उसके पास खालिस, निष्ठुर शक्ति प्रयोग के दम पर उत्तर-पूर्व और अन्यत्र अपनी कमजोरियों से उबरने और अन्यत्र हमला करने की क्षमता है। यही वजह है कि अपने छोटे पड़ोसियों को भारत जब कभी और जहां कहीं छोटे-छोटे अपराधबोध महसूस करवाता है तो वे इलाके के बड़े ड्रैगन (चीन) की ओर तकने लगते हैं। ज़्यादातर मामलों को छोड़कर, और यकीनन बांग्लादेश के मामले में, उसके और चीन के बीच दूरी काफी है। इसके अलावा, नाजुक मर्मस्थल दोनों तरफ है, यदि भारत की 'सेवन सिस्टर्स' की घेराबंदी करने की फिराक में बांग्लादेश है, तब उसका भीतरी भाग असल में भारतीय इलाका है। राजनेताओं और भूगोलवेत्ताओं, दोनों ने ही, इस मूलभूत तथ्य को काफी पहले समझ लिया था, यह कि भूगोल सिर्फ़ इतिहास नहीं है, यह मौजूदा राजनीति और कूटनीति से भी बना होता है। विंस्टन चर्चिल गलत नहीं थे जब उन्होंने तय किया कि वे ऐसे प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे जो ब्रिटिश साम्राज्य का सबसे अनमोल रत्न को यूं ही छोड़ दे। विभाजन के वर्षों की गहन खोज से हमें पता चलता है कि जब 1947 में अंततः अंग्रेज़ों को लगने लगा कि अब झींकते-बिलबिलाते जाना ही पड़ेगा, तो मन बना लिया कि इस उपमहाद्वीप को अविभाजित एवं समन्वित इकाई के रूप में छोड़कर नहीं जाएंगे। अब सीधे 2025 में आते हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'सेवन सिस्टर्स' पर यूनुस की बचकानी टिप्पणियों का त्वरित जवाब दिया, यह रेखांकित करते हुए कि भारत के पास पूर्व में न केवल लगभग 6,500 किमी. लंबा समुद्री तट है, बल्कि बंगाल की खाड़ी के पांच देशों के साथ सीमा साझी है और यह 'भारतीय उपमहाद्वीप और आसियान मुल्कों के बीच संबंधों का मौका प्रदान करती है'। निश्चित रूप से, भारत की असाधारण शक्ति, विशेषकर अपने आस-पास के इलाके में, को नकारा नहीं जा सकता, न सन् 1971 में, न ही 2025 में। यह अलग बात है कि शेख हसीना ने हाल के वर्षों में अपने पैंतरों से विपक्षियों को राजनीति से बहुत हद तक महरूम रखा था, यह भी उतना ही सच है कि भारत उनके ऐसे कई उपायों को अनुमोदित नहीं करता था, विशेष रूप से देश के भीतर शांति स्थापना की खातिर बांग्लादेश की राजनीति में दूसरी अहम महिला खालिदा जिया से राबता बनाने में उनके सीधे इनकार पर। भारत को आखिर में हसीना का समर्थन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि उसे लगता था कि विकल्प कहीं अधिक बुरा है।**(एजेंसी)**

## अनमोल विचार

- जिस तरह चिड़िया एक -एक तिनका इकट्ठा कर अपना घर बनाती है उसी तरह जीवन में एक -एक कदम से व्यक्ति अपनी मंज़िल तक पहुँच सकता है ।
- जीवन में दुख और परिश्रम कितना ही क्यों ना आ जाये अगर आप को ख़ुद पर अटूट विश्वास है तो आप हर जगह से निकल सकते हो ।
- चाहे आज कोई बेईमान व्यक्ति आगे क्यों न हो पर जीवन में सच्चाई की बिना वो ज़्यादा समय तक खुश नहीं रह सकता ।
- किसी को छोटा या बड़ा ना समझे रात में एक दीपक ही अंधकार में रोशनी देता है ।
- जब एक पत्ता डाली से गिरता है तो वो कहता है बोझ बढ़ने पर सबको गिरना ही है ।

## रोचक जानकारी

### गहराई का ज्ञान

एक बार एक व्यक्ति स्वामी रामकृष्ण परमहंस के पास जाकर कहने लगा कि हमारा धर्म आपके धर्म से श्रेष्ठ है। साथ ही पूछा आपका धर्म किस आधार पर श्रेष्ठ है। परमहंस जी मुस्कराए और बोले, 'एक बार सागर का एक मेढक अचानक कुएं में गिर गया। उसे देखकर कुएं का मेढक बोला तुम बहुत बड़े कुएं में आ गए हो। इसकी लंबाई, चौड़ाई और गहराई को मैं जानता हूं। क्या तुम जानते हो।' समुद्री मेढक ने कहा, 'मैं सागर से आया हूं क्या तुम सागर की लंबाई-चौड़ाई से परिचित हो।' कुएं के मेढक ने कहा, 'कुएं की लंबाई-चौड़ाई में मेरी दो-तीन छलांग के बराबर है, समुद्र की ज्यादा से ज्यादा छह-सात छलांग के बराबर होगी।' समुद्री मेढक ने कहा, 'तुम जीवन भर इस कुएं में रहे हो। सागर की अथाह लंबाई, चौड़ाई और गहराई की कल्पना करना तुम्हारे लिये संभव नहीं है। लाखों कुएं उसका मुकाबला नहीं कर सकते। मैं अनेक वर्ष समुद्र में रहकर उसकी ऊंचाई, गहराई व चौड़ाई का पता नहीं लगा सका।' स्वामी परमहंस ने कहा कि इस कथा का सार यह है कि लोग अपने धर्म को श्रेष्ठ बताने के दुराग्रह में जी रहे हैं। धर्म की श्रेष्ठता के रत्न को कोई व्यक्ति धर्म सागर की गहराई में उतरकर ही हासिल कर सकता है।

## आज का राशिफल



**मेष**:मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा।

**वृषभ**: स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्विंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**: पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कर्क** :घर-बाहर अशांति रहेगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह**:प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या**: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला**:उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**वृश्चिक** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु**: अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा।

**मकर**: नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ** : पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें।

**मीन**: क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे।

## आज का पंचांग

9 अप्रैल को चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि और बुधवार का दिन है। द्वादशी तिथि आज रात 10 बजकर 56 मिनट तक रहेगी। आज सुबह 8 बजकर 53 मिनट तक स्थायीजयद योग रहेगा। आज सुबह 9 बजकर 57 मिनट मघा नक्षत्र तक रहेगा, उसके बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र लग जायेगा। इसके अलावा आज वामन द्वादशी का व्रत किया जायेगा।

09 अप्रैल 2025 का शुभ मुहूर्त

चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि- 9 अप्रैल 2025 को रात 10 बजकर 56 मिनट तक रहेगी

स्थायीजयद योग- 9 अप्रैल को सुबह 8 बजकर 53 मिनट तक

मघा नक्षत्र- 09 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजकर 57 मिनट मघा नक्षत्र तक रहेगा, उसके बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र लग जायेगा

व्रत-त्योहार- 09 अप्रैल को वामन द्वादशी का व्रत किया जायेगा

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 6:01 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:43 बजे

# बाजार में बड़ी गिरावट के हर बार चमका है सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली से सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 1,550 रुपये सस्ता होकर 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। चांदी की कीमत में भी 3,000 रुपये की भारी गिरावट रही और यह 93,000 के नीचे 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई थी। शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में घबराहट के कारण मुनाफावसूली से कीमती धातुओं पर बढ़ा दबाव-92,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे पहुंचा सोना

सराफा कारोबारियों का कहना है कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की भारी बिकवाली से सोने की कीमतों में गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी ने कहा, शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में घबराहट के कारण बिकवाली जारी रहने से सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 10.16 डॉलर गिरकर 3,027.20 डॉलर प्रति औंस रहा।

**चांदी पांच सत्र में 10,500 रुपये सस्ती-** चांदी की

## घबराहट के कारण बिकवाली, कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा





कीमतों में लगातार पांच कारोबारी सत्रों से गिरावट जारी है। इस दौरान चांदी 10,500 रुपये सस्ता होकर एक लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गई। वहीं, सोना पिछले दो कारोबारी सत्रों में 2,900 रुपये सस्ता हुआ है।

### बाजार में बड़ी गिरावट के हर बार चमका है सोना

दुनियाभर के बाजारों में जब-जब बड़ी गिरावट आई है, सोने ने हर बार निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। 2008 में वैश्विक मंदी के दौरान एसएंडपी-500 में 57.69 फीसदी की गिरावट आई थी, जबकि सोना 39.56 फीसदी उछल गया था। डॉट कॉम बबल के कारण जब शेयर बाजारों में गिरावट आई थी, जब एसएंडपी-500 49.20 फीसदी गिर गया था, जबकि सोने की कीमतें 21.65 फीसदी बढ़ गई थीं। 2020 में कोविड के दौरान शेयर बाजार 35.71 फीसदी टूट गए थे, जबकि सोने ने 32.48 फीसदी रिटर्न दिया था। मौजूदा टैरिफ वार के बीच एसएंडपी-500 में 21.87 फीसदी की गिरावट देखी गई है, जबकि सोने में 21.15 फीसदी की तेजी आई है।

### पांच सप्ताह की बड़ी गिरावट

व्यापार युद्ध बढ़ने और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका के बीच रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 38 पैसे गिरकर 85.82 पर बंद हुआ। यह रुपये में पांच सप्ताह की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट है।

## आईआईएफएल फाईनेंस द्वारा बॉन्ड्स जारी करके 500 करोड़ रुपये किए जाएंगे एकत्रित

**मुंबई, एजेंसी।** अग्रणी नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनी, आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड द्वारा 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के कूपन के साथ बॉन्ड्स के पब्लिक इश्यू द्वारा 500 करोड़ रुपये एकत्रित किए जाएंगे। एकत्रित किए गए फंड का उपयोग आगे ऋण देने, फाईनेंसिंग एवं सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इन एनसीडीज़ को क्राईसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्राईसिल एए/स्टेबल रेटिंग और आईसीआरए लिमिटेड द्वारा आईसीआरए एए स्टेबल रेटिंग दी गई है। इन रेटिंग्स के डिबेंचर्स को वित्तीय




दायित्वों की समय पर सर्विसिंग के लिए काफी ज्यादा सुरक्षित माना जाता है। इस तरह के डिबेंचर्स का क्रेडिट रिस्क काफी कम होता है। ये इश्यू सोमवार 7 अप्रैल, 2025 से मिलना शुरू होंगे और बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 तक मिलेंगे। आईआईएफएल फाईनेंस द्वारा 100 करोड़ रुपये तक के एनसीडी जारी किए जाएंगे। इनके साथ 400 करोड़ रुपये तक का ओवर-सब्सक्रिप्शन रखने का विकल्प होगा। ये दोनों मिलाकर 500 करोड़ रुपये तक हो जाएंगे। सीरीज़ IV के अंतर्गत एनसीडी 60 महीने की अवधि के लिए 10.24 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वोच्च प्रभावी यील्ड प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 15 महीने, 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की फ्रीक्वेंसी मासिक, वार्षिक और संचयी आधार पर होती है। विवरण के लिए आईआईएफएल.कॉम पर क्लिक करें।

## रक्षा मंत्रालय से मिला कंपनी को 2210 करोड़ रुपये का काम, शेयरों पर टूट पड़े निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में आज 2 कारोबारी दिन के बाद तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव मंगलवार की सुबह 5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। इस तेजी के पीछे की वजह रक्षा मंत्रालय से कंपनी को 2210 करोड़ रुपये का नया काम मिला है।

**इंडियन एयरफोर्स के लिए प्रोडक्ट बनाएगी कंपनी-** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि उन्हें 2210 करोड़ रुपये (टैक्स को छोड़कर) का काम रक्षा मंत्रालय से मिला है।

**कंपनी के पास कई बड़े ऑर्डर-** इससे पहले कंपनी ने 2 अप्रैल को इंडियन एयर फोर्स के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। तब कंपनी को आकाश मिसाइल की मेंटेनेंस सर्विसेज का काम मिला था। मार्च के महीने में कंपनी को इंडियन एयरफोर्स से ही अश्विनी राडार के लिए 2463 करोड़ रुपये का काम मिला था। बता दें,

# 135 अरब गंवाकर घुटनों पर आए एलन मस्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में हाल में काफी गिरावट आई। सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी के बावजूद टेस्ला के शेयरों में गिरावट आई। इससे मस्क की नेटवर्थ में भी 4.39 अरब डॉलर की गिरावट आई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 135 अरब डॉलर की गिरावट आई है। अब उनकी नेटवर्थ 298 अरब डॉलर रह गई है। इस बीच वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मस्क ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलकर नए टैरिफ को वापस लेने की गुहार लगाई है। ट्रंप ने हाल में करीब 60 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इतना ही नहीं सोमवार को उन्होंने चीन से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की भी धमकी दे दी। इस तरह चीनी सामान पर कुल टैरिफ बढ़कर 104 फीसदी हो जाएगा।

## दुनिया के सबसे बड़े रईस ने डोनाल्ड ट्रंप से की पर्सनल अपील!

रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने सोशल मीडिया पर ट्रंप के टैरिफ का विरोध किया और साथ ही सीधे राष्ट्रपति को प्रभावित करने की कोशिश की। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि मस्क ने ट्रंप से बात की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि मस्क की कोशिश नाकाम रही। सूत्रों का कहना है कि ट्रंप ने बातचीत के लिए थोड़ा खुलापन दिखाया, लेकिन फिर भी अपनी योजनाओं पर टिके रहे। उन्होंने पिछले हफ्ते करीब 60 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। चीन पर 34 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था।

यह पहली बार नहीं है जब मस्क और ट्रंप ट्रेड को लेकर आमने-सामने हैं। साल 2020 में भी टेस्ला ने ट्रंप प्रशासन के टैरिफ को चुनौती देने के लिए मुकदमा दायर



किया था। शुरुआत में मस्क ने इस कदम का समर्थन किया था लेकिन बाद में वह उसके खिलाफ हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फैसले के बाद अपने कर्मचारियों को डांटा था। इस मुकदमे की वजह से मस्क की काफी आलोचना हुई थी। लोगों का कहना था कि मस्क बीजिंग के साथ ज्यादा दोस्ताना हैं और ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति को कमजोर कर रहे हैं। नए टैरिफ से मस्क के कई सहयोगी परेशान हैं। कुछ ने ट्रंप के अधिकारियों से भी अपील की है।

## राजेश उन्नी को मिला भारत का सर्वोच्च मैरीटाइम सम्मान

**मुंबई, एजेंसी।** सिनर्जी मरीन ग्रुप के संस्थापक कैप्टन राजेश उन्नी को 5 अप्रैल, 2025 को आयोजित 62वें नैशनल मैरीटाइम डे समारोह के दौरान भारत सरकार द्वारा नैशनल मैरीटाइमवरुना पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।यह समुद्री क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान है ।यह पुरस्कार मुंबई में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शिपिंग महानिदेशक और नैशनल मैरीटाइम डे समारोह (सेंट्रल) समिति के चेयरमैन श्री श्याम जगन्नाथन( आईएएसअधिकारी) द्वारा भारत की समृद्ध और स्थायी समुद्री विरासत के सम्मान में आयोजित आधिकारिक समारोह के दौरान प्रदान किया गया। नैशनलमैरीटाइम वरुना पुरस्कार देश के समुद्री परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार प्रदान करने वाले निरंतरऔर असाधारण योगदान को मान्यता देता है। पूरी विनम्रता के साथ पुरस्कार स्वीकार करते हुएकैप्टन उन्नी ने अपनी यात्रा को याद किया और पूरी समुद्री बिरादरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ''यह सम्मान सिर्फ एक व्यक्ति के काम को नहीं दर्शाताबल्कि हर नाविक, सहकर्मी और मार्गदर्शक की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिन्होंने मेरे साथ इस सफर में कदम रखा है। मुझे शिपिंग उद्योग की सेवा करने का जो अवसर मिला, उसके लिए बहुत आभारी हूं,यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसने मुझे सब कुछ दिया : अवसर, आजीवन सीखने का मौका और दूसरों के जीवन में सार्थक योगदान देने का अवसर ।यदि यह पुरस्कार कुछ युवाओं को समुद्री जीवन पर विचार करने के लिए प्रेरित करता हैया हमें याद दिलाता है कि जब हम साथ मिलकर काम करते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से 2024-25 में बिकीं 2.61 करोड़ से अधिक गाड़ियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यात्री और दोपहिया वाहन श्रेणी में ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश के खुदरा बाजारों में बीते वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 2.61 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां बिक गईं। यह 2023-24 में बिके कुल 2,45,58,437 वाहनों की तुलना में 6 फीसदी अधिक है।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को कहा, 2024-25 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर के पंजीकरण में गिरावट रही। संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2023-24 के 39,60,602 की तुलना में बीते वित्त वर्ष पांच फीसदी बढ़कर 41,53,432 इकाई पहुंच गई।

**दोपहिया वाहनों की बिक्री में 8 फीसदी का उछाल-** दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 2024-25 में सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़कर 1,88,77,812 इकाई पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री पांच फीसदी बढ़कर 12,20,981 इकाई

## छह फीसदी की वृद्धि



हो गई। हालांकि, ट्रैक्टर की बिक्री एक फीसदी घटकर 8,92,410 इकाई रह गई। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा, 2024-25 वास्तव में खुदरा वाहन क्षेत्र के लिए लचीला रहा।

### यूरोपीय संघ ने भारत से कार आयात पर की टैरिफ खत्म करने की मांग

उधर, यूरोपीय संघ ने भारत के साथ लंबित व्यापार समझौते के तहत कार आयात पर टैरिफ समाप्त करने की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि मोदी सरकार वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए अपने वर्तमान प्रस्ताव को और अधिक सरल बनाने को तैयार है। कुछ सप्ताह पहले अमेरिका ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों सहित कारों पर आयात शुल्क समाप्त करने की मांग की थी, जिससे घरेलू कार निर्माताओं पर दबाव बढ़ गया है। वाहन उद्योग और सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारत टैरिफ को 100 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने के लिए तैयार है। ऐसा तब है जब भारत के ऑटो उद्योग ने सीमित संख्या में पेट्रोल कारों पर टैरिफ को तत्काल 100 फीसदी से घटाकर 70 फीसदी करने और फिर चरणबद्ध तरीके से 30 फीसदी तक कटौती करने का प्रस्ताव दिया है। ईवी के मामले में, कार निर्माता चाहते हैं कि 2029 तक टैरिफ में कोई कटौती न की जाए और उसके बाद सीमित आयात पर चरणबद्ध तरीके से 30 फीसदी तक कटौती की जाए।

# फ़ैबटेक टेक्नोलॉजीज़ क्लीनरूम ने केल्विन में हिस्सेदारी बढ़ाकर 51 प्रतिशत की

**मुंबई।** क्लीनरूम सॉल्यूशंस में विशेषज्ञता रखने वाली बीएसई लिस्टेड फ़ैबटेक टेक्नोलॉजीज़ क्लीनरूम लिमिटेड ने घोषणा की कि उसने केल्विन एयर कंडीशनिंग × वेंटिलेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (केल्विन) में अपनी हिस्सेदारी एक-तिहाई से बढ़ाकर 51त्न कर दी है। इस एक्वीजीशन के साथ, केल्विन अब फ़ैक्टेक की सब्सिडियरी कंपनी बन गई है, जिससे दोनों कंपनियों के ऑपरेशंस और रिसोर्स में और मजबूती आएगी। यह कदम फ़ैबटेक की ग्रोथ स्ट्रेटेजी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्लीनरूम पर्यावरण के लिए आवश्यक हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीऐसी) क्षमताओं को मज़बूत बनाना है।

फ़ैबटेक ने 2024 में केल्विन में एक-तिहाई हिस्सेदारी एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के रूप में हासिल की थी, ताकि वह अपने पोर्टफोलियो में एचवीऐसी विशेषज्ञता को शामिल कर सके। अब इस हिस्सेदारी को 51त्न तक बढ़ाकर, फ़ैबटेक अपने हाल ही में हुए आईपीओ के दौरान घोषित स्ट्रेटेजिक एक्वीजीशन प्लांस को एक्सीक्यूट कर रही है। मुंबई स्थित केल्विन एक टर्नकी सिस्टम इंटीग्रेटर कंपनी है जो फार्मास्युटिकल, बायोटेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक और कॉमर्शियल बिल्डिंग्स जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण एचवीऐसी एप्लिकेशन के लिए जानी जाती है। केल्विन को एक सब्सिडियरी कंपनी के रूप में शामिल करने से फ़ैबटेक को केल्विन की विशेषज्ञता का पूरा लाभ मिलेगा और यह कंपनी के मुख्य क्लीनरूम व्यवसाय के साथ बेहतर तालमेल बनाएगा। केल्विन के उन्नत एचवीऐसी सॉल्यूशंस के फ़ैबटेक के अंतर्गत आने से कंपनी अब अधिक इंटीग्रेटेड और कंप्रहेंसिव क्लीनरूम एनवायरनमेंट प्रदान कर सकेगी। इससे एयर हैंडलिंग और कांटामिनेशन कंट्रोल सिस्टम फ़ैबटेक की मॉड्यूलर क्लीनरूम स्ट्रक्चर के साथ बेहतर समन्वय में होंगी। यह ग्राहकों के लिए एक संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा। फ़ैबटेक और केल्विन की मिला कर कैपेसिटी कंपनी को एक बड़े कस्टमर बेस तक पहुँचने और बड़े प्रोजेक्ट्स को लेने में मदद करेंगी।

## लॉयड ने लक्ज़ूरिया कलेक्शन किया लॉन्च, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए निर्माण क्षमता में विस्तार

**मुंबई।** हेवेल्स इंडिया की प्रमुख कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड लॉयड ने लक्ज़री कूलिंग सॉल्यूशन के अपने नए लाइनअप के साथ लॉयड लक्ज़ूरिया कलेक्शन लॉन्च करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को एक नया लेवल दिया है। इस विस्तार में इनोविटिव स्टनएयर की शुरुआत और पहले से लोकप्रिय स्टेलर और स्टायलस मॉडलों का विस्तार शामिल है। इसके साथ ही, लॉयड प्रीमियम एयर कंडीशनर की श्रेणी को मज़बूत कर रहा है, जो हाई-एंड प्रोडक्ट की बढ़ती मांग का नतीजा है। इसके अलावा, उपभोक्ता बढती मांग को पूरा करने और पिछले वर्ष की सफल लॉन्चिंग को आगे बढ़ाने के लिए, लॉयड ने अपने घिलोथ और श्री सिटी प्लांट की संयुक्त निर्माण क्षमता को 3 मिलियन एसी प्रति वर्ष तक बढ़ा दिया है। लॉयड लक्ज़ूरिया कलेक्शन शानदार क्राफ्टमैनशिप, इनोवेशन, एनर्जी एफिशिएंसी और बेहतरीन डिज़ाइन वाले एसी का संगम है। यह विस्तार प्रीमियम एयर कंडीशनिंग सॉल्यूशन्स की उपभोक्ताओं की बढती मांग से प्रेरित है। इस श्रेणी पर अपना ध्यान केंद्रित करके, लॉयड केवल अपेक्षाएं पूरी नहीं कर रहा, बल्कि कम्फर्ट और इनोवेशन के लेवल को भी ऊपर उठा रहा है, ऐसे ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है जो क्वालिटी, परफॉर्मेंस और स्टाइल को प्राथमिकता देते हैं।

लॉन्च के अवसर पर, हेवेल्स इंडिया लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर योगेश कुमार गुप्ता ने कहा, लॉयड हमेशा इनोवेशन के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, और पिछले साल का हमारा लाइनअप बहुत अच्छा रहा था, जिसने प्रीमियम एसी बाजार में हमारी स्थिति को मज़बूत किया। लक्ज़ूरिया कलेक्शन को लॉन्च करना इस सफलता पर आगे बढ़ने और ध्यान से तैयार किए गए कूलिंग सॉल्यूशन्स की बढ़ती मांग को पूरा करने का हमारा तरीका है। स्टनएयर, जो एआई-पावर्ड कूलिंग और वॉइस कमांड जैसी सुविधाओं के साथ आता है, हमारे पोर्टफोलियो को विशेष बनाता है।

# सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी टैब एस10 एफई सीरीज लॉन्च की, कीमत 42999 रुपये से शुरू

## नए टैब एस10एफई में इंटेलीजेंट फीचर्स के साथ मल्टीटास्किंग और क्रिएटिविटी को प्रोफेशनल तरीके से बढ़ाएं



**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस10 एफई और गैलेक्सी टैब एस10 एफई+ लॉन्च करने की घोषणा की।

ये टैबलेट्स प्रीमियम डिजाइन के साथ गैलेक्सी इकोसिस्टम में एंट्री का एक नया और शानदार मौका देते हैं। गैलेक्सी टैब एस10 एफई+ में अब तक की सबसे बड़ी स्क्रीन और पतले बेज़ल दिए गए हैं, जिससे इसका डिस्प्ले और भी बेहतर और इमर्सिव हो जाता है। यह डिवाइस मनोरंजन, पढ़ाई और रोजमर्रा के कामों के लिए शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस देता है। सैमसंग ने इसमें स्मार्ट फीचर्स जोड़े हैं, जिससे यूजर्स अपने काम को आसानी से और ज्यादा कुशलता से कर सकते हैं।

साथ ही, इसका स्लिम डिजाइन इसे हल्का और पोर्टेबल बनाता है, ताकि आप चलते-फिरते भी अपनी क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी बनाए रख सकें। सैमसंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट आदित्य बब्बर ने कहा, सैमसंग में, हम सभी के लिए वर्ल्ड-क्लास इनोवेशन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और नई गैलेक्सी टैब एस10एफई सीरीज इसी विजन का एक शानदार उदाहरण है। पहली बार हमारे एफई टैबलेट्स में गैलेक्सी एआई क्षमताओं को शामिल किया गया है, जिससे हम एडवांस टेक्नोलॉजी को पहले से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहे हैं। गैलेक्सी टैब एस10एफई सीरीज से यूजर्स अपनी क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी को नए स्तर पर ले जा सकेंगे, और इससे भारत के टैबलेट मार्केट में हमारी लीडरशिप और मजबूत होगी।

### दमदार परफॉर्मेंस और वर्सेटाइल डिजाइन

गैलेक्सी टैब एस10एफई सीरीज को खासतौर पर वर्क, स्टडी और एंटरटेनमेंट के लिए डिजाइन किया गया है। इसके पावरफुल अपग्रेड्स से यूजर्स आसानी से मल्टीटास्किंग कर सकते हैं और बिना किसी रुकावट के बेहतरीन गेमिंग का मजा ले सकते हैं। साथ ही, इसका नया 13स्क्क का रियर कैमरा क्लियर और शार्प फोटोज कैप्चर करता है, जिससे क्लासरूम, ऑफिस या किसी भी वर्कस्पेस में जरूरी मोमेंट्स को आसानी से कैद किया जा सकता है।

### शानदार डिस्प्ले

गैलेक्सी टैब ऋ सीरीज की विरासत को बरकरार रखते हुए, गैलेक्सी टैब एस10एफई+ का 13.1-इंच डिस्प्ले पतले बेजल्स के साथ आता है, जिससे देखने का अनुभव और भी ज्यादा शानदार हो जाता है। इसकी स्क्रीन पिछले मॉडल से लगभग 12 प्रतिशत बड़ी है, जिससे मूवी देखने और गेमिंग का मजा दोगुना हो जाता है। इसमें 90एच5 का रिफ्रेश रेट और 800 निट्स तक की ब्राइटनेस (एचबीएम मोड) दी गई है, जिससे आउटडोर में भी बेहतरीन विजुअल क्वालिटी मिलती है। विजन बूस्टर ऑटोमैटिक ब्राइटनेस एडजस्टमेंट करता है, जिससे हर माहौल में स्क्रीन क्लियर और ब्राइट दिखती है, साथ ही ब्लू लाइट एमिशन कम करके आंखों पर पड़ने वाले असर को भी कम किया गया है।

## 1 मैच के साथ खत्म हुआ करियर

- ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने लिया संन्यास, सिर पर लगी चोट बनी वजह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के 27 साल के बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. उन्होंने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है.

विल पुकोवस्की का इंटरनेशनल करियर सिर्फ एक मैच का रहा, जो कि उन्होंने टीम इंडिया के खिलाफ डेब्यू करते हुए खेला था. ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का फ्यूचर कहे जाने वाले विल पुकोवस्की के संन्यास की वजह कहीं ना कहीं उन्हें लगातार हुई कन्कशन को माना जा रहा है. विल पुकोवस्की ने साल 2021 में भारत के खिलाफ खेले सिडनी टेस्ट में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था. दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की ने उस मैच में 72 रन बनाए थे, जिसमें पहली पारी में खेली 62 रन की दमदार इनिंग भी शामिल रही थी. हालांकि, उस मैच के बाद फिर कभी विल पुकोवस्की ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं आ पाए, जिसमें उन्हें हुए लगातार कन्कशन की अहम भूमिका रही.

**12 बार हुए कन्कशन का शिकार:** अपने क्रिकेट करियर के दौरान पुकोवस्की लगातार कन्कशन का शिकार होते रहे हैं. वो कई बार सिर पर गेंद खा चुके हैं, जो कि उनके संन्यास की बड़ी वजह बताई जा रही है. एक आंकड़े के मुताबिक पुकोवस्की के करियर में कुल 12 बार गेंद उनके सिर पर लगी है, जिसमें से 9 बार तो उनके साथ ऐसा हादसा इंटरनेशनल डेब्यू करने से पहले ही हो चुका था.

**कभी मेंटल हेल्थ तो कभी चोटः पुकोवस्की रहे टीम से बाहर:** 2018-19 में पुकोवस्की ने मेंटल ब्रेक लिया था. इस दौरान उन्होंने कहा था कि वो मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं और इसलिए वह सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे.

2021 में भारत के खिलाफ डेब्यू टेस्ट खेलने के बाद वो कंधे में चोट के कारण बाहर हो गए थे. अक्टूबर 2022 से उन्होंने क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था और 3 महीने बाद वापसी की थी.

**विल पुकोवस्की का करियर:** विल पुकोवस्की का फर्स्ट क्लास करियर 7 साल का रहा है. इस दौरान उन्होंने 36 मैच खेले, जिसकी 57 पारियों में 45 से ज्यादा की औसत से 2350 रन बनाए हैं. फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 255 रन का रहा है.

फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके 7 शतक और 9 अर्धशतक है. विल पुकोवस्की ने 14 लिस्ट ए मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27 से ज्यादा की औसत से 333 रन बनाए हैं. लिस्ट ए में विल पुकोवस्की ने 1 शतक और 2 अर्धशतक जमाए हैं.

## एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान, तीन नए खिलाड़ी शामिल

**मुम्बई, एजेंसी।** श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान के रूप में टीम में जगह दी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं।

चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गेंदबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया गया। 21 वर्षीय का काशवी गौतम इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहीं। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट लिये। वहीं बीस वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच



खेले और चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने तब नौ पारियों में 3.48 की इकॉनमी रेट और 15.44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती। इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को ध्यान में रखते हुए यह श्रृंखला तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जायेंगे। पहला मुकबाला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा। 19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा।

### एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।

## पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर रो पड़े, इस एक्ट्रेस के सामने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस वक्त छाए हुए हैं. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल 2025 में अपनी टीम को दो मैच तो जिताए ही हैं साथ ही उनके बल्ले से जमकर रन निकले हैं. अय्यर ने इस बीच एक ऐसा खुलासा किया है जो उनके फैंस को काफी हैरत में डाल देगा.अय्यर ने बताया कि वो चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान रोने लगे थे. उनकी आंखों में आंसू आ गए थे. सवाल ये है कि आखिर क्यों अय्यर को रोना पड़ा जबकि चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अनका अहम योगदान था. वो भारत के लिए टॉप स्कोरर रहे थे. श्रेयस अय्यर को क्यों दुबई में रोना आया था इसका खुलासा उन्होंने एक्ट्रेस साहिबा बाली के सामने किया.



## टेनिसः बिली जीन किंग कप से पहले भारत की अंकिता रैना ने कही यह बात, टीम के बीच तालमेल को लेकर भी दिया बयान

**पुणे, एजेंसी।** भारत की शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने मंगलवार से शुरू हो रहे बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप-1 से पहले बयान दिया है। उन्होंने आत्मविश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि टीम के बीच तालमेल बहुत अच्छा है। अंकिता ने कहा कि अब इस पल का आनंद लेने का समय है। देश की नंबर एक खिलाड़ी अंकिता इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम की कमान संभालेगी। उनके अलावा सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे भी टीम का हिस्सा हैं।

15 साल की माया राजेश्वरन रिजर्व खिलाड़ी हैं, जबकि पूर्व डेविस कप खिलाड़ी विशाल उप्पल कप्तान और राधिका कानिटकर तुलपुले कोच हैं। अंकिता ने कहा, हर कोई टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा है और मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। टीम के बीच तालमेल बहुत अच्छा है और हम शुरुआत का इंतजार कर रहे हैं। मैं बस उन्हें (युवा खिलाड़ियों को) यही कह रही हूं कि आप देश के लिए खेल रही हो और इसका पूरा आनंद लो। मैं उनसे कहूंगी की अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। इस मुकाम तक पहुंचना बहुत से लोगों का सपना होता है। इसलिए बस अपना सर्वश्रेष्ठ दें, वहां हर पल का आनंद लें। परिणाम के बारे में चिंता न करें। भारत शुरुआती दिन न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

## आईपीएल 2025: विराट कोहली ने रचा इतिहास



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार (7 अप्रैल) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे किए। 36 वर्षीय कोहली ने अपनी पारी के दौरान 17 रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। कोहली 13,000 टी20 रन बनाने वाले पहले भारतीय हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के केवल पांचवें बल्लेबाज हैं।

### 13,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज

कोहली ने अपनी 386वीं टी20 पारी में यह उपलब्धि हासिल की। इससे वह वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के बाद दूसरे सबसे कम मैच में यब उपलब्धि हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए।

गेल ने केवल 381 पारियों में 13,000 रन बनाए थे। कोहली ने इंग्लिश बल्लेबाज एलेक्स हेल्स को लगभग 90 पारियों से पीछे छोड़ते हुए सूची में दूसरा स्थान हासिल किया।

### रोहित शर्मा के 11,851 रन

आईपीएल 2024 के दौरान कोहली ने सिर्फ 360 पारियों में गेल के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज के तौर पर 12,000 टी20 रन पूरे किए। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित शर्मा 438 पारियों में 11,851 रन के साथ टी20 रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। कोहली ने 3 अप्रैल, 2007 को दिल्ली के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ इंटर-स्टेट टी-20 टूर्नामेंट में अपना टी20 डेब्यू किया। इसे बाद में सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी का नाम दिया गया। इस मैच उन्होंने 35 रन बनाए।

### कोहली के 9 शतक

कोहली शतक के मामले में भी भारतीय बल्लेबाजों में सबसे आगे हैं। उन्होंने अपने करियर में 9 शतक लगाए हैं। इनमें से आठ आईपीएल में आए हैं। कोहली ने इससे पहले 2021 आईपीएल के दौरान 10,000 टी20 रन के मील के पत्थर को पार किया था। बाबर आजम और गेल के बाद तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज थे। उन्होंने 299 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। कोहली के आईपीएल में 8000 से ज्यादा रन हैं। वह लीग के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## भुवनेश्वर कुमार के नाम जुड़ा सबसे बड़ा रिकॉर्ड, इस मामले में बन गए नंबर वन



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में तेज गेंदबाजों ने अपनी धारदार गेंदबाजी से बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया है और इस लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पेसरों की सूची में भुवनेश्वर कुमार ने बाजी मार ली है। 179 मैचों में 184 विकेट के साथ भुवनेश्वर आईपीएल के सबसे सफल तेज गेंदबाज बन गए हैं। यह आंकड़ा उनकी निरंतरता और स्विंग गेंदबाजी की कला का सबूत है। भुवनेश्वर ने वेस्टइंडीज के दिग्गज ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 161 मैचों में 183 विकेट हैं। ब्रावो, जो अपनी धीमी गेंदों और यॉर्कर के लिए मशहूर थे, अब इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

तीसरे नंबर पर श्रीलंका के लसिथ मलिंगा हैं, जिन्होंने 122 मैचों में 170 विकेट लिए और मुंबई इंडियंस को कई खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। चौथे स्थान पर भारत के मौजूदा स्टार जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने 134 मैचों में 165 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह की डेथ ओवर्स में सटीक यॉर्कर और गति ने उन्हें इस सूची में तेजी से ऊपर पहुंचाया है। वहीं, पांचवें नंबर पर उमेश यादव हैं, जिन्होंने 148 मैचों में 144 विकेट लिए और अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को परेशान किया।



### एटीपी मास्टर्सः रोहन बोपन्ना ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, एटीपी मास्टर्स का मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।

वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 45 साल के बोपन्ना ने मोंटे कार्लो मास्टर्स 2025 के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। बोपन्ना ने अमेरिका के अपने पार्टनर बेन शेल्टन के साथ फ्रांसिसको केरुंडोलो और अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 7-5 से हराया।

**नेस्टोर के नाम था रिकॉर्ड**

बोपन्ना से पहले यह रिकॉर्ड कनाडा के डेनियल नेस्टोर के नाम था जिन्होंने 2017 में 44 साल आठ महीने की उम्र में मैच जीता था। नेस्टोर और फ्रांस के फैबरिस मार्टिन ने बोपन्ना और पाब्लो कुएवास को राउंड ऑफ 32 में 6-3, 6-2 से हराया था। बोपन्ना का मोंटे कार्लो टूर्नामेंट में सामना अब इटली की जोड़ी सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी से होगा।

**कुछ समय से खराब फॉर्म में गुजर रहे हैं बोपन्ना**

शेल्टन और बोपन्ना की एटीपी रैंकिंग में विश्व की 14वें नंबर की जोड़ी ने फ्रांसिसको और ताबिलो की जोड़ी को महज 71 मिनट में हराया। बोपन्ना पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल के नुनो बोर्ग्स के साथ खेलने के बाद बोपन्ना दुबई टेनिस चैंपियनशिप, इंडियन वेल्स मास्टर्स और मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे थे।

## रात को होटल छोड़कर जाते थे बाबर आजम, करते थे ये डिमांड, हुआ खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबर आजम का प्रदर्शन इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी समय से खराब रहा है. चैंपियंस ट्रॉफी के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी वो फ्लॉप रहे. अब ये खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग में नजर आएगा. इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले उनकी पुरानी टीम कराची किंग्स के मालिक सलमान इकबाल ने बड़ा खुलासा किया है. सलमान इकबाल ने बताया कि बाबर आजम पीएसएल के समय रात को होटल छोड़कर चले जाते थे और उन्हें किसी ने रोका भी नहीं. सलमान इकबाल ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, 'बाबर आजम देर रात को टीम होटल से बाहर चले जाते थे और उन्हें कोई रोकता भी नहीं था. वो अपने साथ दूसरे खिलाड़ियों को भी ले जाते थे.' सलमान ने बताया कि बाबर आखिर होटल से बाहर जाते क्यों थे. उन्होंने कहा कि बाबर आजम को लोकल फूड खाने का बड़ा शौक है.



सलमान ने कहा, 'हमने बाबर को कभी कराही खाने से नहीं रोका. जब भी बाबर को ये डिश खानी होती थी हमने उन्हें मुहैया कराई.' कराही लाहौर की एक मशहूर डिश है जो पाकिस्तान के लोग बड़े चाव से खाते हैं.

बाबर आजम का पीएसएल में बड़ा इम्तिहान होने वाला है. ये खिलाड़ी पेशावर जाल्मी का हिस्सा है. बाबर आजम टीम के कप्तान हैं और इस टीम के मालिक जावेद अफरीदी हैं.

## हैरी ब्रूक बने इंग्लैंड के नए सफेद-बॉल कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की पुरुष सफेद-बॉल टीमों का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। ब्रूक ने जोस बटलर की जगह ली है, जिन्होंने पाकिस्तान में 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से इंग्लैंड के जल्दी बाहर होने के बाद इस भूमिका से इस्तीफा दे दिया था। पिछले साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के दौरान ब्रूक चोटिल बटलर की जगह इंग्लैंड के कप्तान बने थे। ब्रूक ने न्यूजीलैंड में 2018 आईसीसी अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भी इंग्लैंड की कप्तानी की थी। ब्रूक ने कप्तानी मिलने पर कहा, इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में नामित होना वास्तव में सम्मान की बात है। जब से मैं व्हार्फडेल में बर्ले में क्रिकेट खेलता था, तब से मैं यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व करने, इंग्लैंड के लिए खेलने और शायद एक दिन टीम का नेतृत्व करने का सपना देखता था।अब मुझे वह मौका मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने परिवार और कोचों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मुझ पर उनके विश्वास ने बहुत



कुछ बदल दिया है और मैं उनके बिना इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाता। ब्रूक ने सोमवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा, इस देश में बहुत प्रतिभा है और मैं शुरुआत करने, हमें आगे बढ़ाने और सीरीज, विश्व कप और प्रमुख आयोजन जीतने की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं आगे बढ़ने और अपना सबकुछ देने के लिए उत्साहित हूं। 26 वर्षीय ब्रूक जनवरी 2022 में पदार्पण करने के बाद से इंग्लैंड की सफेद-बॉल टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और वर्तमान में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। अब तक ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए 26 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34 की औसत से 816 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 110 रहा है। उन्होंने 44 टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 81 रहा है और वह बटलर के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया में 2022 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने ब्रूक के शीर्ष भूमिका निभाने पर खुशी जताई। मुझे खुशी है कि हैरी ब्रूक ने दोनों प्रारूपों में इंग्लैंड के सफेद-बॉल कप्तान के रूप में भूमिका स्वीकार कर ली है। वह पिछले कुछ समय से हमारे उत्तराधिकार नियोजन का हिस्सा रहे हैं, हालांकि यह अवसर उम्मीद से थोड़ा पहले आया है। उन्होंने कहा, हैरी न केवल एक बेहतरीन क्रिकेटर हैं, बल्कि उनके पास एक बेहतरीन क्रिकेटिंग दिमाग और दोनों टीमों के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण भी है, जो हमें और अधिक श्रृंखला, विश्व कप और प्रमुख वैश्विक टूर्नामेंट जीतने में मदद करेगा। इंग्लैंड के कप्तान के रूप में ब्रूक का पहला काम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और इतने ही टी20 मैच खेलना है, जिसकी शुरुआत 29 मई को एजबस्टन में होगी। यह भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 पुरुष टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले 2027 वनडे विश्व कप के लिए इंग्लैंड की तैयारी की शुरुआत भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब के एक स्कूल में शिलापट्ट पर मनीष सिसोदिया का नाम, भड़के भाजपा और कांग्रेस



**नवांशहर, एजेंसी।** पंजाब के नवांशहर में बने स्कूल ऑफ एमिनेंस के उद्घाटन समारोह में एक शिलापट्ट ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इस शिलापट्ट पर मुख्यमंत्री भगवंत मान के ठीक नीचे दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का नाम दर्ज है, जबकि सिसोदिया इस समय न तो किसी संवैधानिक पद पर हैं और न ही पंजाब सरकार में किसी भूमिका में। विपक्ष ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि पंजाब के सरकारी कार्यों में दिल्ली के अप्रासंगिक नेताओं को जबरन घसीटा जा रहा है। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री परगट सिंह ने सबसे पहले इस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मुख्यमंत्री भगवंत मान, अब आपकी हरकतें छिपी नहीं रहेंगी। अगर इतना ही शौक है दिल्ली के नेताओं को आगे लाने का, तो उन्हें लुधियाना वेस्ट से चुनाव लड़वाइए और अपनी सीट खाली कीजिए। केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने और तीखा तंज कसते हुए लिखा, ज्ञान की रौशनी से रोशन होने वाली पंजाब की धरती पर अब नशे के दागों वाले नाम उकेरे जा रहे हैं। उन्होंने सिसोदिया की तस्वीर के साथ 'दिल्ली शराब घोटाला' लिखा हुआ पोस्ट साझा किया। भाजपा ने भी सवाल उठाया कि मनीष सिसोदिया, जो शराब घोटाले के आरोप में जमानत पर रिहा हैं, पंजाब की किसी भी आधिकारिक परियोजना में क्यों शामिल किए जा रहे हैं? भाजपा प्रवक्ता ने कहा, जब आप दूसरों का मजाक उड़ाते थे, तब आपने कहा था कि मज़दूरों के नाम पत्थरों पर होने चाहिए। अब क्या हुआ? कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, मनीष सिसोदिया को शिलान्यास पर नाम देने का क्या अधिकार है? वह न पंजाब से हैं, न किसी संवैधानिक पद पर। उल्टे दिल्ली में उनकी शिक्षा नीति को जनता ने नकार दिया है।

### भाजपा के पूर्व सांसद को मंदिर के गर्भगृह में नहीं मिली एंट्री, पुजारी बोला- पहले धोती पहनिए



**वर्धा, एजेंसी।** भाजपा के पूर्व सांसद रामदास तडस ने आरोप लगाया कि उन्हें रामनवमी पर वर्धा के राम मंदिर गर्भगृह में प्रवेश नहीं करने दिया गया, क्योंकि उन्होंने धोती नहीं पहनी हुई थी। तडस ने बताया कि वर्धा जिले के देवली क्षेत्र में यह मंदिर स्थित है। इसके न्यासी-सहपुजारी ने उन्हें उस नियम का हवाला देते हुए रोक दिया, जिसके अनुसार केवल सोवले (अनुष्ठान के लिए धोती) पहने पुरुषों को ही मूर्ति के निकट जाने की अनुमति है। पूर्व सांसद ने कहा, 'मैं रविवार को अपनी पत्नी और कुछ समर्थकों के साथ भगवान राम के दर्शन करने मंदिर गया था। मैंने न्यासी से कहा कि मैं दशकों से इस मंदिर में आता रहा हूं। लेकिन उन्होंने मुझे एक नियम का हवाला देते हुए रोक दिया।' रामदास तडस ने कहा कि पुजारी के इस फैसले के कारण उनके समर्थकों और मंदिर के न्यासी के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा नेता ने दावा किया कि वह इस मंदिर में पिछले 40 वर्षों से अनुष्ठान करते रहे हैं लेकिन इस तरह के प्रतिबंध का कभी सामना नहीं किया। इस बीच, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि मूर्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तडस को गर्भगृह में प्रवेश करने से मना किया गया। उन्होंने कहा, 'पुजारी ने मंदिर के आभूषणों और मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसी को भी गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं दी।' सोमवार को आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित पावन श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा अर्चना की।

# पंजाब में भाजपा के बड़े नेता के घर पर ग्रेनेड अटैक

### थाने से 100 मीटर दूर हुआ धमाका



**जालंधर , एजेंसी।** पंजाब में फिर बम फेंके जाने की घटना सामने आई है। इस बार अज्ञात बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब में पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के घर को निशाना बनाया है। हालांकि, इस विस्फोट में नेता को चोट नहीं आई है। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि पुलिस को अलर्ट करने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी फोन नहीं उठाया। खास बात है कि घटनास्थल से पुलिस स्टेशन कुछ ही मीटर की दूरी पर है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह 1 बजे घटी है। जालंधर पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा, रात करीब 1 बजे हमें यहां धमाके की सूचना मिली, जिसके बाद हम मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है...हम सीसीटीवी पर भी नजर रख रहे हैं...फोरेंसिक टीम जांच कर रही है कि यह ग्रेनेड हमला है या कुछ और...।

कालिया ने कहा, रात करीब 1 बजे धमाका हुआ...मैं सो रहा था, मुझे लगा कि ये गड़गड़ाहट की आवाज है...बाद में मुझे बताया गया कि धमाका हुआ है...इसके बाद मैंने अपने गनमैन को पुलिस स्टेशन भेजा...सीसीटीवी की जांच की जा रही है, फोरेंसिक विशेषज्ञ भी यहां मौजूद हैं...

**दरवाजा टूट गया:** द ट्रिब्यून के अनुसार, पुलिस का कहना है कि ग्रेनेड कालिया के घर के गेट के पास गिरा। इस घटना में घर में प्रवेश के पास बना एक दरवाजा टूट गया। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि हमलावर ई-रिक्शा से आए थे और हमला कर उसी वाहन में बैठकर भाग गए। घटना के तुरंत बाद ही मौके पर फॉरेंसिक और पुलिस की टीम पहुंच गई थी।

**पुलिस ने फोन नहीं उठाया:** अखबार के मुताबिक, कालिया ने कहा, मैंने धमाका सुना और बाहर आया। पहले मुझे लगा कि जेनरेटर सेट में ब्लास्ट हुआ है। यह समझने में मुझे एक दो मिनट लगे कि घर पर किसी ने ग्रेनेड फेंका है। उन्होंने दावा किया है कि गनमैन ने पुलिस को फोन पर सूचना देने की भी कोशिश की, लेकिन किसी ने भी कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद वह व्यक्तिगत रूप से थाने पहुंचे और सूचना दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कालिया का घर पुलिस स्टेशन से 100 मीटर दूर पर है। हमलावर ई-रिक्शा से शास्त्री मार्केट की तरफ से आए थे और उनके घर के सामने से निकले।

## उत्तर भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग बेहाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अप्रैल महीने के शुरुआत में ही उत्तर भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है। कई इलाकों में पारा 40 के पार पहुंच गया है। इन इलाकों में दिन का तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस तक सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया है। इनमें से पंजाब और दिल्ली के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। जाने, आने वाले दिनों में आपके शहर में मौसम कैसा रहने वाला है। मौसम विभाग ने पंजाब, दिल्ली और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में जारी लू के बीच 10 अप्रैल से राहत की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे 10 और 11 अप्रैल को पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज़ हवाएं चल सकती हैं। इससे दिन के तापमान में गिरावट आ सकती है और लू की स्थिति में कमी आने की उम्मीद है। सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 9 अप्रैल को यह 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि 10 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच इसमें थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। उस वक्त दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। पंजाब में भी हालात गंभीर हैं। राज्य का सबसे अधिक तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 3.1 से 6 डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग ने 10 अप्रैल तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। लुधियाना के बल्लोवाल सौंखड़ी में न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन राज्य के बाकी जिलों में रात का तापमान भी सामान्य से 1.6 से 4.4 डिग्री ऊपर रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 9 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है। ?पूर्वी उत्तर प्रदेश में 9 और 10 अप्रैल को आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। ?वहीं, 8 अप्रैल से बिहार के कुछ क्षेत्रों में आंधी-तूफान के साथ बिजली चमकने और ओलावृष्टि की संभावना है। हवाओं की गति 40-50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

## ओमान का उच्चायुक्त बनवाने को पूर्व कुलपति से ऐंठे गए थे ढाई करोड़ रुपये



**गाजियाबाद, एजेंसी।** ओमान का उच्चायुक्त बताकर वीआईपी सुविधाएं लेने के आरोप में पूर्व कुलपति को जेल भेजने के मामले में चौंकाने वाली बात सामने आई है। पूर्व कुलपति के सहयोगी के गिरफ्तार होने के बाद पता चला कि बेंगलुरु के एक व्यक्ति ने उच्चायुक्त नियुक्त कराने के नाम पर पूर्व कुलपति से ढाई करोड़ रुपये ऐंठे थे।

गाजियाबाद पुलिस का कहना है कि जेल में बंद पूर्व कुलपति ने भी पूछताछ में इस बात को स्वीकार किया है। इसके बाद रकम ऐंठने वाले आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

गाजियाबाद की कौशांबी थाना पुलिस ने 13 मार्च को दिल्ली की अमर कॉलोनी निवासी डॉ. कृष्ण शेखर राणा को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, चार-चार विश्विद्यालयों में कुलपति रह चुका डॉ. केएस राणा ओमान सल्तनत का उच्चायुक्त बनकर वीआईपी सुविधाएं ले रहा था। उसने मथुरा, आगरा के अलावा फरीदाबाद में सरकारी सुविधाएं लीं तो दिल्ली के एक बड़े कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की थी। गाजियाबाद के डीएम और पुलिस कमिश्नर पर डॉ. केएस राणा का 12 मार्च का प्रोटोकॉल-पत्र आया तो उसमें उच्चायुक्त लिखा देखकर अधिकारियों का माथा ठनका। ओमान राष्ट्रमंडल देशों में शामिल नहीं है, लिहाजा वहां का राजनयिक उच्चायुक्त न होकर राजदूत होता है। इसी संदेह पर पुलिस ने डॉ. केएस राणा को थाने लाकर पूछताछ की तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। इसी क्रम में कौशांबी थाना पुलिस ने डॉ. केएस राणा के सहयोगी गुरप्रीत निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया।

उसके मोबाइल में मिली चैट से पता चला कि उच्चायुक्त नियुक्त करवाने के नाम पर डॉ. केएस राणा से मोटी रकम ऐंठी गई थी। जेल में बंद डॉ. केएस राणा से पूछताछ की तो उसने भी इस बात की पुष्टि की।

पुलिस के मुताबिक, केएस राणा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, अल्मोड़ा रेजिडेंशियल विश्वविद्यालय उत्तराखंड, मेवाड़ विश्वविद्यालय राजस्थान और जयपुर टेक्निकल विश्वविद्यालय राजस्थान में कुलपति रह चुका था। इस दौरान उसे वीआईपी सुविधाएं मिलती थीं, जिसका उसे चस्का लग गया था। कुलपति का पद छोड़ने के बाद वीआईपी प्रोटोकॉल लेने के लिए वह वर्ष 2024 में इंडिया जीसीसी ट्रेड्स काउंसिल नामक एनजीओ से जुड़ा।

### डीजेबी दफ्तर में तोड़फोड़ के आरोपी भाजपा के 2 बड़े नेताओं को बेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 2020 के दिल्ली जल बोर्ड दफ्तर में तोड़फोड़ मामले में सोमवार को जांच अधिकारी (आईओ) को फेसबुक और इंस्टाग्राम से संबंधित जांच की स्थिति स्पष्ट करने को नोटिस भेजा है। इसके साथ ही कोर्ट इस मामले में आरोपी भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नेता आदेश गुप्ता को जमानत दे दी है। यह मामला आम आदमी पार्टी के (आप) नेता और सांसद राघव चड्ढा की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) पारस दलाल ने आरोपियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और बयान दर्ज करने में खामियों को लेकर चार जांच अधिकारियों को नोटिस जारी किया और उन्हें अदालत के आदेश का पालन करने को कहा है।

## नोएडा-ग्रेटर नोएडा में प्रॉपर्टी होगी महंगी, जल्द लागू होंगे नए सर्किल रेट; बायर्स ने किया एक अनुरोध

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा जिला प्रशासन की अगले सप्ताह तक नए सर्किल रेट लागू करने करने की तैयारी है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को पांच अप्रैल तक प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव को मूल्यांकन दर सूची में समाहित करने के लिए कहा। फ्लैट खरीदारों ने रजिस्ट्री न होने तक नए सर्किल रेट लागू नहीं करने की गुहार लगाई है। जिला प्रशासन को प्राप्त आपत्तियों में फ्लैट खरीदारों ने उनके भविष्य को लेकर चिंता जताई है। खरीदारों ने प्रशासन से कहा कि जब तक उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो जाती है, जब तक उस क्षेत्र में नए सर्किल रेट लागू न किए जाएं। खरीदारों ने डीएम को बताया कि तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में ऐसे करीब एक लाख से अधिक खरीदार हैं, जिन्हें फ्लैट पर कब्जा मिल चुका। वह वहां वर्षों से फ्लैट



में रह रहे हैं, लेकिन बिल्डरों द्वारा बकाया न चुकाने के चलते उन्हें आज तक फ्लैट पर मालिकाना हक नहीं मिल सका। ऐसे में नए सर्किल रेट की प्रस्तावित दरों के मुताबिक करीब 20 प्रतिशत वृद्धि होने से उन पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसके अलावा लोगों ने गौतमबुद्ध नगर के सीमावर्ती जिलों में राजस्व ग्रामों की कृषि भूमि की दरों और जिले के भीतर राजस्व ग्रामों की दर, जो आसपास हो, उन्हें भी एक समान रखने की मांग की। जिलाधिकारी ने कई अन्य आपत्तियों का भी अनुश्रवण किया तथा संबंधित विभाग के अफसरों को आपत्तियों का अंतिम मूल्यांकन दर सूची में समाहित कर तार्किक बाजार के मूल्य के अनुरूप प्रस्तुत करने के आदेश दिए। इस दौरान बैठक में एडीएम राजस्व अतुल कुमार, एसडीएम जेवर अभय सिंह, दादरी अनुज नेहरा, सदर चारुल यादव, एआईजी स्टांप बुलंदशहर संत कुमार रावत, एआईजी स्टांप गौतमबुद्ध नगर बीएस वर्मा आदि मौजूद रहे। वृक्षों की दरों का परीक्षण कर उनकी सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वह प्रस्तावित मूल्यांकन दर सूची के निर्माण की दरों वाले भाग पर अपना मंतव्य समिति को प्रस्तुत करें।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश से लगी सीमा के पास मिला संदिग्ध ड्रोन, मचा हड़कंप

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के दक्षिण जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक गांव में ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच चिंता पैदा कर दी है। यह ड्रोन सोमवार सुबह बेलोनिया उपखंड के बल्लमुखा गांव में धान के खेत में पाया गया, जो सीमा पर तारबंदी से लगभग 300 मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में स्थित है। इस घटना की जानकारी सबसे पहले एक स्थानीय किसान ने दी, जिसने ड्रोन को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (क्क्स्न) ने मौके पर पहुंचकर ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया। अब इसके निर्माण और उद्देश्य की जानकारी हासिल की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से उन्होंने एक ड्रोन को सीमा क्षेत्र में उड़ते हुए देखा था, जो संभवतः बांग्लादेश की ओर से आ रहा था और हवाई सर्वे करता मालूम पड़ रहा था। उनका मानना है कि यह वही ड्रोन हो सकता है जो अब बरामद हुआ है। यह ड्रोन एक कैमरे से लैस था, जिससे संदेह और गहरा हो गया है कि इसका इस्तेमाल जासूसी या अन्य संदिग्ध गतिविधियों के लिए किया जा सकता था। त्रिपुरा पुलिस और बीएसएफ ने संयुक्त रूप से इसकी जांच शुरू की है ताकि यह पता लगाया जा



सके कि ड्रोन वास्तव में बांग्लादेश से आया था या नहीं। आखिर इसका मकसद क्या था?

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब भारत-बांग्लादेश सीमा पर पहले से ही सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। हाल के महीनों में बांग्लादेश की ओर से तुर्की निर्मित बायरकटार टीबी2 ड्रोन को सीमा के पास तैनात करने की खबरें भी सामने आई थीं, जिसके बाद भारत ने अपनी निगरानी बढ़ा दी थी। बल्लमुखा में ड्रोन की यह दूसरी घटना है, क्योंकि एक सप्ताह पहले भी इसी क्षेत्र में ड्रोन देखा गया था। इससे स्थानीय लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल है। बीएसएफ ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और अगले सीमा समन्वय बैठक में इस मुद्दे को बांग्लादेश के समकक्षों के साथ उठाने की तैयारी है। जांच के नतीजे आने तक प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## ट्रक और कार की टक्कर, दुल्हन सहित चार की मौत

**हाजीपुर , एजेंसी।** बिहार के वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। कार पर सवार सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, बराटी थाना क्षेत्र के चकललुआ निवासी दीनानाथ कुमार की शादी के लिए कुछ लोग नवगछिया गए थे। नवगछिया में मंदिर में शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान महिसौर थाना क्षेत्र के पनसला चौक के निकट एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दुल्हन भी शामिल है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतकों में बिदुपुर थाना क्षेत्र के देवा चौक पानापुर कुशियारी निवासी बबीता देवी, सोनाक्षी कुमारी एवं मोना देवी की मौत हो गई। मोना देवी आंगनबाड़ी सहायिका थी। नवविवाहिता की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक, इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ट्रक और कार की टक्कर में तीन महिलाओं और एक बच्ची की मौत हो गई। दो व्यक्ति घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में 200 से ज्यादा लोग बीमार

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अजनारा होम्स सोसाइटी में दूषित पानी के सेवन से 200 से अधिक लोगों के बीमार होने का दावा किया जा रहा। इसे देखते हुए सोमवार को प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोसाइटी का निरीक्षण किया और पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे।

वहीं, सावधानी बरतते हुए सोसाइटी में निजी अस्पताल की मदद से स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया। लोगों का आरोप है कि प्राधिकरण और मेंटेनेंस प्रबंधन की लापरवाही के कारण उनके घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने बताया कि सोसाइटी में लोग लगातार उल्टी, पेट दर्द, दस्त की शिकायत कर रहे हैं।

आरोप है कि घरों में सप्लाई किए जा रहे पानी का सेवन करने से दिक्कत हो रही है। शनिवार को परिसर में कुछ लोगों ने टावरों में से बीमार होने की शिकायत की थी। रविवार को देखते ही देखते बीमारों की संख्या बढ़ती चली गई। सोसाइटी में अब तक करीब 200 से अधिक लोग उल्टी, पेट दर्द, दस्त के शिकार हो चुके हैं, जिसमें बच्चों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने बताया कि लोगों की समस्या को देखते हुए प्राधिकरण की टीम ने घर-घर से आकर



पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे। वहीं, सर्वोदय अस्पताल की मदद से एक स्वास्थ्य जांच कैंप लगवाया गया। इसमें करीब 60 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और उन्हें डॉक्टरों ने दवाई दी। वहीं, ज्यादा तबियत बिगड़ने के कारण कई अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से बीच में लेकर आए और उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। लोगों का आरोप है कि प्राधिकरण की सप्लाई गंदे पानी आने या मेंटेनेंस प्रबंधन द्वारा समय से टैंक की सफाई नहीं कराने का खामियाजा निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। अजनारा होम्स सोसाइटी मेंटेनेंस हेड हेमंत राणा ने कहा कि सोसाइटी में सभी कार्य सही से कराए जा रहे। रामनवमी के दिन कुछ लोगों ने भंडारे का आयोजन कराया। इसे खाने के बाद से लोगों को उल्टी, पेट दर्द सहित अन्य दिक्कतें हो रही हैं। कुछ लोग ध्यान भटकने के लिए दूषित पानी का सेवन करने का आरोप लगा रहे। उन्होंने कहा कि निवासियों की शिकायत मिलने पर मेंटेनेंस विभाग ने भी पानी के सैंपल निजी लैब को जांच के लिए भेजे हैं। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रबंधक प्रभात शंकर का कहना है किसप्लाई में कोई परेशानी नहीं है। अंदरुनी कमी की वजह से लोगों को समस्या हो रही है। मेंटेनेंस प्रबंधन को टैंक साफ करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

इको विलेज वन सोसाइटी के निवासी संजय शर्मा ने बताया कि घरों में 2 दिनों से गंदा पानी आ रहा है। साथ ही, कई निवासियों को उल्टी, पेट दर्द की शिकायत हो रही है। करीब 12 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। वहीं, ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटी में दूषित पानी से लोग बीमार हो चुके हैं। इको विलेज वन, पंचमुखी अपार्टमेंट, हवेलिया वैलेंसिया, अरिहंत गार्डन सोसायटी में करीब 500 से 600 में लोग बीमारी की चपेट में आए थे।

## मुस्लिम बहुल मलप्पुरम को बता दिया अलग देश, हिंदू नेता के बयान पर केरल में सियासी बवाल

**मलप्पुरम, एजेंसी।** एसएनडीपी योगम के महासचिव वेल्लापल्ली नटेसन ने केरल के मुस्लिम बहुल जिले मलप्पुरम को एक अलग देश बताकर विवाद खड़ा कर दिया। इस बयान पर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (ढ्ढरू) सहित कई समूहों की तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। हालांकि, नटेसन ने बाद में अपने बयान का बचाव किया और कहा कि आलोचकों ने उनकी बातों को तोड़-मरोड़कर पेश किया। नटेसन ने मलप्पुरम को एक ऐसी जगह बताया जहां एक खास समुदाय का वर्चस्व है और वहां पिछड़े एझावा समुदाय के लिए सांस लेना भी मुश्किल है। उन्होंने यह भी कहा कि मलप्पुरम में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है और लोग डर के साये में जीते हैं।

वेल्लापल्ली नटेसन के बयान को सामुदायिक आधार पर भेदभावपूर्ण और भड़काऊ बताया जा रहा है। मलप्पुरम अपनी मुस्लिम बहुल आबादी के लिए जाना जाता है। मालूम हो कि नटेसन एझावा समुदाय के प्रभावशाली नेता हैं। वह एसएनडीपी योगम के जरिए सामाजिक सुधारों की वकालत करते रहे हैं। हालांकि, पहले भी अपने विवादास्पद बयानों के लिए चर्चा में आ चुके हैं। इस बार उनके बयान को कई लोगों ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाला माना है। यह विवाद केरल की राजनीति में एक नया तनाव पैदा कर सकता है, जहां सामुदायिक संतुलन हमेशा संवेदनशील मुद्दा रहा है। आईयूएमएल ने नटेसन के बयान की कड़ी निंदा की और इसे मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक बताया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ माह बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ ट्रक चोरी का केस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बोचहां थाना क्षेत्र में दरभंगा फोरलेन पर सत्संग द्वार के पास से मुर्गी दाना लोड ट्रक चोरी के मामले में कोर्ट के आदेश पर घटना के डेढ़ माह बाद एफआईआर दर्ज की गई है। जब शुरुआत में ट्रक चालक वैशाली के भगवानपुर थाना के प्रतापटांड निवासी शैलेश कुमार चंदन ने बोचहां थाना में आवेदन दिया था तो केस लेने से इंकार कर दिया गया था। इसके बाद चालक ने कोर्ट में परिवाद दायर कराया था। परिवाद पर सुनवाई के बाद बोचहां थानेदार को कोर्ट ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन करने का निर्देश दिया। चालक ने परिवाद में कहा है कि वह बीते 23 फरवरी की रात मुजफ्फरपुर से दस चक्के के ट्रक पर मुर्गी दाना लोडकर दरभंगा जा रहा था। इसी दौरान खलासी के पेट में तेज दर्द हुआ और वह छटपटाने लगा। तब गाड़ी को फोरलेन पर लगाकर लॉक कर दिया और खलासी को बोचहां पीएचसी में ले गया। अस्पताल से भोर चार बजे में छुट्टी मिली तब खलासी के साथ वापस आया तो ट्रक गायब था। काफी खोजबीन पर सुराग नहीं मिला तब बोचहां थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया। लेकिन, थानेदार ने केस लेने से इंकार कर दिया। अब इसी घटना की कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई एफआईआर में थानेदार ने प्रफल्ल कुमार प्रभाकर को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

### ट्रंप टैरिफ से बिहार के किसान टेंशन में, मखाना और लीची का निर्यात गिरने का खतरा



**पटना, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (टैरिफ) का असर बिहार के किसानों पर भी पड़ सकता है। व्यापारी कह रहे हैं कि मखाना, लीची, आम और हल्दी जैसे मसालों के निर्यात पर नए टैरिफ का असर होगा। बिहार से बड़े पैमाने पर अमेरिका और दूसरे देशों में मखाना, हल्दी, लीची, आम जैसे कृषि उत्पादों का निर्यात होता है। ट्रंप के टैरिफ से इन चीजों की कीमतों में वहां इजाफा होगा। आशंका है कि इसका असर अमेरिका में इनके बाजार पर पड़ सकता है। मखाना निर्यातक और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स से जुड़े सत्यजीत सिंह के मुताबिक भारत से हर साल लगभग 600 टन मखाना अमेरिका निर्यात होता है। टैरिफ में बढ़ोतरी के बाद मखाना की कीमतों में उछाल आएगा। दाम बढ़ने के कारण वहां के बादाम और अखरोट से प्रतिस्पर्धा में यह पीछे रह सकता है और लोकप्रिय रहने के बावजूद अमेरिकी बाजार में मखाना अपनी पकड़ को खो सकता है। मांग घटी तो फिर निर्यात भी घटेगा। भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को लागत में कटौती या वैकल्पिक बाजारों की तलाश करनी पड़ सकती है। बिहार राज्य व्यावसायिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय गुप्ता बताते हैं कि राज्य से बड़े पैमाने पर जर्दालु और मालदा आम तथा मुजफ्फरपुर की लीची का निर्यात अमेरिका होता है।

# बिहार में महागठबंधन बना रहेगा: राहुल गांधी ने सदाकत आश्रम में कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

## कहा-काम करने वाले को पार्टी में दी जाएगी जिम्मेदारी



**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदाकत आश्रम में पार्टी नेताओं और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस बैठक में राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि बिहार में महागठबंधन बना रहेगा। पार्टी नेताओं को निर्देश देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 20 अप्रैल तक पंचायत और बूथ लेवल तक कमेटी बनाना सुनिश्चित करें। इसमें सभी जातियों और धर्मों के लोगों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, जो नेता काम करेंगे, उन्हें ही पार्टी में जगह और जिम्मेदारी दी जाएगी। गांव-गांव तक पहुंचे और आम लोगों तक कांग्रेस के विचारों को पहुंचाए। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार दौरे पर थे। पहले बेगूसराय में कन्हैया कुमार के साथ पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा में शामिल हुए। फिर पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल हुए। इसके बाद सदाकत आश्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। यूथ कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन अमित कुमार सिंह ने कहा कि- राहुल गांधी ने बूथ लेवल पर एक्टिव होकर काम करने को कहा है। साथ ही बूथ कमेटी में महिलाओं, दलितों, पिछड़ों का पार्टिसिपेशन बढ़ाने पर जोर दिया। अमित कुमार सिंह ने बताया कि, राहुल गांधी ने बूथ लेवल पर मीटिंग करके कांग्रेस के मेनिफेस्टो को जनता के बीच ले जाने की बात कही है। इसके अलावा, 20 अप्रैल तक बूथ कमेटी बना लेने का निर्देश दिया है।

**काम करने वाले लोग ही पार्टी में रहेंगे :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार पासवान ने बताया कि, बैठक में राहुल गांधी ने साफ कहा है कि जो लोग काम नहीं करेंगे, पार्टी में उनके लिए कोई जगह नहीं है। जो भी लोग परिक्रमा करने में लगे रहते थे, अब वह परिक्रमा गिरी नहीं चलेगी। जनता से जुड़ना होगा और जनता के बीच रहना होगा। हर घर झंडा के साथ कांग्रेस के विचारों को आम लोगों तक पहुंचाना होगा। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में काम करना होगा। हर जिला में कोऑर्डिनेटर बनाकर काम को जल्द शुरू करना होगा। कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल पर एक्टिव होकर काम करना है।

**आपस में भिड़े कार्यकर्ता, हुई हाथापाई :** बिहार प्रदेश कार्यालय में सोमवार को कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई। इससे नाराज पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह बैठक के बीच से बाहर निकल गए थे। उनके पीछे उनका समर्थक रवि रंजन जा रहा था, तभी यूथ कांग्रेस से जुड़ा असद और पूर्व विधायक टुन्ना चोर-चोर के नारे लगाने लगे। रवि रंजन ने जब विरोध किया तो उसको दौड़ा दिया। टुन्ना ने उसे पटक दिया और लात-घूंसे से पीटने लगे। बीच में अखिलेश सिंह ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया। बाहर हंगामा होता देख राहुल गांधी ने अपनी बैठक को 20 मिनट में ही खत्म कर एयरपोर्ट के लिए निकल गए थे। मारपीट के बाद कार्यकर्ता रवि रंजन ने आरोप लगाया, मैं भूमिहार हूं और वो राजपूत है, इसलिए मुझे मारा गया। पार्टी में साजिश की जा रही है।

**मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर किया हमला :** संविधान सुरक्षा सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंटस् विथ ट्रुथ लिखा था। मोदी जी शायद माय एक्सपेरिमेंटस् विथ लाइज लिखेंगे। शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा, अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है। आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा, देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है। आज इस देश में आदिवासी, दलित सेकंड सिटिजन है।

**पार्टी में हमने दलितों-पिछड़ों को हक दिया :** राहुल गांधी ने कहा, पहले हमारे जिलाध्यक्षों की लिस्ट में 2 तिहाई अपर कास्ट के लोग थे, लेकिन अब हमने दो तिहाई दलित-गरीबों को शामिल किया है। पार्टी में हमने सबको हक देने का फैसला किया है। बिहार के नेताओं से हमने साफ कहा है कि आपका काम यहां के गरीब लोगों को प्रतिनिधित्व देना है। उनके बीच रहकर काम करें। दलितों को राजनीति में लाकर बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं।

### मजदूरी करने वाले 90 फीसदी दलित-आदिवासी

राहुल ने कहा था, अगर आप मजदूरों की लिस्ट निकालो, घर में काम करने वालों की लिस्ट निकालो तो 90 फीसदी दलित, आदिवासी, गरीब हैं। तेलंगाना का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है, जो मोदी जी आपको नहीं देना चाहते हैं। मैंने मोदी जी को संसद में सामने से बोला कि ये जो 50 फीसदी आरक्षण की फेक दीवार बना रखी है, जो आप नहीं तोड़ेंगे तो हम तोड़ कर रहेंगे। 10-15 लोग हैं, जिन्होंने पूरे कॉरपोरेट सेक्टर को पकड़ के रखा है। अंबानी-अडाणी ने कब्जा कर रखा है। जीएसटी आप देते हो, और कर्जा माफ उनका होता है। पूरे सिस्टम ने आपको घेर के रखा हुआ है। इसलिए आप सांस नहीं ले पाते हो। दलितों, पिछड़ों को बैंक लोन नहीं देती है। जहां उनको ट्रेनिंग देने की जरूरत है, वहां सवर्ण बैठे हैं।

### बेगूसराय में 1 किलोमीटर की पदयात्रा की

राहुल गांधी बेगूसराय में कन्हैया कुमार की यात्रा में बेगूसराय पहुंचे थे। बेगूसराय में पदयात्रा महज 24 मिनट में खत्म हो गई। वे कन्हैया कुमार की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में 1 किमी पैदल चले। राहुल बेगूसराय में नुक्कड़ सभा को भी संबोधित करने वाले थे, लेकिन ऐन वक्त पर सभा कैंसिल कर दी गई। राहुल की पदयात्रा के दौरान करीब 10 हजार लोग मौजूद थे।

# तालाब में गिरी स्कॉर्पियो, पति-पत्नी, दो बेटों की मौत

## गाड़ी की बोनट पर चढ़कर ड्राइवर मदद के लिए चिल्लाया ; दम घुटने से परिवार की गई जान



**गया, एजेंसी।** गया में सोमवार देर रात सड़क हादसे में पूरे परिवार की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो बेटे शामिल हैं। परिवार स्कॉर्पियो से श्राद्ध कर्म से घर लौट रहा था। इसी दौरान खिजरसराय में दखिनगांव के पास पुल से बेकाबू होकर सड़क किनारे तालाब में जा गिरी। हादसे में ड्राइवर बच गया, लेकिन दंपती और उनके दोनों बेटों की जान चली गई। मृतकों की पहचान सहवाजपुर गांव के रहने वाले पेशे से किसान शशिकांत शर्मा (43), उनकी पत्नी रिंकी देवी (40), बड़ा बेटा सुमित आनंद (17) और बालकृष्ण (5) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, शशिकांत शर्मा अपने दोस्त की मां के श्राद्ध में बिहारशरीफ गए थे। यहां से लौटने के दौरान वजीरगंज थाना क्षेत्र में हादसा हुआ। हादसे के बाद गाड़ी ड्राइव कर रहा युवक सिंटू किसी तरह बाहर निकला और मदद के लिए शोर मचाने लगा। सिंटू घायल है और इलाज के लिए उसे मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी वजीरगंज थाना की पुलिस को दी गई है।

### होटल संचालक ने ड्राइवर की सुनी आवाज

हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। दखिनगांव के रहने वाले कलेंद्र कुमार ने बताया, रात को करीब 12 बजे दखिनगांव के एक होटल संचालक होटल बंद कर घर लौट रहे थे। तालाब के पास पहुंचने पर उन्हें ड्राइवर की आवाज सुनाई दी। वो कोई बचाओ-बचाओ चिल्ला रहा था और मदद मांग रहा था। इसके बाद उन्होंने तालाब की तरफ देखा तो एक व्यक्ति स्कॉर्पियो के ऊपर खड़ा होकर बचाने की गुहार लगा रहा था। ये देखते ही होटल संचालक गांव की ओर भागे। गांव के लोगों को जगाकर तालाब के पास मदद के लिए बुलाया और घटना की सूचना वजीरगंज पुलिस को दी गई।

### चारों की दम घुटने से गई जान

पुलिस सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची। स्कॉर्पियो को जेसीबी मशीन से तालाब से बाहर निकाला गया। हालांकि, जब तक स्कॉर्पियो को बाहर निकाला गया, पीछे की सीट पर बैठे शशिकांत, उनकी पत्नी रिंकी और दोनों बेटे सुमित और बालकृष्ण की मौत हो चुकी थी।

**गांव के लोग बोले- जब परिवार में कोई नहीं बचा तो पोस्टमॉर्टम का क्या करना :** पुलिस ने ड्राइवर सिंटू से घटना की पूरी जानकारी ली। फिर मृतक के गांव वालों को घटना की सूचना दी गई। घटना की सूचना एसडीएम को भी दी गई।

एसडीएम ने तत्काल मौके पर एम्बुलेंस भिजवाया। वहीं, जब पुलिस पोस्टमॉर्टम के लिए जब शव भेजे जाने लगी तो गांववालों ने एंबुलेंस को वजीरगंज थाना क्षेत्र में रोक लिया। सुबह चार बजे वजीरगंज थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने एम्बुलेंस रोककर कहा कि जब शशिकांत के परिवार में अब कोई नहीं बचा, तो पोस्टमॉर्टम किसके लिए? फिलहाल पोस्टमॉर्टम नहीं कराए जाने से संबंधित कार्रवाई की जा रही है।

**हादसे की जानकारी मिलते ही मां की तबीयत बिगड़ी :** बताया जा रहा है कि शशिकांत शर्मा राम विनय शर्मा के बेटे थे। पिछले 15 दिनों से शशिकांत शर्मा की मां की तबीयत खराब है। बेटे, बहू और दो पोते की मौत के बाद राम विनय शर्मा कुछ बोलने की स्थिति में नहीं थे। शशिकांत गांव के सबसे संपन्न किसानों में गिने जाते थे। उनका बड़ा बेटा सुमित आनंद भाजपा से जुड़ा था। बीते साल डिप्टी सीएम विजय सिन्हा उनके घर आए थे। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के बाद गांव का माहौल गमगीन है।




# आंखों में स्प्रे कर बैंक सीएसपी संचालक से दिनदहाड़े लूट

## गाड़ी से गिराकर 2 लाख, लैपटॉप-मोबाइल छिना, हथियारबंद बदमाश फरार

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के झाझा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक बड़ी लूट की घटना सामने आई है। बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सीएसपी संचालक दीनबंधु कुमार यादव से हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े 2 लाख रुपये, लैपटॉप और मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

### बैंक से कैश निकालकर लौट रहे थे सीएसपी संचालक

घटना झाझा प्रखंड के पैरगाह-सलगा मुख्य मार्ग पर जाखराज स्थान के पास हुई। बैजला गांव के रहने वाले दीनबंधु कुमार यादव पिछले 7 वर्षों से सीएसपी सेंटर चला रहे हैं। वे बोड़वा शाखा से कैश निकालकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी दो बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया।

### आंखों में स्प्रे कर की लूटपाट

बदमाशों ने पहले दीनबंधु की आंखों में स्प्रे किया, जिससे वे कुछ देख नहीं पाए। इसके बाद उन्हें बाइक से गिराकर पिट्ठू बैग छीन लिया। बैग में करीब 2 लाख रुपए नकद, लैपटॉप और मोबाइल था। बदमाश बाइक की चाबी भी निकालकर ले गए।

### आधे घंटे तक आंखों में जलन, राहगीर से ली मदद

दीनबंधु ने बताया कि स्प्रे के कारण करीब आधे घंटे तक आंखों में जलन होती रही। इसी दौरान एक राहगीर के फोन से उन्होंने परिजनों को सूचना दी। परिजन पहुंचे और उन्हें झाझा थाना लेकर गए, जहां मामले की एफआईआर दर्ज की गई। इस दिनदहाड़े हुई लूट से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

### पुलिस कर रही जांच, जल्द गिरफ्तारी का दावा

झाझा थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बदमाशों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।



### गया में कुख्यात अपराधी फोटु यादव गिरफ्तार: 50 हजार रुपए का था इनामी, गुप्त सूचना पर पुलिस ने घेरकर दबोचा

**गया, एजेंसी।** गया जिले के चंदौती थाना इलाके में हुई फायरिंग और हत्या के आरोपी, 50 हजार के इनामी अपराधी फोटु कुमार उर्फ फोटु यादव को पुलिस ने दबोच लिया है। फोटु की गिरफ्तारी को लेकर स्स्कके निर्देश पर बनाई गई विशेष टीम ने उसे शेरघाटी थाना क्षेत्र के बस स्टैंड से पकड़ा है। इकी पुष्टि स्स्क अनवर जावेद अंसारी ने की है। एएसपी ने बताया कि फोटु यादव कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वो शेरघाटी बस स्टैंड के आसपास मौजूद है। सूचना मिलते ही विशेष टीम ने इलाके की घेराबंदी की। इस बात की भनक लगते ही पुलिस को देखकर फोटु मौके से भागने लगा, लेकिन सशस्त्र बलों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम फोटु कुमार उर्फ फोटु यादव, निवासी जगनडी, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा बताया।

#### आपराधिक इतिहास खंगाल रही है पुलिस

बताते चलें कि 29 अक्टूबर 2024 को इंग्लिश गांव के पास फायरिंग में एक युवक को गोली मारी गई थी, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में चंदौती थाने में स्रद्धक्रदर्ज हुई थी और फोटु की संलिप्तता सामने आई थी। इसी मामले में पहले तीन अन्य आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। फोटू यादव की तलाश तेजी से की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि फोटु के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। अन्य फरार अपराधियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

### मांझी ब्लॉक में दहा नदी पर बनेगा पुल:महाराजगंज निवासियों को सौगात

**एकमा (सारण), एजेंसी।** महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के लोगों को बड़ी सौगात मिली है। मांझी प्रखंड के रेवल गांव में दहा नदी पर पुल का निर्माण जल्द शुरू होगा। राज्य कैबिनेट से इस प्रोजेक्ट को 26 मार्च 2025 को मंजूरी मिली है। यह जानकारी महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने दी।




**10.26 करोड़ की लागत से बनेगा पुल :** इस प्रोजेक्ट पर 10 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत आएगी। पुल के बनने से रेवल, ताजपुर, मुबारकपुर, चैफुल, भट्ठा, मटियार, खजूहटी और मोहम्मदपुर जैसे गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा सिवान से आने-जाने वालों को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

**मुख्यमंत्री को सांसद ने दिया धन्यवाद :** सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने इस मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे पिछले 5 वर्षों से इस पुल के लिए प्रयासरत थे। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान उन्होंने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई हुई।

#### यातायात और स्थानीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

पुल बनने से जहां लोगों को आवागमन में सुविधा होगी, वहीं कृषि उत्पादों की आवाजाही भी आसान होगी। इससे स्थानीय व्यापार, कृषि और परिवहन को गति मिलेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस विकास कार्य को लेकर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। स्थानीय जनता ने सांसद सिग्रीवाल को धन्यवाद और शुभकामनाएं दी हैं।

# राजगीर से वैष्णो देवी-ऋषिकेश के लिए नई ट्रेन सेवा

## कटरा के लिए स्पेशल साप्ताहिक गाड़ी 14 अप्रैल से चलेगी, 12 स्लीपर क्लास के कोच रहेंगे



**नालंदा, एजेंसी।** राजगीर से अब श्री माता वैष्णो देवी कटरा और योग नगरी ऋषिकेश तक सीधी ट्रेन सेवा का लाभ यात्रियों को मिलेगा। अप्रैल में दो नई विशेष ट्रेनों का परिचालन शुरू होने जा रहा है, जिससे तीर्थयात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार, राजगीर से वैष्णो देवी कटरा और राजगीर से ऋषिकेश के लिए 2 नई विशेष ट्रेनों का संचालन इसी महीने से प्रारंभ किया जा रहा है। इन दोनों ट्रेनों के संचालन से तीर्थयात्रियों को अपनी यात्रा में काफी सुविधा होगी। श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए 03221 राजगीर-वैष्णो देवी स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन 14 अप्रैल से शुरू होगा, जो 30 जून तक चलेगी। इस अवधि में यह ट्रेन कुल 12 फेरे लगाएगी। इसका संचालन सप्ताह में एक दिन, केवल सोमवार को होगा। यह ट्रेन राजगीर से दोपहर 2:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 1:30 बजे कटरा स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में, यह कटरा रेलवे स्टेशन से बुधवार को शाम 4:30 बजे प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में कुल 24 डिब्बे होंगे, जिनमें चार जनरल कोच, 12 स्लीपर क्लास कोच, चार थर्ड एसी और दो सेकंड एसी कोच के साथ-साथ दो गार्ड और पावर बोगी भी शामिल हैं।

**राजगीर-ऋषिकेश स्पेशल ट्रेन :** योग नगरी ऋषिकेश के लिए 03223 विशेष ट्रेन का परिचालन 11 अप्रैल से शुरू होगा। यह ट्रेन राजगीर स्टेशन से सुबह 6:05 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 8:30 बजे ऋषिकेश पहुंचेगी। वापसी में, यह उसी दिन शाम 6:00 बजे राजगीर के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में भी कुल 24 डिब्बे होंगे, जिनमें चार जनरल बोगी, 12 स्लीपर क्लास बोगी, दो सेकंड एसी कोच, चार थ्री एसी कोच के साथ-साथ गार्डन तथा पावर ब्रेक शामिल हैं। इन दोनों नई ट्रेनों का परिचालन सप्ताह में एक-एक दिन होगा, जिससे तीर्थयात्रियों को अपनी यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी। राजगीर-दानापुर पैसेंजर, राजगीर-फतूहा पैसेंजर, राजगीर-पटना फास्ट पैसेंजर स्पेशल, राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन, राजगीर-बख्तियारपुर मेमो, गया भाया राजगीर-बख्तियारपुर मेमो, राजगीर-पटना स्पेशल ट्रेन, राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस।



# शरद केलकर इस एक्टर के बने कायल

## ➢ साझा की अभिनेता की खूबियां

अभिनेता शरद केलकर ने कई नामी अभिनेताओं के साथ फिल्मों में अभिनय किया। वह अजय देवगन को काफी पसंद करते ही हैं। साथ ही एक और नामी एक्टर के कायल भी हैं।

अभिनेता शरद केलकर ने टीवी सीरियल के जरिए अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। फिल्मों में भी कई तरह के किरदार वह निभा चुके हैं। हाल ही में शरद केलकर ने ऐसे अभिनेता का जिक्र किया, जो अपने मस्तमौला अंदाज के लिए जाना जाता है लेकिन फिल्मों को लेकर उनकी टेक्निकल नॉलेज काफी अच्छी है। जानिए, कौन है वो कलाकार जिसको शरद केलकर सराह रहे हैं।

### इस एक्टर को सराहते दिखे शरद

फिल्मफेयर को दिए गए हालिया इंटरव्यू में शरद केलकर ने अपने करियर से जुड़ी कई बातें साझा कीं। इस दौरान अभिनेता ने अजय देवगन के अलावा एक चर्चित अभिनेता का भी जिक्र किया जिनको अभिनय के अलावा फिल्मों की मेकिंग की टेक्निकल नॉलेज भी काफी है। शरद कहते हैं, 'मैंने अजय देवगन के साथ फिल्म 'ताण्हाजी' में काम किया, उन्हें फिल्मों से जुड़ी अच्छी टेक्निकल नॉलेज है। ऐसे ही अक्षय कुमार भी हैं। वह सेट पर जरूर कूल नजर आते हैं लेकिन उन्हें पता होता है कि सीन में क्या चल रहा है, वह भी फिल्ममेकिंग की टेक्निकल नॉलेज रखते हैं।'

### छत्रपति शिवाजी का किरदार निभाकर हुए मशहूर

फिल्म 'ताण्हाणी' में शरद केलकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाई, इस किरदार में उन्हें काफी पसंद किया गया। साथ ही वह साउथ एक्टर प्रभाव की फिल्म 'बाहुबली' को हिंदी में डब भी कर चुके हैं। शरद की आवाज के कारण ये फिल्म हिंदी में भी खूब पसंद की गई।

नया ट्रेलर जारी

# 25 अप्रैल को री रिलीज हो रही अंदाज अपना अपना




**सलमान** खान हाल ही में सिकंदर के सिनेमाघरों में आने के बाद सुर्खियों में आए। इस बीच, उन्होंने सोशल मीडिया पर 30 साल बाद सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने आ रहा कल्ट क्लासिक फिल्म अंदाज अपना-अपना , 7 अप्रैल को फिल्म का नया ट्रेलर साझा किया है। सोमवार को सलमान खान ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर अंदाज अपना-अपना का नया ट्रेलर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, अमर प्रेम का अंदाज वापस आ गया है। अंदाज अपना अपना 25 अप्रैल 2025 को देशभर में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। लोग इन्हें देख हंस-हंस के लोटपोट हो रहे हैं और इस फिल्म को बडे पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं। बता दें इस सलमान और आमिर खान की 30 साल पुरानी फिल्म 'अंदाज अपना अपना' की री रिलीज का ऐलान पहले ही हो गया था। लोग टीवी चैनलों पर इस फिल्म का खूब मजा लेते हैं। हालांकि साल 1995 में जब यह फिल्म थिएटर्स में आई थी तो इसे बढ़िया रिस्पोंस नहीं मिला था। इसके डायरेक्टर राजकुमार संतोषी हैं, जो आम तौर पर एक्शन फिल्में बनाते हैं। नए ट्रेलर ने फैंस को पुरानी यादों और उत्साह से भर दिया हैं। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा, एक्साइटे, मेरा ऑलटाइम फेवरेट। दूसरे ने लिखा, अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म मेरा ऑलटाइम फेवरेट। कॉमेडी कैटेगरी में लीजेंड फिल्म कह सकते हैं। एक ने लिखा, बेस्ट कल्ट मूवी में से एक। एक ने लिखा, जरूर जाएंगे ये फिल्म देखने। थिएटर का मजा अलग होगा। अंदाज अपना अपना का ओरिजिनल रिलीज 4 नवंबर 1994 था। राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म अंदाज अपना-अपना ने उस समय बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली, लेकिन समय के साथ, यह एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिसे इसकी मजेदार कहानी, अनोखे किरदार और वन-लाइनर्स के लिए पसंद किया गया। इस फिल्म में सलमान खान और आमिर खान ने दो प्यारे दोस्त प्रेम और अमर की भूमिका निभाई है। अंदाज अपना-अपना ने दर्शकों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना ली है। अपने मजेदार स्टोरी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर इस फिल्म में सलमान खान-आमिर खान के अलावा रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर भी हैं। परेश रावल ने इस फिल्म में डबल रोल निभाया है। शक्ति कपूर का क्राइम मास्टर गोगो ने जल्द ही दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं परेश रावल के डबल रोल ने इसमें तड़का लगाने का काम किया है।



लापता लेडीज ने जिंदगी बदल दी

# नितांशी ने जताई किरण राव-आमिर खान के साथ फिर काम करने की इच्छा

पिछली साल रिलीज हुई फिल्म लापता लेडीज को समीक्षकों और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिला। आईफा अवॉर्ड्स 2025 में भी फिल्म का जलवा रहा और इसने वहां बेस्ट फिल्म समेत 10 अवॉर्ड अपने नाम किए। इस फिल्म से नितांशी गोयल को काफी पहचान मिली, जिसके बाद फैंस ने उनके अभिनय को भी सराहा। बीते दिनों जयपुर में हुए आईफा अवॉर्ड्स में नितांशी ने अमर उजाला के साथ खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म और पर्सनल लाइफ से जुड़े कई अनुभव साझा किए।

### पहली बार आईफा का हिस्सा बनीं नितांशी

नितांशी ने इस साल पहली बार आईफा अवॉर्ड्स में हिस्सा लिया। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए खुशी भी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैंने आईफा हमेशा अपने परिवार के साथ टीवी पर देखा है और जब मैं इसे आज अटैंड कर रही हूं तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। खास बात यह है कि यहां हमारी फिल्म लापता लेडीज को कई कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया।

### फिल्म ने दिलाई खास पहचान

लापता लेडीज के बाद मिली पहचान और प्यार के बारे में पूछने पर नितांशी ने कहा- इस फिल्म मुझे खास पहचान मिली है। जिंदगी में बहुत खूबसूरत सा बदलाव आया है क्योंकि हर किसी को अच्छा लगता है, जब उन्हें लोगों से प्यार मिलता है। आप सबने तो मुझे पूरी टोकरी भरकर दे दी है प्यार की तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा है।

### इंडस्ट्री से मिल रहा समर्थन

लापता लेडीज के बाद इंडस्ट्री से मिले खास समर्थन के बारे में बात करते हुए नितांशी ने कहा कि उन्हें बहुत लोगों का समर्थन और प्यार मिला। इंडस्ट्री उनके साथ बहुत प्यार से व्यवहार करती है। उन्हें फिल्म की रिलीज के बाद इंडस्ट्री के कई लोगों से खूब तारीफें सुनने के लिए भी मिलीं। नितांशी ने कहा कि इंडस्ट्री से सबसे बेहतरीन सलाह उन्हें यह मिली कि वह जैसी हैं, वैसी ही रहें और उनका यह अंदाज इंडस्ट्री में काफी आगे लेकर जाएगा।



# साउथ फिल्म में डेब्यू को तैयार धीरज धूपर, बोले- मेरा पहला प्यार टेलीविजन रहेगा

टेलीविजन स्टार धीरज धूपर अपकमिंग फिल्म कलावरम के साथ तेलुगू सिनेमा में डेब्यू के लिए तैयार हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की और बताया कि टेलीविजन उनका हमेशा से पहला प्यार रहेगा। अभिनेता ने कहा कि टेलीविजन हमेशा उनका पहला प्यार रहेगा। इस माध्यम ने ही उन्हें सफलता का स्वाद चखाया। अभिनेता ने कहा कि वह हमेशा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करना चाहते थे। लेकिन, टेलीविजन के प्रति उनकी प्रतिबद्धताओं की वजह से वह कदम नहीं रख पाए। उन्होंने कहा, जैसा कि सभी जानते हैं, टीवी बेहद मांग वाला काम है, जिसमें सप्ताह में छह से सात दिन शूटिंग होती है। हालांकि, मेरा मानना ??है कि अवसर सही समय पर आते हैं और यह मेरे लिए एकदम सही पल था। उन्होंने आगे बताया, मैं हमेशा से मनोरंजन के सभी फॉर्मेट, ओटीटी, टेलीविजन और फिल्मों का हिस्सा बनना चाहता था। अब जब मुझे विभिन्न प्लेटफार्म्स के माध्यम से अपने प्रशंसकों से जुड़ने का मौका मिल रहा है, तो मैं वास्तव में इसका आनंद ले रहा हूं। टीवी हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा, और मैं अभी भी छोटे पर्दे के लिए तैयार हूं, लेकिन मैं अन्य माध्यमों को भी तलाशना चाहता हूं। उन्होंने बताया, मैं निर्माता से मिलने गया था और इससे पहले कि मैं कुछ समझ पाता, मैं एक प्रपोजल पर तैयार हो गया। मैं हमेशा से टॉलीवुड का हिस्सा बनना चाहता था, लेकिन प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं पहले इसे एक्सप्लोर नहीं कर सका। मैं खलनायक की भूमिका के रूप में काम करने को तैयार हूं। धीरज ने पिछले महीने हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में अपने तेलुगू डेब्यू की शूटिंग शुरू की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की थी।



# कुकिंग करने चलीं आलिया ने जला लिया अपना हाथ

अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्मों के साथ-साथ कुकिंग पर भी काफी ध्यान दे रही हैं और अपनी मां से कुकिंग सीख रही हैं। लेकिन इस दौरान आलिया के साथ कुछ ऐसा हो गया, जिससे उनका हाथ जल गया। जानिए क्या हुआ।

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों फिल्मों के साथ-साथ अपने यूट्यूब पर भी काफी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी यूट्यूब सीरीज 'इन माई ममाज किचन' का दूसरा एपिसोड रिलीज किया। इसमें वो और उनकी मां सोनी राजदान स्वादिष्ट एप्पल क्रम्बल बनाते दिख रहे हैं। इस दौरान दोनों के बीच काफी हंसी-मजाक भी चलता है। साथ ही आलिया की मां सोनी राजदान ये भी बताती हैं कि वो इस एप्पल क्रम्बल मिठाई को किसे खिलाना चाहती हैं। वीडियो में अचानक कुछ ऐसा भी होता है जिससे आलिया का हाथ जल जाता है।

### मां-बेटी में हुई मजेदार बातें

वीडियो में आलिया भट्ट अपनी मां सोनी राजदान की मदद से इस डिश को तैयार कर रही हैं। वीडियो की शुरूआत में सोनी राजदान एप्पल क्रम्बल को बनाने के लिए जरूरी सामग्री की तैयारी करती हैं। तभी अचानक आलिया आती हैं और खाना बनाने की प्रक्रिया सीखने के लिए काफी उत्साहित दिखती हैं। आलिया बहुत ही एक्साइटमेंट में कहती हैं कि मुझे करने दो। मैं खाना बनाना सीखना चाहती हूं। इस पर सोनी राजदान मजाक करते हुए कहती हैं, मुझे लगा तुम सिर्फ यहां मेरा कमाल देखने और मुझे खाना बनाते देखने आई हो।

### आलिया की मां ने बताया किसे खिलाएंगी एप्पल क्रम्बल

कुकिंग के दौरान आलिया सोचती हैं कि इस स्वादिष्ट एप्पल क्रम्बल को कौन खाएगा, कौन इसका मजा लेगा। इस पर आलिया की मां कहती हैं कि हम इसे थोड़ा शाहीन और राहा के लिए भेजेंगे। इसके बाद तुम इसे यहां से ले जाना, क्योंकि मैंने इस महीने भर की मीठाइयों का मजा पहले ही ले लिया है। बता दें कि शाहीन आलिया की बहन हैं और राहा आलिया-रणबीर की बेटी है।

### टेस्टी एप्पल क्रम्बल खाने में जला आलिया का हाथ

एप्पल क्रम्बल के तैयार होने के बाद आलिया एक पीस खाती हैं और इसे बहुत टेस्टी व स्वादिष्ट बताती हैं। इसी दौरान आलिया के साथ कुछ ऐसा हो जाता है कि उनका हाथ जल जाता है। दरअसल, भूख में बेचैन दिख रही आलिया जल्दबाजी में एप्पल क्रम्बल रखी गर्म ट्रे को ही छू लेती हैं, जिससे उनका हाथ हल्का सा जल जाता है। आलिया की मां एकदम परेशान हो जाती हैं, फिर वो आलिया के हाथ को ठंडे पानी में डाल देती हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए आलिया ने लिखा, 'इसके लिए मैंने अपना हाथ जलाया।'



जाट के प्रमोशन पर ये क्या बोले सनी देओल

# जब मैं डर जाऊंगा तब ऐसी फिल्म करूंगा

सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जाट' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उनकी यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में अभिनेता कई सारे इवेंट में हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच किसी इवेंट से उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सनी देओल ने हॉरर फिल्म करने को लेकर जो जवाब दिया उसे सुनकर सभी चौंक गए।

### हॉरर फिल्में क्यों नहीं करते सनी देओल?

वीडियो में देखा जा सकता है कि किसी ने अभिनेता से पूछा कि वह हॉरर फिल्में क्यों नहीं करते। उनके जवाब ने सभी हंसने पर मजबूर कर दिया। अभिनेता ने कहा, 'जब मैं खुद डर जाऊंगा, तब ऐसी फिल्में करूंगा।' इतना कहकर सनी देओल हंसने लगे। उन्होंने आगे कहा कि अगर मेरे पास ऐसी कोई स्क्रिप्ट आती है तो मैं जरूर हॉरर फिल्में करूंगा।

### 'जाट' कब होगी रिलीज

सनी देओल की फिल्म जाट 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी कर रहे हैं। यह एक्शन एक फिल्म है। फिल्म में सनी देओल के अलावा रिजीना कैसांड्रा, रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, विनीत सिंह कुमार, सईयामी खेर, राम्या कृष्णा और जगपति बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।



ब्रेस्ट कैंसर से जंग के बीच हिना खान ने किया क्रिप्टिक पोस्ट

# मैं बुरी तरह टूट गई हूं, लेकिन...

**अभिनेत्री हिना खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। इस प्लेटफॉर्म पर वे फैंस से रूबरू होती हैं और अपनी निजी-पेशेवर जिंदगी से जुड़ी अपडेट भी उनके साथ शेयर करती हैं। हिना खान ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उनका उपचार चल रहा है। अभिनेत्री ने इस बीच एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है।**

हिना खान ने सोमवार 07 अप्रैल को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक कोट शेयर किया है। इसमें लिखा है, मैं बहुत बुरी तरह टूट चुकी हैं। लेकिन मैं कभी किसी को उस तरह से आहत नहीं करूंगी, जिस तरह से मुझे आहत किया गया है। हिना खान ने इसके अलावा एक अन्य पोस्ट भी शेयर किया है। इसमें लिखा है, मुकद्दर लिखने वाले के पास, मुकद्दर बदलने वाले इख्तियार भी हैं.. !!

हिना ने एक पोस्ट में अपना हालिया लुक भी शेयर किया है। उन्होंने व्हाइट आउटफिट में अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिनमें वे बेहद स्टाइलिश लग रही हैं।

## यूजर्स ने की सलामती की दुआ

हिना खान के लुक की फैंस और यूजर्स तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, क्या रंग खिला, क्या रूप सजा, मैंने ही नहीं दुनिया ने कहा, हमारी प्यारी हिना। एक यूजर ने लिखा, ऊपर वाला आपको सलामत रखे। एक अन्य यूजर ने लिखा, व्हाइट क्वीन। हिना खान छोटे परदे की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने ये रिश्ता क्या कहलाता है शो में अक्षरा का रोल अदा कर खूब लोकप्रियता बटोरी। हिना कई म्यूजिक वीडियोज में काम कर चुकी हैं।

## भारतीय सिनेमा की टॉप 10 ब्लॉकबस्टर में 7वें पायदान पर आई छावा, स्त्री-2 को पीछे धकेला

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल एपिक फिल्म छावा भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक नए कारनामा कर रही है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 52 दिन हो चुके हैं और इन 52 दिनों में विक्की कौशल की फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है।



छावा ने श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 को पीछे छोड़ दी है। रिलीज के 52वें दिन छावा भारतीय सिनेमा की टॉप 10 ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। ट्रेड एनालिस्ट सैकनिल्क के मुताबिक, छावा ने 8वें रविवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। 52 दिनों के बाद छावा का कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 598.50 करोड़ रुपये हो गए हैं। विक्की कौशल के लिए छावा उनके करियर में एक महत्वपूर्ण फिल्म है। यह फिल्म 600 करोड़ रुपये से चंद कदम दूर है।

साभार एजेंसी

# अतिरिक्त 50 प्रतिशत शुल्क की ट्रंप की धमकी के बाद चीन ने जवाबी कदम उठाने की योजना बनाई

» बीजिंग, भाषा।

प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद चीन ने अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए दृढ़तापूर्वक जवाबी कदम उठाने की योजना बनाई है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि अमेरिका द्वारा चीन पर तथाकथित जवाबी शुल्क लगाए जाने का कदम पूरी तरह से निराधार है और यह एकतरफा धमकाने का चलन है। चीन ने जवाबी शुल्क लगाया है तथा मंत्रालय ने संकेत दिया कि और भी शुल्क लगाए जा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा, चीन द्वारा उठाए गए जवाबी कदमों का उद्देश्य अपनी संप्रभुता, सुरक्षा एवं विकास संबंधी हितों की रक्षा करना और सामान्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को बनाए रखना है। ये कदम पूरी तरह से वैध हैं।

चीनी उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 50 उसने कहा, चीन पर शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी धमकी एक बड़ी गलती है और यह अमेरिका की ब्लैकमेल करने की प्रकृति को एक बार फिर उजागर करती है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। यदि अमेरिका अपना यह तरीका अपनाने पर अड़ा रहा तो चीन अंत तक लड़ेगा। चीन ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब ट्रंप द्वारा चीन पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की सोमवार को धमकी दिए जाने के बाद से यह चिंता बढ़ गई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को पुनर्संतुलित करने का उनका प्रयास आर्थिक रूप से विनाशकारी व्यापार युद्ध के खतरे को और बढ़ा सकता है। इससे पहले, ट्रंप ने चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी सीमा शुल्क को वापस न लेने की स्थिति में उस पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की सोमवार को धमकी दी थी। ट्रंप ने चीन द्वारा पिछले सप्ताह घोषित अमेरिकी शुल्क के जवाब में कार्रवाई की बात कहे जाने के बाद यह धमकी दी थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर लिखा, अगर चीन आठ अप्रैल 2025 तक अपने पहले से ही दीर्घकालिक व्यापार दुरुपयोगों से ऊपर 34 प्रतिशत की वृद्धि को वापस नहीं लेता है तो हम चीन पर 50 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाएंगे जो नौ अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। इसके साथ ही ट्रंप ने अमेरिका के साथ बैठकों के अनुरोध पर चीन के साथ आयोजित सभी वार्ताएं भी समाप्त करने की धमकी दी। ट्रंप ने दो अप्रैल को चीन एवं भारत समेत करीब 60 देशों पर अतिरिक्त सीमा शुल्क लगाने की घोषणा की थी। चीन के उत्पादों पर अमेरिका ने 34 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इस पर पलटवार करते हुए चीन ने भी अमेरिकी आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति का मानना है कि वैश्विक व्यापार को संतुलित करने और घरेलू विनिर्माण के पुनर्निर्माण के लिए उच्च शुल्क आवश्यक हैं।



## ट्रंप ने ईरान, शुल्क और गाजा युद्ध विराम वार्ता पर नेतन्याहू के साथ बातचीत की



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को वाशिंगटन में मुलाकात कर ईरान, शुल्क और गाजा में युद्ध विराम संबंधी वार्ता को लेकर बातचीत की। नेतन्याहू ट्रंप द्वारा दुनिया भर के देशों पर शुल्क लगाए जाने के बाद उनसे मिलने जाने वाले पहले विदेशी नेता हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नेतन्याहू की यात्रा इजराइल पर लगाए गए शुल्क को कम करने या समाप्त करने में सफल होगी या नहीं, लेकिन यह यात्रा किस प्रकार आगे बढ़ती है, उससे इस बात का आधार तैयार हो सकता है कि दुनिया के बाकी नेता शुल्क के मुद्दे से कैसे निपटेंगे।

### तेहरान अब 60 प्रतिशत शुद्धता तक यूरेनियम का संवर्धन कर रहा

# तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिकी राजदूत से अप्रत्यक्ष वार्ता करेंगे : ईरानी विदेश मंत्री

» दुबई, भाषा।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि वह तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकना चाह रहे ट्रंप प्रशासन के तहत पहली वार्ता के लिए ओमान में अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात करेंगे। अराघची ने अल्जीरिया की यात्रा के दौरान ईरान के सरकारी टेलीविजन पर कहा कि वार्ता अप्रत्यक्ष होगी और इसमें दोनों पक्षों के बीच ओमान के मध्यस्थों के रहने की संभावना है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बातचीत की घोषणा की थी और इन्हें प्रत्यक्ष बातचीत बताया था। जो बाइडन प्रशासन के तहत वर्षों से चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता किसी भी तरह की सफलता पाने में विफल रही, क्योंकि तेहरान अब 60 प्रतिशत शुद्धता तक यूरेनियम का संवर्धन कर रहा है। अमेरिका और इजराइल दोनों ने ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर सैन्य हमले की धमकी दी है, वहीं तेहरान के अधिकारी चेतावनी दे रहे हैं कि वे परमाणु बम से हमला कर सकते हैं। अराघची ने कहा, वार्ता में हमारा मुख्य लक्ष्य, स्वाभाविक रूप से लोगों के अधिकारों को बहाल करना और प्रतिबंधों को हटाना है और यदि दूसरे पक्ष की वास्तविक इच्छाशक्ति है, तो यह प्राप्त किया जा सकता है।



इसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा, इस समय तो हमारी प्राथमिकता अप्रत्यक्ष वार्ता की है। और हमारी इसे बदलकर प्रत्यक्ष करने की कोई योजना नहीं है। अमेरिका की ओर से तत्काल इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई कि विटकॉफ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वार्ता की खबरों के बाद ईरान की कमजोर अर्थव्यवस्था को राहत मिलती दिखी। वार्ता को लेकर ट्रंप की टिप्पणियों के सार्वजनिक होने के बाद, ईरान की बीमार अर्थव्यवस्था में अचानक ताकत मिलने के नए संकेत दिखाई दिए। इसकी रियाल मुद्रा, जो डॉलर के मुकाबले 10 लाख रियाल से अधिक के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी, मंगलवार को 9,90,000 रियाल के स्तर पर पहुंच गई। इस खबर के बाद तेहरान स्टॉक एक्सचेंज में भी करीब 2 प्रतिशत की तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। प्रमुख रूप से ट्रंप द्वारा 2018 में हुए तेहरान के परमाणु समझौते से एकपक्षीय तरीके से अमेरिका को हटाने से इस पर असर पड़ा। इससे पहले शनिवार को बातचीत हुई थी जो ट्रंप द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अल खामनेई को पत्र लिखे जाने के बाद हुई थी। खामनेई तेहरान और वाशिंगटन के बीच सीधी बातचीत शुरू कराने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, ट्रंप यमन में ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों को निशाना बनाकर तीव्र हवाई हमले अभियान जारी रखे हुए हैं।

## अमेरिका ईरान के साथ सीधी बातचीत करेगा तेहरान को परमाणु हथियार नहीं मिल सकते : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उससे सीधी बातचीत करेगा लेकिन उन्होंने साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि यह वार्ता सफल नहीं हुई तो ईरान बड़े खतरे में पड़ जाएगा।राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि वार्ता शनिवार से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि तेहरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता। ट्रंप ने कहा, हम उनसे सीधे बात कर रहे हैं और शायद कोई समझौता हो जाए। यह पूछे जाने पर कि अगर उनके वार्ताकार ईरान के साथ समझौता नहीं कर पाते हैं तो क्या वह उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, ट्रंप ने कहा, मुझे यह कहना पसंद नहीं लेकिन (वार्ता असफल रहने पर) ईरान बहुत खतरे में पडने् वाला है। ट्रंप ने कहा, अगर वार्ता सफल नहीं होती है तो मुझे लगता है कि यह ईरान के लिए बहुत बुरा होगा। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन द्वारा ईरान के साथ किए गए ऐतिहासिक परमाणु समझौते से ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका को अलग कर लिया था।

## ईरानः कोयला खदान में गैस रिसाव से सात श्रमिकों की मौत



**तेहरान।** उत्तरी ईरान की एक कोयला खदान में गैस रिसाव के कारण वहां कार्यरत सात श्रमिकों की मौत हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने मंगलवार को प्रसारित खबर में बताया कि हादसे में मरने वाले श्रमिकों में से तीन अफगानिस्तान के थे। खबर के अनुसार, यह दुर्घटना सोमवार दोपहर राजधानी तेहरान से लगभग 270 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दमघन शहर के पास हुई। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। खबर में कहा गया है कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि खदान में सुरक्षा उपायों की अनदेखी की गई थी। ईरान में औद्योगिक दुर्घटनाओं में हर साल करीब 700 कर्मचारी मारे जाते हैं। पिछले सप्ताह ईरान के उत्तर-पश्चिम में एक लौह अयस्क खदान ढह जाने से वहां कार्यरत एक मजदूर की मौत हो गई थी। सितंबर में पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में विस्फोट होने से दर्जनों मजदूर मारे गए थे।

## अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की उलटी गिनती शुरू



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने योग दिवस में 75 दिन शेष नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र।,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की। पोस्ट में कहा गया, इस सत्र में योगासन, श्वसन क्रिया और आत्म-जागरूकता की तकनीकें शामिल रहीं। इस अवसर ने भारतीय प्रवासी समुदाय और भारत के मित्रों को स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवन शैली अपनाने के लिए एकजुट किया। रुचिका लाल ने कहा, जिस स्थान ने इतिहास की सबसे भयावह आतंकी घटना देखी, वह आज योग के माध्यम से लोगों को जोड़ रहा है। उन्होंने योग सत्र को अद्‌भुत बताते हुए कहा कि दुनिया की सबसे ऊंची इमारत से योग करना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की उलटी गिनती की सबसे अच्छी शुरुआत है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय और अन्य प्रतिष्ठित स्थलों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जून में योग दिवस के भव्य समारोह के साथ संपन्न होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में ऐतिहासिक योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया था। यह आयोजन उस ऐतिहासिक क्षण के नौ वर्ष बाद हुआ जब उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को योग दिवस के वार्षिक आयोजन के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था।

### न्यूज ब्रीफ

## प्रिंस हैरी ने सुरक्षा वापस लिए जाने के ब्रिटिश सरकार के फैसले के खिलाफ अपील की

» लंदन, भाषा।



प्रिंस हैरी ने सुरक्षा वापस लिए जाने के ब्रिटिश सरकार के फैसले के खिलाफ एक अदालत में अपील की है। हैरी द्वारा राजपरिवार के कार्यकारी सदस्य की भूमिका नहीं निभाने का फैसला लिए जाने और अमेरिका में बसने के बाद फरवरी 2020 में उन्हें सरकार द्वारा प्रदत्त सुरक्षा वापस ले ली गई थी। हैरी को ड्यूक ऑफ ससेक्स की उपाधि मिली हुई थी। हैरी सरकार के फैसले को बरकरार रखने के अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने के लिए मंगलवार को लंदन की अपीलीय अदालत पहुंचे। पिछले वर्ष उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया था कि हैरी को आवश्यकतानुसार विशेष सुरक्षा प्रदान करने का सरकार का फैसला गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था।

हैरी ने दावा किया था कि सोशल मीडिया और मीडिया द्वारा लगातार उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, जिस कारण उन्हें और उनकी पत्नी मेगन को अपने देश लौटने पर शत्रुतापूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ता है और इससे उन्हें खतरा है। राजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे 40 वर्षीय हैरी ने सरकार और मीडिया के खिलाफ अदालत का रुख कर शाही परिवार की परंपरा को तोड़ा है। हैरी इस मामले से जुड़ा एक अदालती मुकदमा भी हार चुके हैं, जिसमें उन्होंने ब्रिटेन में रहने के दौरान पुलिसकर्मियों को निजी तौर पर भुगतान करने की अनुमति मांगी थी। एक न्यायाधीश ने हैरी के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था और सरकारी वकील ने दलील दी थी पुलिस अधिकारियों को धनी लोगों के निजी अंगरक्षक के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## नेपाल में राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने काठमांडू में रैली आयोजित की

**काठमांडू।** राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने मंगलवार को एक विरोध रैली निकाली और राजशाही को बहाल करने तथा नेपाल को हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की मांग की। काठमांडू के बाहरी इलाके बल्खू में आरपीपी अध्यक्ष राजेंद्र लिंग्देन के नेतृत्व में आयोजित रैली में हजारों कार्यकर्ता, नेता और आरपीपी तथा अन्य राजशाही समर्थक शामिल हुए, जिन्होंने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की तस्वीरें ले रखी थीं। सरकार ने किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए 2,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात करके कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। रैली में हालात बदलने के लिए व्यवस्था बदलें, देश को बचाने के लिए राजशाही को बहाल करें और नेपाल को हिंदू राष्ट्र के रूप में बहाल करें के नारे लगाए गए।

# ब्राजील की यात्रा के लिए अमेरिका कनाडा, ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को फिर से होगी वीजा की जरूरत

» साओ पाउलो, भाषा।

ब्राजील बृहस्पतिवार से अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों के लिए वीजा आवश्यकताओं को फिर से लागू करेगा। इस कदम से इन देशों के लोगों के लिए देश में छह साल बाद खुला प्रवेश समाप्त हो जाएगा। ब्रासीलिया स्थित अमेरिकी दूतावास ने सोमवार को कहा कि 10 अप्रैल के बाद यात्रा करने वाले अमेरिकी अब भी इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वीजा के लिए अनुरोध कर सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मित्र माने जाने वाले ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने देश के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2019 के एक आदेश में वीजा आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया था।



यह दक्षिण अमेरिकी देश की उस परंपरा के विरुद्ध था जिसमें पारस्परिकता और समान व्यवहार के सिद्धांत के आधार पर यात्रियों से वीजा मांगा जाता था। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने बोल्सोनारो को हराने के तुरंत बाद मार्च 2023 में अमेरिकियों, कनाडाई और आस्ट्रेलियाई लोगों के बिना वीजा प्रवेश पर रोक लगा दी थी। वामपंथी नेता ने कहा कि यह पारस्परिकता के सिद्धांत पर आधारित है, क्योंकि ब्राजील के लोगों को अभी भी इन देशों के लिए वीजा की जरूरत होती है। लूला के निर्णय को लागू होने से तीन बार स्थगित किया गया क्योंकि सरकार ने पारस्परिकता के आधार पर संबंधित देशों में ब्राजीलियाई लोगों के बिना वीजा प्रवेश के लिए बातचीत की, लेकिन सफलता नहीं मिली।ब्राजील की सीनेट ने इस साल की शुरुआत में तीनों देशों के लिए वीजा छूट को बनाए रखने के वास्ते एक विधेयक को मंजूरी दी थी, लेकिन पिछले हफ्ते ट्रंप द्वारा ब्राजील के सामान पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद निचले सदन में माहौल बदल गया। अध्यक्ष ह्यूगो मोट्टा के सहयोगियों ने कहा कि इस विधेयक पर जल्द ही अंतिम मतदान नहीं होगा। पिछले हफ़्ते ब्राज़ील की संसद ने एक पारस्परिकता विधेयक को तेज़ी से पारित कर दिया, ताकि देश की कार्यपालिका को ब्राज़ील के सामान पर अवरोध लगाने वाले देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की छूट मिल सके। इस विधेयक को लूला की ओर से अभी मंजूरी मिलनी बाकी है।

## फिलीपीन ज्वालामुखी से आसमान में राख का गुबार उठा, स्कूल बंद किए



» मनीला, भाषा।

फिलीपीन के एक मध्य द्वीप में मंगलवार को ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद उसकी राख चार किलोमीटर तक आसमान में फैल गई जिसके कारण चार गांवों में स्कूल बंद कराने पड़े। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलीपीन के ज्वालामुखी एवं भूकंप निगरानी संस्थान ने बताया कि नेग्रोस द्वीप में ज्वालामुखी माउंट कनलाओन में सुबह हुए विस्फोट में किसी के हताहत होने या किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

उसने बताया कि ज्वालामुखी के दक्षिण-पश्चिम में कम से कम चार गांवों तक इसकी राख फैल गई। नागरिक सुरक्षा कार्यालय ने बताया कि कनलाओन में आखिरी बार विस्फोट दिसंबर में हुआ था जिसके बाद हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा गया था और ज्वालामुखी में फिर से विस्फोट की आशंका को देखते हुए इनमें से कई लोग अब भी आश्रय स्थलों में रह रहे हैं।

## तीन सदस्यीय अमेरिकी-रूसी दल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना



**मॉस्को।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का एक तथा रूस के दो अंतरिक्ष यात्री एक रूसी अंतरिक्ष यान पर सवार होकर मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना हुए। सोयुज बूस्टर रॉकेट ने कजाकिस्तान स्थित बैकोनूर प्रक्षेपण केंद्र से तय समय पर उड़ान भरी, ताकि नासा के जॉनी किम और रूस के सर्गेई रिझिकोव एवं एलेक्सी जुब्रित्स्की को ले जाने वाले सोयुज एमएस-27 को कक्षा में स्थापित किया जा सके। ये तीनों यात्री अंतरिक्ष स्टेशन में करीब आठ महीने बिताएंगे। नासा ने कहा कि किम भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए चालक दल को तैयार करने और पृथ्वी पर लोगों को लाभ पहुंचाने में मददगार वैज्ञानिक अन्वेषण करेंगे एवं प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेंगे। लॉस एंजिलिस के मूल निवासी किम अमेरिकी नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर हैं। नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट, ऐनी मैकक्लेन एवं निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन, इवान वैगनर एवं किरिल पेसकोव पहले से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद हैं।

### महाभियोग शुरू किए जाने के कारण देश की राजनीति में उथल-पुथल पैदा हो गई थी

# दक्षिण कोरिया में नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव तीन जून को होंगे

» सियोल, भाषा।

दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक नेता हान डक-सू ने मंगलवार को घोषणा की कि यून सुक एओल को राष्ट्रपति पद से हटाए जाने के बाद इस पद के लिए चुनाव तीन जून को होंगे। यह घोषणा संवैधानिक न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति यून सुक एओल को दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के मामले में पद से हटाए जाने के कुछ दिनों बाद की गई है। तीन जून के चुनाव में मुख्य मुकाबला दो प्रमुख राजनीतिक दलों यून की पीपुल्स पावर पार्टी और इसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच देखने को मिल सकता है।



अब लोगों की नजर इस बात पर है कि क्या रूढ़िवादी फिर से एकजुट होकर संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार ली जे-म्यांग के खिलाफ मुकाबले के लिए एक मजबूत उम्मीदवार उतार सकते हैं। दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने मॉर्शल लॉ लागू करने के कारण देश के राष्ट्रपति यून सुक एओल को शुक्रवार को पद से हटाने का फैसला सुनाया था। न्यायालय के इस फैसले के बाद यून ने जनता की उम्मीदों पर खरा न उतर पाने के लिए उनसे माफी मांगी है। यून द्वारा मार्शल लॉ की घोषणा किए जाने और उसके बाद उन पर महाभियोग शुरू किए जाने के कारण देश की राजनीति में उथल-पुथल पैदा हो गई थी। लोग राष्ट्रपति के फैसले से सकते में थे और इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे। न्यायालय के कार्यवाहक प्रमुख मून ह्युंग-बे ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आठ सदस्ईय पीठ ने यून के खिलाफ महाभियोग को बरकरार रखा है क्योंकि मार्शल लॉ संबंधी उनके आदेश ने संविधान और अन्य कानूनों का गंभीर उल्लंघन किया। न्यायमूर्ति मून ने कहा, प्रतिवादी ने न केवल मार्शल लॉ की घोषणा की बल्कि विधाई अधिकार के इस्तेमाल में बाधा डालने के लिए सैन्य एवं पुलिस बलों को जुटाकर संविधान और कानूनों का भी उल्लंघन किया। इसके बाद, यून ने एक बयान में कहा कि उन्हें जनता की उम्मीदों पर खरा न उतर पाने का बहुत अफसोस है। उन्होंने कहा कि वह देश और उसके लोगों के लिए प्रार्थना करेंगे। यून ने कहा, कोरिया गणराज्य के लिए काम कर पाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही है।

## उत्तर कोरिया के सैनिकों के सीमा पार करने के बाद चेतावनी के तौर पर गोलियां चलायीः दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने मंगलवार को उत्तर कोरिया के सैनिकों के सीमा पार करने के बाद चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने एक बयान में कहा कि दक्षिण कोरिया द्वारा चेतावनी देने और गोलियां चलाने के बाद उत्तर कोरिया के लगभग 10 सैनिक अपनी सीमा में वापस लौट गए। इसमें कहा गया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों ने स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे सीमा के पूर्वी भाग में सैन्य सीमांकन रेखा का उल्लंघन किया। इसमें कहा गया कि दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरियाई की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रहा है। कोरियाई देशों की भारी सुरक्षा वाली सीमा पर कभी-कभी हिंसक टकराव की घटनाएं होती रहती हैं। उत्तर कोरिया के सैनिकों द्वारा मंगलवार को सीमा पार करने का उद्देश्य तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# विलुप्त प्रजाति के डायर वुल्फ जैसे हैं अमेरिका में आनुवंशिक रूप से रूपांतरित भेड़िए : वैज्ञानिक

» वाशिंगटन, भाषा।

विलुप्त हो चुके डायर वुल्फ से मिलते-जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िए अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। कोलोसल बायोसाइंसेज के शोधकर्ताओं ने सोमवार को बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। डायर वुल्फ 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे। स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में डायर वुल्फ उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें।

लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे।



वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके डायर वुल्फ के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया। शोधकर्ताओं ने ओहियो में खुदाई से मिले डायर वुल्फ के 13,000 साल पुराने दांत और इदाहो में मिले उसकी खोपड़ी के 72,000 साल पुराने टुकड़े का अध्ययन किया, जो प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय में रखे हैं। कोलोसल की मुख्य वैज्ञानिक बेथ शापिरो ने बताया कि इसके बाद वैज्ञानिकों ने एक जीवित ग्रे वुल्फ की रक्त कोशिकाएं लीं और उन्हें 20 अलग-अलग जगहों पर आनुवंशिक रूप से रूपांतरित करने के लिए सीआरआईएसपीआर का इस्तेमाल किया।